हिन्दी दैनिक
# प्रत्यूष नवबिहार
जोहार
रांची संस्करण
www.tezraftarlive.com
Email-navbiharjh@gmail.com
रांची, पटना और दिल्ली से प्रकाशित
रांची • मंगलवार • 25.02.2025 • वर्ष : 15 • अंक : 214 • पृष्ठ : 12 • आमंत्रण मूल्य : ~~3 रुपये~~ 2 रुपये


## एनडीए किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को बिहार के भागलपुर में पीएम किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त जारी करते हुए कहा कि देश के गरीब, किसान, नौजवान और नारी शक्ति विकसित भारत के चार मजबूत स्तंभ हैं। एनडीए सरकार चाहे केंद्र में हो या फिर प्रदेश में किसान कल्याण हमारी प्राथमिकता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि महाकुम्भ के समय में मंदराचल की इस धरती पर आना बड़ा सौभाग्य है। इस धरती में आस्था, विरासत और विकसित भारत का

> महाकुम्भ को बदनाम कर रहे हैं जंगलराज वाले, बिहार इन्हें माफ नहीं करेगा

सामर्थ्य है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार भारत की गौरवशाली विरासत के संरक्षण और वैभवशाली भविष्य के निर्माण के लिए एक साथ काम कर रही है लेकिन जंगलराज वाले इन्हें हमारी धरोहर और आस्था से नफरत है। इस समय प्रयागराज में एकता का महाकुंभ चल रहा है। ये भारत की



आस्था, एकता और समरसता का सबसे बड़ा महोत्सव है। पूरे यूरोप की जितनी जनसंख्या है, उससे भी अधिक लोग इस एकता के महाकुंभ में स्नान कर चुके हैं, लेकिन ये जंगलराज वाले महाकुंभ को गाली दे रहे हैं। राम मंदिर से चिढ़ने वाले लोग महाकुंभ को भी कोसने का कोई मौका नहीं छोड़ रहे हैं। महाकुंभ को गाली देने वाले लोगों को बिहार कभी माफ नहीं करेगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज पीएम किसान निधि की एक और किस्त देश के करोड़ों किसानों को भेजने का सौभाग्य मिला है। करीब 22 हजार करोड़ रुपये एक क्लिक पर देशभर के किसानों के खातों में पहुंचे हैं। पीएम किसान सम्मान निधि में बिहार के 75 लाख से अधिक किसान परिवार भी शामिल हैं और उनके खातों में 1600 करोड़ रुपये पहुंच चुके हैं। प्रधानमंत्री ने लालू यादव के मुख्यमंत्रित्व काल में हुए चारा घोटाले का जिक्र कर पिछली सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि किसान को खेती के लिए अच्छे बीज, पर्याप्त और सस्ती खाद, सिंचाई की सुविधा, पशुओं का बीमारी से बचाव और आपदा के समय नुकसान से सुरक्षा चाहिए। पहले इन सभी पहलुओं को लेकर किसान संकट से घिरा रहता था। जो लोग पशुओं का चारा खा सकते हैं वो इन स्थितियों को कभी भी नहीं बदल सकते हैं। एनडीए सरकार ने इन स्थितियों को बदला है। उन्होंने कहा कि पहले किसानों को यूरिया के लिए लाठियां खानी पड़ती थीं, यूरिया की कालाबाजारी होती थी। आज किसानों को पर्याप्त खाद मिलती है। कोरोना संकट के दौरान भी हमने किसानों को खाद की कमी नहीं होने दी। अगर एनडीए सरकार नहीं होती तो क्या होता। अगर एनडीए सरकार नहीं होती तो आज भी किसानों को खाद के लिए लाठियां खानी पड़तीं। अगर एनडीए सरकार नहीं होती तो आज किसानों को यूरिया का एक बैग 3,000 रुपये में मिल रहा होता। पहले की सरकारें बाढ़, सूखा और ओले के स्थिति में किसानों को उनकी हाल पर छोड़ देती थीं।

## एक नजर

### पीएम मोदी का बिहार के विकास में मिल रहा सहयोग : नीतीश

**पटना/भागलपुर :** बिहार के भागलपुर में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 9.80 करोड़ किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19वीं किस्त के रूप में कुल 22 हजार करोड़ हस्तांतरित किए। इसमें बिहार के 76 लाख किसान शामिल हैं। जिनके खाते में भी 1600 करोड़ रुपये भेजे गये हैं। इस मौके पर बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में देश का विकास हो रहा है, वहीं बिहार के विकास में भी सहयोग मिल रहा है। बजट में बिहार में मखाना बोर्ड, ग्रीनफिल्ड एयरपोर्ट की स्थापना, पश्चिमी कोसी नगर के लिए वित्तीय सहायता, प्रसंस्करण संस्थान की स्थापना का ऐलान किया गया है।

### कांग्रेस ने उठाया असम में लचर कानून-व्यवस्था का मुद्दा

**नई दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के असम दौरे के मद्देनजर कांग्रेस ने आज केंद्र और असम सरकार पर गंभीर आरोप लगाए। पार्टी ने कहा कि असम में कानून-व्यवस्था चौपट हो चुकी है। असामाजिक तत्वों का मनोबल इस कदर बढ़ गया है कि वे सांसद पर भी दिनदहाड़े हमला कर रहे हैं। कांग्रेस मुख्यालय में आज एक संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में पार्टी महासचिव एवं असम के प्रभारी जितेंद्र सिंह, लोकसभा में उपनेता गौरव गोगोई, असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा, असम विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष देबब्रत सैकिया, सांसद रकीबुल हुसैन और प्रद्युत बोरदोलोई तथा एआईसीसी मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा ने राज्य भाजपा सरकार की तीखी आलोचना की। इन नेताओं ने आरोप लगाया कि असम में सत्तारूढ़ भाजपा की शह पर हमारे नेताओं को डराया-धमकाया जा रहा है। कांग्रेस नेताओं ने कहा कि चार दिन पहले हमारे सांसद रकीबुल हुसैन पर कुछ गुंडों ने दिनदहाड़े एक व्यस्ततम बाजार में हमला किया। इतना ही नहीं, हमलावरों ने पुलिस सुरक्षाकर्मियों के हथियार छीनने की कोशिश भी की। इससे पहले पीसीसी अध्यक्ष भूपेन बोरा पर भी दिनदहाड़े हमला किया गया था। उन्होंने इन हमलों को राज्य की भाजपा सरकार की विफलता करार दिया।


### नेपाल में अवैध रूप से रह रहे सात बांग्लादेशी गिरफ्तार

**काठमांडू :** नेपाल पुलिस ने काठमांडू के विभिन्न इलाकों में अवैध रूप से रह रहे बांग्लादेश के सात नागरिकों को रविवार की देर शाम गिरफ्तार किया है। यह लोग वीजा की अवधि समाप्ति या अवैध रूप से नेपाल में घुस कर रह रहे थे। काठमांडू जिले के क्राइम ब्रांच के एसएसपी रमेश बस्नेत ने सोमवार को बताया कि चोरी छिपे काठमांडू के विभिन्न इलाकों में बांग्लादेशी नागरिकों के अवैध रूप से रहने और संदिग्ध गतिविधियों में शामिल होने की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस ने विभिन्न इलाकों से बांग्लादेश के सात नागरिकों को गिरफ्तार किया। एसएसपी बस्नेत ने बताया कि गिरफ्तार बांग्लादेश के तीन नागरिकों के वीजा की अवधि को समाप्त हुए एक साल हो गया जबकि चार के पासपोर्ट पर वीजा ही नहीं है।

## मंईयां और अबुआ आवास योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था हुई गतिशील : राज्यपाल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** छठे विधानसभा के बजट सत्र के पहले दिन सोमवार को राज्यपाल संतोष गंगवार का अभिभाषण हुआ। राज्यपाल ने राज्य सरकार के अब तक किए गए कार्यों की सराहना की। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने विकसित झारखंड की यात्रा को शुरू कर दिया है। उन्होंने कहा कि सरकार की इस यात्रा में मंईयां सम्मान योजना और अबुआ आवास योजना से राज्य की ग्रामीण अर्थव्यवस्था गतिशिल हुई है। राज्यपाल ने कहा कि एक जिला एक उत्पाद पहल को बढ़ावा देने के लिए 163 करोड रुपए से रांची के कोर कैपिटल



एरिया, धुर्वा में यूनिटी मॉल बनाया जा रहा है। धुर्वा में ही 3.45 एकड़ भूमि पर झारखंड वर्ल्ड ट्रेड सेंटर भी बनाया जा रहा है। इससे राज्य में निर्यात से संबंधित जरूरी आधारभूत संरचनाओं का विकास, निर्यात की प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। इस योजना की लागत राशि में से 47 करोड़ रुपए राज्य सरकार वहन कर रही है। राज्यपाल ने कहा कि बेरोजगार युवाओं के लिए इस वित्त वर्ष में 81 भर्ती कैंपों और 63 रोजगार मेलों का आयोजन कर 8499 युवाओं का चयन किया गया है। साथ ही स्किल कॉन्कलेव का आयोजन कर 21861 प्रशिक्षण लेनेवालों को रोजगार ऑफर किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधवा पुनर्विवाह योजना शुरू की है, जिसके तहत विधवा महिलाओं को पुनर्विवाह पर दो लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। राज्यपाल ने कहा कि भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए सरकार ने भ्रष्टाचार के आरोपों में 59 कांड दर्ज किए हैं। इसमें कुल 56 लोक सेवकों को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा कि राज्य में अपराधमुक्त वातावरण का सृजन करते हुए कानून का राज स्थापित किया गया है और इसे बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में योजनापूर्ण तरीके से चलाए गए नक्सली अभियानों में वर्ष 2024 में 248 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि 24 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया और नौ नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया गया है। वहीं 154 संगठित गिरोह के अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। राज्यपाल ने कहा कि छात्रों को आर्थिक सशक्तिकरण करने के लिए प्री मैट्रिक छात्रवृत्ति की राशि को बढ़ाकार क्रमश : 500 को बढ़ाकर 1500 और 2250 को बढ़ाकर 4500 रुपए कर दिया गया है।

## विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्र नाथ महतो से मिले मुख्यमंत्री




प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची :** झारखंड विधानसभा का बजट सत्र शुरू हो गया है। सत्र प्रारंभ होने से पहले विधानसभा स्थित स्पीकर कक्ष में विधानसभा अध्यक्ष रबीन्द्रनाथ महतो से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मुलाकात की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने विधानसभा अध्यक्ष को पुष्प भेंट किया। दूसरी ओर विधानसभा में मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन का स्वागत एवं अभिवादन संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर, मुख्य सचिव अलका तिवारी, प्रधान सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय एवं समन्वय विभाग वंदना दादेल, प्रभारी सचिव झारखंड विधान सभा माणिक लाल हेंब्रम ने किया।

## शादी से लौट रही पांच बच्चियों का अपहरण, तीन के साथ सामूहिक दुष्कर्म

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**खूंटी :** झारखंड के खूंटी जिले के रनिया थाना क्षेत्र में एक शर्मनाक वारदात हुई। शुक्रवार रात खूंटी से एक शादी समारोह से लौट रही पांच बच्चियों को 10-12 युवकों ने अगवा कर लिया और उनमें से तीन के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया।



**क्या है पूरा मामला**

पीड़िताओं ने पुलिस को बताया कि 21 फरवरी की रात पांचों सहेलियां एक शादी समारोह से घर लौट रही थीं। उसी दौरान 10-12 लड़के पीछा करते हुए उनके पास आए और छेड़छाड़ करते हुए जंगलनुमा पहाड़ी की ओर ले जाने लगे। इनमें से एक बच्ची एक दरिंदे के हाथ को दांत से काट भाग निकली। हैवान बाकी चारों लड़कियों को साथ ले गए।

**दांत काटकर बचाई जान**

एक बच्ची ने एक दरिंदे के हाथ को दांत से काटकर भाग निकली, लेकिन बाकी चारों लड़कियों को युवकों ने साथ ले गए। पुलिस को दिए बयान में 10 साल की एक पीड़िता ने बताया कि उसके साथ तीन दरिंदों ने दुष्कर्म किया।

**जांच कर रही पुलिस**

पुलिस ने 10-12 लड़कों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। अपर पुलिस अधीक्षक क्रिस्टोफर केरकेट्टा ने कहा कि 'रविवार को पुलिस को मामले की जानकारी दी गई। पीड़िताओं का बयान लेने के बाद पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। 10-12 लड़कों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। सभी आरोपी जल्द पकड़ लिए जाएंगे।

## पटना में ट्रक और ऑटो की टक्कर में सात की मौत

एजेंसी

**पटना :** बिहार की राजधानी पटना में हुए सड़क हादसे से कोहराम मच गया। पटना जिले में रविवार देररात ट्रक और ऑटो की टक्कर में सात लोगों की जान चली गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस के अनुसार, ऑटो पटना के मसौढ़ी से नौबतपुर की तरफ जा रहा था। रास्त में उसकी ट्रक से भिड़ंत हो गई। ऑटो में 10 मजदूर सवार थे। दुर्घटना में जान गंवाने वाले ऑटो सवार मजदूरों के शव अस्पताल भेज दिए गए हैं। हादसे की छानबीन की जा रही है। गमजदा परिजनों का कहना है कि सभी लोग खराट गांव जा रहे थे। ये लोग रोजाना मजदूरी के लिए पटना जाते थे और रात को लौटते थे। मृतकों में चार लोग डोरीपर गांव, दो बेगमचक के




रहने वाले थे। ड्राइवर हांसडीह गांव निवासी था। मृतकों की पहचान हासाडीह निवासी 30 वर्षीय सुशील राम पिता स्वर्गीय शत्रुघन राम (ऑटो ड्राइवर), डोरीपर निवासी 40 वर्षीय मेश बिंद पिता शिवनाथ बिन्द, 40 वर्षीय विनय बिन्द पिता स्वर्गीय संतोषी बिन्द, 30 वर्षीय मतेंद्र बिन्द पिता भुलेटन बिन्द, 40 वर्षीय उमेश बिन्द पिता सोमर बिन्द, 30 वर्षीय उमेश बिन्द पिता मछरू बिन्द और बेगमचक निवासी 20 वर्षीय सूरज ठाकुर पिता अर्जुन ठाकुर के रूप में हुई है। आठवां शख्स ट्रक के नीचे गड्ढे के पानी में फंसा हुआ है। उसको निकालने की कोशिश जारी है। हादसे की सूचना मिलते ही मसौढ़ी की विधायक रेखा देवी मौके पर पहुंचीं। उन्होंने दुख जताते हुए सरकार से आश्रितों को 10-10 लाख रुपये मुआवजा देने की मांग की है। मसौढ़ी पुलिस ने बताया कि मसौढ़ी थानांतर्गत स्थित नूरा पुल के पास एक ट्रक और एक ऑटो के बीच टक्कर होने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-01 मसौढ़ी द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण किया गया।

## युवा पीढ़ी के कंधों पर जम्मू-कश्मीर में शांति बरकरार रखने का जिम्मा : अमित शाह

एजेंसी

**नई दिल्ली :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने सोमवार को नई दिल्ली में वतन को जानो कार्यक्रम के तहत जम्मू-कश्मीर के युवाओं से बातचीत की। उन्होंने इस दौरान विकास के लिए शांति को आवश्यक बताया और कहा कि जम्मू-कश्मीर में शांति को स्थायी बनाने का जिम्मा युवा पीढ़ी के कंधों पर है। वतन को जानो कार्यक्रम के तहत जम्मू-कश्मीर से आए 200 स्कूली विद्यार्थियों से संवाद के दौरान अमित शाह ने कहा कि विकास तभी आ सकता है जब शांति होती है। इसलिए युवाओं की जिम्मेदारी है कि आप




जम्मू-कश्मीर लौटने पर अपने माता-पिता और मोहल्ले के लोगों को समझाएं कि पूरा देश शांति से जी रहा है और हमें भी शांति से जीना होगा। उन्होंने बच्चों से कहा कि जम्मू-कश्मीर के साथ पूरा देश आपका है, इस भाव के साथ वापस जाएं। अमन और शांति ही सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने जम्मू-कश्मीर के बच्चों को शांति का असल वाहक बताते हुए कहा कि कोई सरकार वहां शांति नहीं रख सकती है। उन्होंने कहा कि यदि जम्मू-कश्मीर का प्रत्येक बच्चा अपने माता-पिता और मोहल्ले वालों का यह समझा दे कि पूरा देश हमारा है। सबके साथ अमन और शांति के साथ रहना है। यहां से दहशतगर्दी को निकालना है तो पुलिस और सेना की जरूरत नहीं पड़ेगी। उन्होंने कहा कि अब वह दिन दूर नहीं है, जब जम्मू-कश्मीर के किसी युवा के हाथ में हथियार नहीं होगा। ऐसा होने पर हथियार वाली सेना की भी जरूरत नहीं पड़ेगी। हर जगह सेना बॉर्डर पर होती है आपके यहां से भी सेना बॉर्डर पर चली जाएगी। उन्होंने कहा कि आतंकवाद और दहशतगर्दी से किसी का फायदा नहीं है। हजारों लोग पिछले 30 साल में 38 हजार लोग कश्मीर में लोग मारे गए हैं। अब नागरिकों की मृत्यु में 80 प्रतिशत की कमी आई है। हालांकि उन्होंने इस आंकड़े को शत प्रतिशत करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि आतंकवादी घटनाओं में जम्मू-कश्मीर का एक भी युवा मरना नहीं चाहिए। शाह ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के बच्चे यहां वतन को जानो में भाग लेने के लिए एकत्र हुए हैं। यह कार्यक्रम इसलिए आयोजित किया गया है क्योंकि अन्य चीजों के बारे में जानना भी महत्वपूर्ण है। अगर हम अपने कमरे से बाहर नहीं सोचेंगे, तो हमें पता ही नहीं चलेगा कि बाहर क्या हो रहा है।


## पंजाब के आंदोलनकारी किसानों ने दिल्ली कूच का फैसला लिया वापस

एजेंसी

**चंडीगढ़ :** पंजाब के शंभू व खनौरी बॉर्डर पर आंदोलन कर रहे किसानों ने मंगलवार को होने वाले दिल्ली कूच का ऐलान फिलहाल वापस ले लिया है। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने सोमवार को अमृतसर में राज्य सरकार को चेतावनी दी है कि किसानों की जमीनों पर जबरदस्ती कब्जे न करें। उन्हें उचित मुआवजा दें। अभी हमारा ध्यान केंद्र की तरफ है। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि अगर किसी भी जिले में जबरदस्ती जमीन अधिग्रहित की गई तो पंजाब सरकार की नाक में दम कर देंगे। सरवन सिंह पंधेर ने सरकार से सोमवार को शुरू हुए सत्र को लंबा करने की मांग भी रखी। उन्होंने कहा कि विदेश से लौटे युवाओं को गलत तरीकों से बाहर भेजने वाले एजेंटों के खिलाफ, नशे के खिलाफ और पंजाब के अन्य मुद्दों को लेकर चर्चा की जाए। इसके साथ ही सीएम भगवंत मान के समक्ष मांग रखी कि उनकी 12 मांगों को लेकर सत्र में पास करके केंद्र को भेजा जाए। इस दौरान मंडी प्राइवेटाइजेशन को लेकर केंद्र में पास किये गए बिल के खिलाफ भी मत पास कर केंद्र को भेजकर मंडियों को प्राइवेट हाथों में जाने से रोका जाए।

## एक नजर

### छात्र कल्याण संकाय अध्यक्ष से मिला छात्र मोर्चा, यूसेट की समस्या पर हुई चर्चा



**हजारीबाग** : झारखंड छात्र मोर्चा का प्रतिनिधि मंडल यूसेट में व्याप्त समस्याओं को लेकर डी.एस.डब्लू से मुलाकात की। प्रतिनिधि मंडल ने यूसेट में कई विषयों के शिक्षक नहीं होने,विषयों में मशीनों का कार्य ना करना,भवनों की जर्जर स्थिति, छात्र, छात्राओं के लिए छात्रावास की सुविधा, कक्षाएं और प्रयोगसाला सुचारू रूप से संचालित हो, खेलकूद और सांस्कृतिक कार्यक्रम नियमित हों,समय पर परीक्षाएं आयोजित हों,प्लेसमेंट सेल आयोजित होने और समय पर कौसन मानी वापस करने जैसी समस्याओं पर चर्चा की। सभी समस्याओं को सुनने के बाद डी.एस.डब्लू ने यूसेट के प्राचार्य और विश्वविद्यालय के पदाधिकारियों से वार्ता कर तत्काल मामले पर कार्रवाई करने की बात कही। मौके पर मौजूद लड्डू यादव ने कहा कि अगर पंद्रह दिनों के भीतर इन सारे मामलों कारवाई नहीं की गई तो आंदोलन की रूप रेखा तैयार की जाएगी और इसकी सारी जवाबदेही विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी।

### कांग्रेस के नवनियुक्त प्रभारी के राजू ने चुनावों के परिणाम को लेकर की समीक्षा बैठक

**हजारीबाग** : विधानसभा और लोकसभा चुनाव समाप्त हो गया। कांग्रेस पार्टी चुनाव परिणामों को लेकर जिला वार समीक्षा कर रही है। इसी क्रम में झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रभारी के राजू हजारीबाग पहुंचे। उन्होंने चार जिला हजारीबाग, कोडरमा, रामगढ़ और चतरा के जिला अध्यक्ष प्रखंड अध्यक्ष और मंडल अध्यक्ष के साथ मैराथन बैठक किया है। इस दौरान चुनाव में कार्यकताओं की धोखा बाजी से लेकर कई अहम मुद्दों पर चर्चा की गई। साथ ही साथ आगे संगठन कैसे मजबूत हो इसे लेकर भी रूपरेखा तय की गई । कांग्रेस के मैराथन बैठक में यह बात छनकर आई की विधानसभा चुनाव में पार्टी के कई कार्यकर्ता और नेता ने उम्मीदवार को मदद नहीं किया। बल्कि दूसरे पार्टी के लिए काम किया है। इसे लेकर अब झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रभारी के राजू ने विश्वास दिलाया है कि वैसे लोगों की जांच की जाएगी। उसके खिलाफ पार्टी कार्रवाई भी करेगी ताकि आने वाले दिनों में इस तरह की घटना फिर से ना हो। बताते चलें कि बैठक में कार्यकताओं ने यह बात भी कहा कि कार्यकर्ता को उचित सम्मान नहीं मिल रहा है प्रशासन उन्हें तबज्जू नहीं दे रही है। इस पर उन्होंने कहा कि 20 सूत्री को अच्छी तरह से काम करना होगा।

### के राजू के झारखंड आने से संगठन को मिलेगी नई ऊर्जा और दिशा : मुन्ना सिंह

**हजारीबाग** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू के हजारीबाग आगमन पर सोमवार को वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यकताओं ने भव्य स्वागत किया। परिसदन भवन में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया और जोशीले नारों के साथ स्वागत किया। स्वागत समारोह में वरिष्ठ नेता मुन्ना सिंह ने कहा कि झारखंड कांग्रेस प्रभारी के दौरे से पार्टी संगठन को नई ऊर्जा और दिशा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि इससे कांग्रेस कार्यकताओं में जोश बढ़ेगा और संगठन को मजबूती मिलेगी। इसके बाद कांग्रेस प्रभारी राजू ने कुंभ स्नान और अयोध्या दर्शन से लौटते समय दुर्घटना में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों से मुलाकात की।

# जीवन सफल बनाने के लिए बच्चें पुस्तकों से प्रेम करें : डीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : सिमडेगा के नगर भवन में सरकार के निर्देश पर सिमडेगा, शिक्षा विभाग के द्वारा पुस्तक मेला का आयोजन किया गया। इस पुस्तक मेला में राज्य के जाने-माने साहित्यकार सहित 25 से अधिक प्रकाशक अपनी हजारों किताबें को लेकर आए। पुस्तक मेला का उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह सहित अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर उदघाटन किया। इस दौरान सिमडेगा उपायुक्त ने उपस्थित साहित्यकार एवं बच्चों को पुस्तक के इतिहास और महत्व को बताते हुए आज के इस डिजिटल युग में जीवन को सफल और संपूर्ण बनाने के लिए पुस्तकों से प्रेम करने की बात कहीं। उन्होंने कहा कि सभ्य समाज में जो मनुष्य को किताबों का ज्ञान है वे पावरफुल स्कील वाले हैं ,उनको पढ़ना आता है। पढ़ने की जो हैबिट है, उससे हम नॉलेज को गेन करते हैं, पाते हैं, ग्रो करते हैं। हमारा मानसिक और औपचारिक दोनों का विकास होता है, और फिर हम अपने समाज से और ऊंचाइयों से राज्य में, देश में, विदेश में अपने आप को कनेक्ट कर पाते हैं। तो लर्निंग, ग्रोइंग और कनेक्टिविटी ये तीन चीजों के लिए पढ़ना बहुत आवश्यक है कम्युनिकेशन का स्कील राइटिंग का स्कील तब तक नहीं विकसित हो पाएगा। जब तक हम पढ़ेंगे नहीं, और जितना आवश्यक कोर्स और एक्स्ट्रा जो साहित्य उपलब्ध है उसमें लत रहने की आवश्यकता विद्यार्थियों की है, उतना ही आवश्यक समाज के प्रत्येक व्यक्ति में जो पढ़ना लिखना जानता है उसकी पढ़ाई से जुड़े रहना। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बड़ा आवश्यक है। क्योंकि तभी व्यक्तियों में क्रिटिकल थिंकिंग की भावना रह पाएगी। उसमें एंपैथी भावना अपने समाज अपने मित्र में मित्र बंधु बांधव के बीच एंपैथी की भावना है, वह तभी हो पाएगी जब वह पढेगा। उन्होंने कहा किताब पढ़ने की आदत आपके अंदर के शब्दों का भंडार बनाएगी, जो जीवन के हर मोड पर आपका साथ देगी। पुस्तक मेला एक प्रयास है आज के युवाओं और बच्चों को पुस्तकों से जोड़ने का और ऐसे कार्यक्रम की सफलता तभी मिलेगी जब लोगों का झुकाव पुस्तक की ओर होगा। अंत में उन्होंने पुस्तक स्टॉल का भ्रमण किया। इसके पश्चात मीडिया से बात करते हुए पुस्तक मेला के आयोजन को इस क्षेत्र की एक जरूरत बताते हुए कहा कि आज के डिजिटल युग के बच्चों का फिजिकल बुक से दुराव हो गया है, साथ हीं वे ई बुक से भी नहीं जुड़ पाए हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजन से बच्चे पुस्तकों से जुड़ेंगे तो निश्चित तौर पर आने वाले समय में एक बदलाव सामने दिखेगा। इसके बाद अतिथि के रूप में आए साहित्यकारों में मुख्य रूप से डॉ. शंकुंतला मिश्रा, वंदना टेटे ने साहित्यगोष्ठी में आधुनिक डिजिटल युग में किताब सही और सच्चा साथी विषय पर चर्चा करते हुए जीवन में किताबों के जरूरत को समझाया। साहित्यकारों के द्वारा बताया गया कि किस तरह युवा पीढ़ी पुस्तकों से दूर होती जा रही है। लेकिन युवा पीढ़ी को सफलता हासिल करनी है तो उन्हें पुस्तकों की ओर लौटना होगा।



## कलश यात्रा में उमड़ी आस्था का जनसैलाब



प्रत्युष नवबिहार बड़कागांव

**चौपारण** : अखिल भारतीय भुइयां समाज कल्याण समिति चौपारण द्वारा आयोजित श्री श्री 108 श्री रुद्र चंडी एवं माता शबरी के तृतीय वर्षगांठ महोत्सव का शुभारंभ हुआ। 3100 कलश के साथ निकले कलश यात्रा को बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने मुख्य पुजारी के माथे पर कलश देकर शुभारंभ किया। जोकट स्थित शबरी माता मंदिर से शुरू हुई यह यात्रा सात किलोमीटर पैदल चलकर ताजपुर के पुराना शिबाला स्थित छठ घाट पहुंची। यज्ञ आचार्य ने विधि-विधान एवं मंत्रोच्चारण कर जल भरनी का कार्य सम्पन्न कराया। प्रभु श्रीराम व माता शबरी के जयकारों से पूरा चौपारण गूंज उठा। इससे पूर्व आयोजन समिति सह प्रखंड कमेटी चौपारण के अध्यक्ष आजाद भुइयां, उपाध्यक्ष बिरेंद्र भुइयां, सचिव दिगंबर भुइयां, उपसचिव रामप्रसाद भुइयां, कोषाध्यक्ष संतोष भुइयां, उप कोषाध्यक्ष कैलाश भुइयां, समन्वयक काशी भुइयां ने अतिथियों को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। विधायक ने कहा कि पूरा चौपारण क्षेत्र भक्ति में डूबा है और श्रद्धालुओं में माता शबरी के प्रति उत्साह का माहौल है। कलश यात्रा में प्रमुख प्रतिनिधि उदय राणा, मुखिया संघ अध्यक्ष बिरेन्द्र रजक, पूर्व अध्यक्ष राजदेव यादव, भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, पडरिया मुखिया पप्पू रजक, भाजपा नेता रामस्वरूप पासवान, विकास यादव, रामचंद्र सिंह, सुमन सिंह, आदित्य चौरसिया, केशरी नायक, समाजसेवी मंजीत यादव, आकाश भुइयां, अबोध भुइयां सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## झारखंड प्रभारी के राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का हुआ स्वागत

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के राजू और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश का हजारीबाग आगमन पर भव्य स्वागत किया गया। इस स्वागत समारोह का आयोजन झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा के नेतृत्व में किया गया, जहां उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकताओं ने बड़े उत्साह के साथ दोनों वरिष्ठ नेताओं का अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने कांग्रेस पार्टी की विचारधारा और ओबीसी समुदाय के राजनीतिक भागीदारी को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी का सपना है कि जिसकी जितनी संख्या भारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी। इस सिद्धांत के आधार पर ओबीसी समुदाय को उचित राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिया जाए। महासचिव विनोद कुशवाहा ने झारखंड प्रभारी के राजू के साथ बातचीत का जिक्र करते हुए कहा कि पार्टी में ओबीसी समुदाय की भागीदारी को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि के राजू ने उन्हें भरोसा दिलाया है कि झारखंड कांग्रेस में ओबीसी समुदाय, विशेष रूप से कुशवाहा जाति के लोगों को अधिक से अधिक राजनीतिक अवसर दिए जाएंगे। उन्होंने आगे कहा कि झारखंड प्रभारी के राजू ने जो आश्वासन दिया है, उसे मैं पूरी तरह से धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध हूं। ओबीसी समुदाय और कुशवाहा समाज की भागीदारी को और मजबूत करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य नेताओं और कार्यकताओं ने भी कांग्रेस संगठन को मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया। प्रदेश महासचिव विनोद कुशवाहा ने कहा कि झारखंड में कांग्रेस को जमीनी स्तर पर मजबूती देने के लिए सभी समुदायों को साथ लेकर चलना जरूरी है।



## सत्यव्रत ठाकुर को मिला झारखंड सेवा सम्मान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**सिमडेगा** : खूंटी स्थित एसएस गर्ल्स स्कूल के सभागार में आयोजित झारखंड की सामाजिक संस्था अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ रांची के 30 वीं वर्षगांठ के मौके पर सांस्कृतिक महोत्सव सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विभूतियों को सम्मानित किया गया। इस दौरान सिमडेगा जिले के सांस्कृतिक कर्मी चक्रीय विकास संस्थान के संयोजक सह छोटानागपुरी लोक संगीत नृत्य प्रशिक्षण केंद्र के निदेशक सत्यव्रत ठाकुर को कला - संस्कृति एवं भाषा संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए झारखण्ड सेवा सम्मान से सम्मनित किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में खूंटी विधायक राम सूर्या मुंडा, रैन हॉस्पिटल के डॉ रमन, 94 बटालियन के उप कमाडेंट अंजन कुमार मंडल, स्टेट बैंक खूंटी के मैनेजर प्रशांत कुमार सिन्हा, यूनियन बैंक के मैनेजर अनंत कुमार, आसुतोष भगत, अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ के अध्यक्ष तपन कुमार घोष, महासचिव मार्शल बारला, तुलसी प्रजापति, जितेंद्र पांडे सहित गणमान्य लोग उपस्थित थे। सत्यव्रत ठाकुर ने कहा अखिल भारतीय सांस्कृतिक विकास महासंघ रांची के द्वारा मिले सम्मान से उन्हें नयी ऊर्जा मिलेगी और वह बेहतर कार्य कर पाएंगे। यहां बता दें कि इससे पूर्व सत्यव्रत ठाकुर को झारखण्ड रत्न विशिष्ट सेवा सम्मान बिरसा मुंडा स्मृति अवार्ड रामदयाल मुंडा प्रतिभा सम्मान सहित सम्मान मिल चुके हैं। सत्यव्रत ठाकुर को झारखण्ड सेवा सम्मान से सम्मानि होने पर झारखंडी भाषा संस्कृति रक्षा मंच के संरक्षक सोहन बड़ाईक, साधु मलुआ, श्यामसुंदर मिश्रा, अध्यक्ष संजय मिश्रा सहित अन्य ने सत्यव्रत ठाकुर को बधाई दी है।

## एसबीयू को मिला प्रथम पुरस्कार



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**अनगड़ा** : अरका जैन विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम 'फामार्टेक 1.0' में सरला बिरला विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, शशांक कुमार गुप्ता और गगनदीप सिंह ने पोस्टर प्रेजेंटेशन प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से प्रथम स्थान हासिल किया है। कार्यक्रम में फामेर्सी काउंसिल ऑफ इंडिया के अध्यक्ष डॉ. मोंटूभाई पटेल ने एसबीयू के फामेर्सी विभाग के डीन इंचार्ज डॉ. शुभ्रजीत मंत्री को सम्मानित भी किया। इस अवसर पर विवि के फामेर्सी विभाग के शिक्षक पवन कुमार महतो और छात्र विशाल, अनिकेत, विजय और राहुल भी उपस्थित रहे। सरला बिरला विश्वविद्यालय के प्रतिकुलाधिपति माननीय श्री बिजय कुमार दलान, माननीय महानिदेशक प्रो. गोपाल पाठक, माननीय राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा और माननीय कुलपति प्रो. सी जगनाथन ने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त किया और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

# नौसेना में सीमा सुरक्षा में लगे जवान और मुखिया ने प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**हजारीबाग** : कटकमदाग प्रखंड के शोभा ज्ञान पब्लिक स्कूल सुल्ताना में हस्तशिल्प कला विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया. विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन सुल्ताना के मुखिया अख्तर नूरी, नौसेना में सेवा दे रहे मोहम्मद जफर ने संयुक्त रूप से फिता काट कर किया उनके साथ वार्ड सदस्य अख्तर आलम, समाजसेवी सुनील पांडे उप मुखिया अनिल कुमार भी उपस्थित रहे। विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने, सड़क सुरक्षा, सोलर सिस्टम, पवन चक्की के जरिए विद्युत, ट्रैफिक सिग्नल, नेचुरल रिसोर्सेस, ग्रीन हाउस, आधुनिक सिंचाई पद्धति, भूकंप मापन अलार्म, जल संरक्षण, भूकंप सुरक्षा अलर्ट, सुरक्षा अलार्म, 3ऊ सिस्टम, सेंसर के जरिए कैसे बचाएं छात्रों का जीवन, वर्षा जल संचयन, आधुनिक यातायात प्रणाली, आधुनिक सिंचाई पद्धति, समेत कई अन्य मॉडल बनाया गया। कक्षा तीन से लेकर आठवीं तक के बच्चों के बनाए गए हस्तकला पेंसिल ड्राइंग आकर्षण का केंद्र बिंदु रहा। लगभग 100 से अधिक पेंटिंग प्रदर्शनी में लगाए गए। इसे देखकर अभिभावक और शिक्षकों में भी काफी उत्साह देखने को मिला। मौके पर सुल्ताना पंचायत के मुखिया अख्तर नूरी ने कहा कि आज के वर्तमान परिवेश में छात्रों को संस्कार युक्त शिक्षा देने की जरूरत ह। ताकि बच्चो का चहुमुखी विकास हो सके। उन्होंने कहा कि अनुशासन के साथ-साथ संस्कार युक्त शिक्षा देने में यह विद्यालय का एक अनुठा मिशाल है। उन्होंने अभिभावक से भी अपील की अपने बच्चों को खूब पढ़ाएं ताकि उनका भविष्य सावरा जा सके। भारतीय नौसेना में सेवा दे रहे जवान मोहम्मद जफर ने कहा कि बच्चों में अनुशासन का होना आवश्यक है। उन्होंने बच्चो द्वारा तैयार मॉडलों की प्रशंसा की। समय-समय पर ऐसे कार्यक्रमों से बच्चों के बीच वैज्ञानिक सोच विकसित होती है। उन्हें अपनी वैज्ञानिक सोच को धरातल पर उतारने और बनाने का अवसर मिलता है। ऐसे प्रदर्शनी से बच्चों में वैज्ञानिक सोच विकसित करने और उनका विज्ञान के प्रति आकर्षण बढ़ाने के लिए यह जरूरी है। विद्यालय की प्राचार्य मीनाक्षी सिन्हा ने कहा कि यह विद्यालय शैक्षणिक क्षेत्र के अलावा सांस्कृतिक साहित्यक क्षेत्र में भी अपनी प्रतिभा को मनवाया है।



## संक्षिप्त खबरें

### श्रद्धालु से भरी बस हुई दुर्घटनाग्रस्त, 22 घायल 2 की स्थिति नाजुक



**चौपारण** : प्रखण्ड के पाण्डेयबारा से लेकर चोरदाहा बॉर्डर तक बेतरतीब तरीके से कई गाड़ियां सड़क के किनारे खड़ी रहती है। जिससे आए दिन दुर्घटना में लगातार इजाफा हो रहा है। सोमवार सुबह भी प्रखण्ड के सियरकोणी के समीप एक बड़ा हादसा सड़क के किनारे खड़े ट्रक के कारण हुआ। हादसे में महाकुंभ जा रहे कई श्रद्धालु घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सोमवार सुबह 7 बजे के करीब कोलकाता से प्रयागराज जा रही श्रद्धालुओं से भरा एक बस चौपारण के सियारकोनी पीके इंटरनेशनल होटल से पहले मोड़ पर सड़क के किनारे खड़े प्याज लोड ट्रक से टकरा कर दुर्घटना ग्रस्त हो गया। घटना में 22 यात्री घायल हो गए। सभी घायलों को एनएचएआई एम्बुलेंस चिकित्सक मिंटू गुप्ता और सतेंद्र कुमार के द्वारा इलाज करते हुए चौपारण सरकारी हॉस्पिटल पहुंचाया गया। 2 यात्री की गम्भीर स्तिथि के कारण उसे चिकित्सको ने बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घायलों का पहचान उत्तम उरांव 48 वर्ष,रुद्र कुमार 11 वर्ष, पार्वती मिस्त्री 48 वर्ष,तपो सिन्हा 42 वर्ष,गीता कुमारी 38 वर्ष,अनिता कुमारी 16 वर्ष,अमल पाल 40 वर्ष, ओमर मंडल 52 वर्ष,सुखला हंडाल 42 वर्ष, हरिपद मण्डल 50 वर्ष, रेणुका दखुवा 48 वर्ष सभी कोलकाता के रूप में हुआ। ज्ञात हो कि चौपारण में सड़क दुर्घटना व जाम का एक बड़ा कारण सड़क के किनारे गाड़ियों का खड़ा होना भी है। जिसपर पर प्रशासन को सख्त कदम उठाने की आवश्यकता है।

### पीड़ित राजेश कुमार के हृदय रोग संबंधी दवाओं के लिए उपायुक्त ने सौंपा चेक



**हजारीबाग** : उपायुक्त नैंसी सहाय के द्वारा हर मंगलवार एवं शुक्रवार को जिले के दूर दराज से आए ग्रामीणों के लिए जनता दरबार का आयोजन किया जाता है। इस जनता दरबार में जिले के तमाम जनमानस आस लगाए अपनी समस्याएं उपायुक्त के समक्ष रखते है तथा उपायुक्त द्वारा भी लगातार आमजनो से मिलकर उनकी समस्याओं को कम करने के प्रयास करतीं है। आज इसी क्रम में कुछ माह पूर्व आर्थिक रूप से अत्यंत कमजोर बड़कागांव प्रखंड के पकरी बरवाडीह निवासी राजेश कुमार ने अपनी हृदय रोग के चिकित्सीय सहायता हेतु मदद की गुहार उपायुक्त के समक्ष लगाई थी। उपायुक्त ने इस मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए तत्काल सीएसआर मद से इनके इलाज के उपरांत लगने वाले दवाइयों के खर्च के लिए चालीस हजार का चेक सौंप कर उन्हें आर्थिक संबल प्रदान की। उपायुक्त ने एचडीएफसी बैंक, आनंदा चौक शाखा के सीएसआर मद का उपयोग हेतु एचडीएफसी बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक सौरभ रंजन एवं शाखा प्रबंधक राजन सिंह से वार्ता कर तत्काल राहत हेतु वित्तीय सहयोग का निर्णय लिया एवं यथाशीघ्र लाभुक को राशि उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। चेक को पाकर प्रभावित लाभुक और इनके परिजनों ने उपायुक्त को इस मदद के लिए हृदय से धन्यवाद दिया। इस दौरान जिला योजना पदाधिकारी श′ पंकज कुमार तिवारी मौजूद थे।

शहीद करमजीत सिंह की याद में कैंडल मार्च 25 फरवरी को

### हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन की पहल सराहनीय : डीसी



**हजारीबाग** : 25 फरवरी मंगलवार संध्या 4 :00 बजे मटवारी गांधी मैदान से हजारीबाग के शिक्षक संस्थान के संचालक गण,हजारीबाग के बुद्धिजीवी वर्ग के लोग, राजनीति ,सामाजिक, धार्मिक, व्यापारी, विद्यार्थियों एवं आम जनमानस के लोगों की सहभागिता होगी। हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के इस पहल की हजारीबाग डीसी नैंसी सहाय ने प्रशंसा करते हुए कहा कि कोचिंग एसोसिएशन का यह कार्य अत्यंत सराहनीय है तथा हजारीबाग के वीर सपूत के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है। शिक्षकों ने इस कार्य को करके यह सत्यापित किया है कि उनके मन मस्तिष्क में राष्ट्रभक्ति कूट-कूट कर भरी हुई है तथा वह वीर सपूत के प्रति कितनी ज्यादा श्रद्धा रखते हैं। एसपी हजारीबाग अरविंद कुमार सिंह ने भी हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के इस पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि यह कार्य न केवल करमजीत सिंह बल्कि भारत की सेवा में शामिल प्रत्येक सैनिक के लिए प्रेरणा स्रोत है क्योंकि सैनिक सरहद पर हमारी रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देते हैं और उनके सम्मान में इस तरह के आयोजन से उनके परिवार का मनोबल तो बढ़ता ही है अन्य लोगों को भी सैन्य सेवा में जाने का प्रोत्साहन मिलता है। सदर अनुमंडल पदाधिकारी लोकेश बारंग ने कहा कि हजारीबाग कोचिंग एसोसिएशन के संचालक गण हजारीबाग के अमर शहीद सैनिक कैप्टन करमजीत सिंह के प्रति संवेदनशील है।

### प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व ग्रामीणों ने शिव परिवार की प्रतिमा को लेकर किया नगर भ्रमण

**बड़कागांव** : पूर्वी पंचायत बड़कागांव अंतर्गत बधरिया में नवस्थापित सोनबरसा बस्ती के नवनिर्मित मंदिर में प्रतिमा स्थापित करने से पूर्व ग्रामीणों ने शिव परिवार की प्रतिमा को लेकर नगर भ्रमण किया। इस दौरान ग्रामीणों ने शिव परिवार के मूर्ति के साथ बड़कागांव प्रेम नगर, रेंज ऑफिस, मुख्य चौक, सूर्य मंदिर होते हुए राम जानकी मंदिर गुरु चट्टी के रास्ते यज्ञ स्थल पहुंचे। बता दें कि यज्ञ समिति के द्वारा वैदिक श्री श्री 1008 श्री शिव शक्ति हनुमंत प्राण प्रतिष्ठा रुद्र महायज्ञ एवं सत्संग प्रवचन का विराट आयोजन भी किया गया है। प्रत्येक दिन संध्या 7 :00 बजे से देवघर, काशी – बनारस के विद्वानों के द्वारा कथा प्रवचन दिया जा रहा है। नगर भ्रमण में मुख्य रूप से अध्यक्ष सुरेंद्र कु साव, सचिव चोहन साव, कोषाध्यक्ष मुकेश कु साव, उमेश कुमार, बसंत साव, जगरनाथ साव, दीपक कु साव, महेंद्र साव, रामा साव, कृष्णा साव, द्वारका साव, सुनील साव, अशोक साव, अनिल कुमार, रवि कुमार, पप्पू सोनी, अर्जुन साव, रिझन साव, जागेश्वर साव, भीम कुमार, जयकरण साव, अजय कुमार, अमित सोनी, दीपू सोनी, आनन्द राणा, अजय राही इत्यादि शामिल थें।

## एक नजर

### दशम फॉल गैंगरेप केस में दोषियों को आजीवन कारावास

**रांची** : रांची सिविल कोर्ट ने एक महिला के साथ गैंगरेप और फिर उसकी निर्मम हत्या करने के मामले में दोषी रामचंद्र मुंडा, सुखलाल मुंडा और संजय टूटी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने यह भी स्पष्ट किया कि वे आखिरी सांस तक जेल में ही रहेंगे। इसके साथ ही, सभी दोषियों पर 60-60 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है। इससे पहले, 7 फरवरी को अदालत ने तीनों आरोपियों को दोषी करार दिया था। मामला 20 फरवरी 2021 का है, जब दशम फॉल इलाके के जंगल से एक महिला का अधजला शव बरामद किया गया था। जांच में खुलासा हुआ कि महिला के साथ पहले गैंगरेप किया गया और फिर गला रेतकर हत्या कर दी गई। शव की पहचान छिपाने के लिए आरोपियों ने उस पर पेट्रोल छिड़ककर जला दिया था। इस घिनौने अपराध की गुत्थी पुलिस ने फोन कॉल डिटेल के जरिए सुलझाई। पीड़िता 17 फरवरी 2021 को बुंडू स्थित बैंक से पैसे निकालने गई थी, लेकिन जब उसे पैसे नहीं मिले, तो उसने अपने परिचित लक्ष्मण मुंडा और सुखलाल मुंडा को फोन कर 2,000 रुपये उधार मांगे। लक्ष्मण ने पैसे देने की बात कहकर उसे जंगल ले जाने की साजिश रची।

### महाशिवरात्रि पर्व 26 को

**रांची** : प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिव शिष्यों के द्वारा महाशिवरात्रि के शुभ अवसर पर वैश्विक शिव शिष्य परिवार के तत्वावधान में पुराना विधान सभा मैदान, एच॰ई॰सी॰, धुर्वा में दिनांक 26 फरवरी 20205 के मध्याह्न 12 बजे से दिनांक 27 फरवरी 2025 को मध्याह्न 12 बजे तक भगवान शिव की पूजा-अर्चना के साथ अहर्निश शिव संकीर्त्तन अष्टयाम एवं नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। दिनांक 26 को संध्या आरती 7 बजे एवं दिनांक 27 फरवरी को प्रसाद वितरण मध्यान्ह 12 बजे से।

### मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले को लेकर आईजी ने की बैठक

**रांची** : अनुराग गुप्ता, महानिदेशक एवं पुलिस महा निरीक्षक ने आज पुलिस मुख्यालय सभागार में मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक के क्रम में पुलिस महानिदेशक ने मैट्रिक परीक्षा पेपर लीक मामले की वर्तमान स्थिति, जांच में हुई प्रगति और आगे की रणनीति पर विस्तृत रूप से चर्चा की। उन्होंने परीक्षा की निष्पक्षता बनाये रखने पर बल दिया। उन्होंने इस मामले की जांच में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु विशेष दिशा-निर्देश दिये और सभी संबंधित पदाधिकारियों को समयबद्ध तरीके से कार्रवाई करने एवं इस मामले के अनुसंधान में डिजिटल तकनीकी उपकरण का उपयोग कर गहराई से जांच करने एवं दोषियों को यथाशीघ्र गिरफ्तार करने का निर्देश दिया। इसके अलावे भविष्य में ऐसी घटनाओं को रोकने के लिये परीक्षा प्रक्रिया को और अधिक निष्पक्ष /सुरक्षित बनाने के उपायों पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की गई। बैठक के क्रम में यह भी निर्देश दिया गया कि जैक द्वारा प्रश्न पत्र को परीक्षा केन्द्र तक पहुंचाई जाने वाली प्रक्रिया को समझें, ताकि यह पता लगाया जा सके कि पेपर लीक कहां से हुआ।

**दक्षिण पूर्व रेलवे - निविदा**

ई-निविदा सूचना सं.: ईएल-जी-आरएनसी-10-25, दिनांक 21.02.2025, भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)/रांची, दक्षिण पूर्व रेलवे द्वारा निविदा सूचना सं. ईएल-जी-आरएनसी-10-25, दिनांक 21.02.2025 के तहत ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं जिसके खुलने की निर्धारित तिथि 17.03.2025 को 11.00 बजे है : कार्य का संक्षिप्त विवरण/नाम: आरयूबी/एलएचएस के निर्माण द्वारा हटिया-ओड़गा शाखा में प्रयुक्त एलसी सं. एचबी-8, एचबी-44 और एचबी-50 को हटाने के लिए विद्युत कार्य। कार्य का अनुमानित मूल्य: रु. 10,56,606.70 जीएसटी 18% के साथ। बयाना राशि : रु. 21,000/- निविदा की अंतिम तिथि व समय: 17.03.2025 को 11.00 बजे। वेबसाइट का विवरण: https://www.ireps.gov.in निविदा का विवरण वेबसाइट http://www.ireps.gov.in में देखा जा सकता है। निविदाकार/बोलीदाता के पास क्लास-III डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट रहना चाहिए एवं आईआरईपीएस पोर्टल के अधीन पंजीकृत हों। केवल पंजीकृत निविदाकार/बोलीदाता ई-निविदा में भाग ले सकते हैं। ई-निविदा प्रणाली में भाग लेते समय सभी संबंधित कागजात निविदाकार द्वारा निविदा कागजात के साथ अपलोड किए जाएं। (PR-1169)

# विधायकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम एक मार्च से मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन करेंगे उद्घाटन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : झारखंड विधानसभा के सदस्यों का दो दिवसीय प्रबोधन सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन एक और दो मार्च को आयोजित किया जाएगा। विधानसभा के कांफ्रेंस हॉल में आयोजित होनेवाले कार्यक्रम का उदघाटन मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन और राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश करेंगे, जबकि कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि राज्य के संसदीय कार्यमंत्री राधा कृष्ण किशोर होंगे। वहीं कार्यक्रम की अध्यक्षता विधानसभा के अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो करेंगे। कार्यक्रम के पहले दिन प्रथम सत्र में सदन की गरिमा बनाए रखने में विधायकों की भूमिका विषय पर भाजपा विधायक सीपी सिंह विचार व्यक्त करेंगे। इसके बाद लोकतंत्र और समावेशी विकास विषय पर संसदीय कार्य मंत्री राधाकिशोर, जबकि संसदीय विशेषाधिकार पर राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश अपने विचार रखेंगे।
इस सत्र के मुख्य अतिथि मुख्यामंत्री हेमंत सोरेन होंगे। वहीं दूसरे सत्र में संघवाद और राज्य विधायिका की चुनौतियां विषय पर होनेवाले तकनीकि सत्र की अध्यक्षता हरिवंश करेंगे। दूसरे दिन के तकनीकि सत्र की अध्यक्षता विधानसभा अध्यक्ष रबींद्र नाथ महतो करेंगे, जबकि कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि संसदीय कार्य मंत्री राधा कृष्ण किशोर होंगे। किशोर बजट और राज्यों की वित्तीय स्थिति पर विचार प्रकट करेंगे। वहीं दूसरे सत्र का विषय विधि निर्माण के संबंध में विधायकों का दायित्व और झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया और कार्य संचालन नियमावली की आधारभूत अवधारणा विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में विधानसभा के संयुक्त सचिव मधुकर भारद्वाज होंगे।

## एसएसपी ने तबादले में किया संशोधन कुलदीप कुमार बने रहेंगे सदर थाना प्रभारी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**रांची** : रांची के एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा ने रांची जिला बल में स्थानांतरण किए हुए पदाधिकारियों के आदेश को 24 घंटे के भीतर संशोधित करते हुए बदल दिया है। 23 फरवरी को उन्होंने थाना प्रभारियों का तबादला किया था। सोमवार को उन्हें अपने आदेश में संशोधन करना पड़ा। आदेश में सदर थाना प्रभारी कुलदीप कुमार का तबादला किया गया था, वहीं नामकुम थाना प्रभारी ब्रह्मदेव प्रसाद को हटाना पड़ा था। रांची जिले में 23 फरवरी को एसएसपी ने चार इंस्पेक्टर और तीन सब इंस्पेक्टर स्तर के पुलिस पदाधिकारी का तबादला किया था। इस आदेश में संशोधन करते हुए दो इंस्पेक्टर के पदस्थापन को बदला गया है। इंस्पेक्टर कुलदीप कुमार को सदर थाना से तबादला करते हुए डोरंडा थाना प्रभारी बनाया गया था लेकिन नये आदेश के बाद उन्हें फिर से सदर थाना प्रभारी बनाया गया है। दूसरी तरफ पुलिस केंद्र में पदस्थापित रणजीत सिन्हा को सदर थाना प्रभारी बनाया गया था, लेकिन आदेश में संशोधन करते हुए उन्हें टाटीसिलवे थाना प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा मनोज कुमार को नामकुम थाना प्रभारी बनाया गया। साथ ही नामकुम थाना प्रभारी के पद पर पदस्थापित ब्रह्मदेव प्रसाद को पुलिस लाइन में क्लोज किया गया। वहीं दीपिका प्रसाद को डोरंडा थाना प्रभारी बनाया गया है।

## हाई कोर्ट ने सरकार से गुमशुदा दोनों बच्चों को ढूंढने की कार्रवाई में अपडेट रिपोर्ट मांगी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : साहिबगंज में चाइल्ड ट्रैफिकिंग से जुड़े एक मामले में आरोपित कुलदेव साह की दो क्रिमिनल अपील मामले की सुनवाई सोमवार को झारखंड हाई कोर्ट में हुई। सुनवाई के दौरान केंद्र सरकार की ओर से कोर्ट को बताया गया कि गुमशुदा दोनो बच्चों के आधार कार्ड का बायोमेट्रिक्स यानी फिंगरप्रिंट्स, आंखों के रेटिना आदि के बारे में सरकार के आवेदन पर यूआईडीएआई (यूनिक आइडेंटिफिकेशन अथॉरिटी ऑफ इंडिया) ने एक रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट को सीलबंद रूप में अनुसंधानकर्ता को सौपा जाएगा। वहीं, राज्य सरकार की ओर से कहा गया कि केंद्र की रिपोर्ट मिलने के बाद दोनों बच्चों को ढूंढने की कार्रवाई और तेज होगी। कोर्ट ने दोनों गुमशुदा बच्चों को ढूंढने के लिए की गई कार्रवाई के संबंध में राज्य सरकार से अपडेट जानकारी मांगी है। वही कोर्ट ने केंद्र सरकार को भी जवाब दाखिल कर बताने को कहा है कि उसने सीलबंद रिपोर्ट अनुसंधानकर्ता को सौंपी है या नहीं। अगली सुनवाई मार्च माह में होगी। पिछली सुनवाई में खंडपीठ ने यूआईडीएआई को दोनों बच्चों के आधार कार्ड से संबंधित मांगे गए बॉयोमेट्रिक उपलब्ध कराने के राज्य सरकार के आवेदन की आलोक में जल्द निर्णय लेने का निर्देश दिया था। दरअसल, कुलदेव साह और वीरेंन साह के खिलाफ परिवादी एम हेंब्रम ने साहिबगंज कोर्ट में अपने बेटे की चाइल्ड ट्रैफिकिंग करने को लेकर कंप्लेंन केस संख्या 148/2022 दर्ज कराई थी। उनका बच्चा वर्ष 2018 से लापता है। वहीं बोरियो थाना में कुलदेव साह एवं पप्पू साह के खिलाफ दर्ज कांड संख्या 2020/2022 में बी हांसदा ने अपने छोटे भाई की वर्ष 2014 में लापता होने को लेकर प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

## बेटियों को सुरक्षा देने में हेमन्त सरकार नाकाम : राफिया नाज

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




**रांची** : भाजपा प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने हेमन्त सरकार पर बेटियों की सुरक्षा को लेकर सोमवार को बड़ा निशाना साधा। राफिया ने कहा कि खूंटी में हुए सामूहिक दुष्कर्म मामले ने इंसानियत को शर्मसार किया है। प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य में बढ़ते दुष्कर्म मामलों पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि दुष्कर्म की घटनाओं ने इंसानियत को हिला कर रख दिया है। 18 लड़कों ने जिस तरह पांच नाबालिग आदिवासी बच्चियों के साथ किया सामूहिक दुष्कर्म, बच्चियों के साथ जो घिनौनी घटना घटी, वह हर किसी के दिल को दहला देती है। उन्होंने कहा कि लगातार इस तरह की घटनाओं से यह पता चलता है कि अपराधियों के दिलों से प्रशासन और कानून का खौफ नहीं रहा है। इस प्रकार की रोजना घटती घटनाओं से बेटियां अब डर और भय के साए में जीने लगी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में बढ़ते हुए दुष्कर्म के मामलों ने महिला सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में कभी मेडिकल संस्थानों में दुष्कर्म की घटनाएं होती हैं, तो कभी स्कूल और कॉलेज के पास बेटियों के साथ छेड़छाड़ की घटनाएं सामने आती हैं। यह हेमन्त सरकार की नाकामी है। हेमन्त सरकार में अपराधियों की हिम्मत बढ़ी है। एक तरफ मईया सम्मान की राशि में सरकार देरी कर रही है, वहीं दूसरी तरफ रोजाना बेटियों का अपमान हो रहा है। इससे यह सफ होता है कि राज्य सरकार महिला सुरक्षा में पूरी तरह विफल हो चुकी है। राफिया ने कहा कि राज्य सरकार को यह समझना चाहिए कि बेटियों को सुरक्षा देना उनका अधिकार है। अगर यही हाल रहा तो जल्द ही राज्य की बेटियां खुद को असुरक्षित महसूस करने लगेंगी। उन्होंने राज्य सरकार से अपील की, कि वे इस संकट पर तुरंत कार्रवाई करें और महिलाओं-बच्चियों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाएं।

## टनल में फंसे श्रमिकों के परिजनों को हवाई जहाज से लेकर पदाधिकारी तेलंगाना रवाना

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रांची** : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश पर तेलंगाना के निमार्णाधीन टनल में फंसे झारखण्ड के श्रमिकों के परिजनों को लेकर पदाधिकारी तेलंगाना रवाना हो गए। गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में चार परिवारों के एक-एक सदस्य, पुलिस अधिकारी और गुमला जिला प्रशासन का कर्मी बिरसा मुंडा हवाई अड्डा से तेलंगाना के लिए प्रस्थान किया। वहीं दूसरी ओर, मुख्यमंत्री के निर्देश पर श्रम विभाग के अधिकारी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। तेलंगाना के नागरकुरनूल जिले में स्थित श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल कुल 8 श्रमिक फंसे हुए हैं, जिनमें झारखण्ड के चार, उत्तर प्रदेश के दो, जम्मू-कश्मीर और पंजाब का एक एक श्रमिक शामिल है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) की टीम बचाव अभियान में जुटी हुई है। नियंत्रण कक्ष ने एडिशनल लेबर ऑफिसर, नागरकुरनूल एवं फंसे हुए झारखण्ड के श्रमिकों के साथ तेलंगाना गए अन्य श्रमिकों से संपर्क किया है। श्रमिकों ने बताया कि वे जयप्रकाश एसोसिएट्स के अंतर्गत श्रीशैलम लेफ्ट बैंक कैनाल टनल प्रोज्क्ट में कार्य कर रहें हैं। राज्य प्रवासी नियंत्रण कक्ष तेलंगाना प्रशासन एवं वहां मौजूद अन्य श्रमिकों के साथ निरंतर संपर्क में है। एनडीआरएफ की टीम द्वारा किए जा रहे बचाव कार्यों की नियमित रिपोर्ट ली जा रही है। गुमला जिला प्रशासन के नेतृत्व में गई टीम भी वहाँ पहुँच कर नियंत्रण कक्ष को वस्तुस्थिति से अवगत कराएगा।

# संगठन पर्व का उद्देश्य पार्टी की मजबूती और सर्वस्पर्शी विस्तार : सुनील बंसल

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता




रांची : भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यालय में आज एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इसमें पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रदेश संगठन के सदस्य उपस्थित हुए। इस दौरान राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने संगठन पर्व की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व पार्टी की मजबूती और सर्वस्पर्शी विस्तार का पर्व है। उन्होंने पार्टी की विचारधारा को केंद्रीय तत्व बताते हुए कहा कि भाजपा आज विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है और देशभर में 13.50 करोड़ प्राथमिक सदस्य हैं। संगठन पर्व के माध्यम से देशभर में भाजपा के सदस्यता विस्तार पर जोर दिया जा रहा है, जिसमें झारखंड भी सक्रिय रूप से शामिल है। वहीं, सुनील बंसल ने आगे कहा कि सशक्त भाजपा ही एक विकसित और स्वाभिमानी भारत के निर्माण में सहायक होगी। उन्होंने भाजपा के संगठन विस्तार में महिला सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान देने की बात भी की। इस बीच सांसद संजय जायसवाल ने झारखंड में भाजपा की मजबूत सांगठनिक स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि संगठन पर्व के माध्यम से इस आधार को और विस्तृत एवं व्यापक बनाया जा रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन कार्य निरंतर चलने वाली प्रक्रिया है। संजय जायसवाल ने कहा कि पार्टी का कार्यकर्ता ही पार्टी की नीतियों और विचारधाराओं को जमीन पर उतारता है। वहीं, प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव के कारण झारखंड में संगठन पर्व में थोड़ी देरी हुई। लेकिन अब इसे परिश्रम से निर्धारित समय में पूरा किया जा सकता है। उन्होंने सभी कार्यकताओं से आग्रह किया कि वे बूथ से लेकर जिला स्तर तक संगठनात्मक संरचना को समयबद्ध तरीके से पूरा करें। इस बैठक के माध्यम से पार्टी के नेताओं ने संगठन पर्व को सफल बनाने के लिए एकजुटता और संकल्प का संदेश दिया।इस बैठक में प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, प्रदेश सदस्यता प्रभारी राकेश प्रसाद, प्रदेश महामंत्री एवं सांसद आदित्य साहू, मनोज कुमार सिंह, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष पीएन सिंह, डॉ दिनेशानंद गोस्वामी, बालमुकुंद सहाय, विकास प्रीतम, भानु प्रताप शाही, नीलकंठ सिंह मुंडा, सीमा शर्मा और जिले स्तर के चुनाव पर्वेक्षक, चुनाव अधिकारी तथा सह चुनाव अधिकारी भी शामिल हुए। इसके साथ ही बैठक में राष्ट्रीय महामंत्री और चुनाव अधिकारी सुनील बंसल व लोकसभा में पार्टी के मुख्य सचेतक एवं चुनाव अधिकारी संजय जायसवाल ने विशेष मार्गदर्शन दिया।

## संक्षिप्त खबरें

### हेमन्त सोरेन से आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने की मुलाकात



**रांची** : झारखंड विधानसभा में सोमवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विभिन्न सरना समिति और आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधिमंडल ने मुलाकात की। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों ने मुख्यमंत्री को आदिवासियों के सामाजिक, धार्मिक और सांस्कृतिक स्थलों के संरक्षण से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण मांगों से अवगत कराया। इस मुलाकात में मंत्री चमरा लिंडा और विधायक राजेश कच्छप भी मौजूद रहे। इसके अलावा इस बैठक में सरना प्रार्थना सभा रांची महानगर, केंद्रीय सरना समिति, आदिवासी विकास परिषद, आदिवासी छात्र संघ, जय आदिवासी परिषद, आदिवासी जन परिषद और सिरम टोली सरना समिति के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे। सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने की अपील जानकारी हो कि इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री से आदिवासी समाज की सांस्कृतिक धरोहरों को संरक्षित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने की अपील की। ताकि आने वाली पीढ़ियां इनकी महत्ता और महत्व को समझ सकें। मुख्यमंत्री ने उनकी बातों को ध्यानपूर्वक सुना और आश्वासन दिया कि इन मांगों पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

### एबीवीपी करेगी शैक्षणिक सर्वेक्षण : याज्ञवल्क्य शुक्ला




**रांची** : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रांची महानगर की ओर से यशवंत स्मृति भवन में सोमवार को रांची विश्वविद्यालय और श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय में होने वाले शैक्षणिक सर्वेक्षण के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में मुख्य रूप से अभाविप बिहार झारखंड क्षेत्र के क्षेत्रीय संगठन मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला एवं प्रांत संगठन मंत्री निलेश कटारे उपस्थित रहे। कार्यशाला में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए याज्ञवल्क्य शुक्ला ने कहा कि अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद परिसर में कार्य करने वाला सक्रिय छात्र संगठन है, रांची में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा विद्यार्थियों को किस प्रकार उपलब्ध हो और परिसरों में एक सकारात्मक शैक्षणिक माहौल किस प्रकार से बनाया जा सके। इसके लिए वर्तमान परिदृश्य में शैक्षणिक सर्वेक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि परिषद शैक्षणिक सर्वेक्षण करायेगी। सर्वेक्षण के पश्चात हम इस स्थिति में रहेंगे कि परिसरों में गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए किन स्तरों पर सुधार की जा सकती है। इसके लिए अभाविप का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल एवं कुलपति से संवाद स्थापित कर झारखंड के सभी विश्वविद्यालय में इस प्रकार की पहल करेगी, जिससे उच्च शिक्षा का स्तर ठीक किया जा सके। कार्यशाला में शैक्षणिक सर्वेक्षण परिसरों में किस प्रकार से संचालित होंगे इसके लिए कार्यकताओं को विस्तृत जानकारी दी गई, जिसमें परिषद कार्यकताओं ने एक फॉर्मेट तैयार किया है उस फॉर्मेट के माध्यम से विद्यार्थियों से उनके परिचय से संबंधित प्रश्न पूछे जाएंगे और विद्यार्थियों के उत्तर और उनके सुझाव के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जाएगी।

### वनमाली कथा सम्मान समारोह में रचनाकार श्यामल बिहारी महतो को मिला पुरस्कार

**रांची** : वनमाली कथा सम्मान समारोह के अवसर पर वरिष्ठ लेखिका ममता कालिया ने वर्तमान समय में पढ़ने-लिखने की संस्कृति के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में पुस्तकों और साहित्य से दूरी बढ़ रही है, जिससे हमारी समृद्ध साहित्यिक विरासत को खतरा हो सकता है। इस आयोजन में झारखंड के रचनाकार श्यामल बिहारी महतो को ममता कालिया ने सम्मानित किया। श्यामल की जंगल के दावेदार कहानी (रिटायरमेंट के बाद नाम से प्रकाशित) के लिए पुरस्कार दिया। श्मयामल अब तक लगभग 80 कहानियां और कई उपन्यास लिख चुके हैं। बता दें कि भोपाल में आयोजित इस कार्यक्रम में देशभर से कई प्रतिष्ठित साहित्यकार और विद्वान शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान प्रो. अनिल जोशी, प्रेम जनमेजय, पंकज सुबीर, शशिकांत चतुवेर्दी सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी साहित्य और संस्कृति के महत्व पर अपने विचार साझा किए। समारोह में लेखिका ममता कालिया ने कहा कि नई पीढ़ी में अध्ययन की आदत बनाए रखने के लिए शिक्षा और साहित्य को प्रोत्साहित करना आवश्यक है। उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि पढ़ने-लिखने की संस्कृति को मजबूत करने के लिए हमें युवाओं को प्रेरित करना होगा। कार्यक्रम में साहित्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले रचनाकारों को 'वनमाली कथा सम्मान' से सम्मानित किया गया। इस आयोजन का उद्देश्य साहित्यिक और सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देना और समाज में साहित्य के प्रति जागरूकता लाना था। कार्यक्रम का संचालन कुणाल सिंह ने किया, जो कि वनमाली पत्रिका के संपादक हैं।

### विजया एकादशी निशान संकीर्तन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**रांची** : हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में आज विजया एकादशी का भव्य रूप से आयोजन किया गया। सुबह 5:00 बजे मंदिर के पट खुलते ही भक्तों का तांता लग गया। सुबह के 5:30 बजे की मंगला आरती में भक्तों ने बाबा के समक्ष अपने लिए मंगल कामना की अरदास लगाई। इसके बाद बाबा का पर्दा लगाकर प्रात: कालीन श्रृंगार किया गया । श्रृंगार आरती में बड़ी संख्या में भक्तजन उपस्थित थे । सभी ने श्रृंगार आरती में हाजिरी लगाकर जय जय जय खाटू के वासी जय जय बाबा श्याम का गायन किया। 12:15 बजे की विश्राम आरती के बाद 12:30 बजे मंदिर के पट लगा दिए गए। दोपहर के बाद मंडल के मंत्री श्याम सुंदर शर्मा के नेतृत्व में मंदिर के आचार्य ने बाबा श्याम का एवं सभी देवी देवताओं सहित तैल चित्रों एवं गुरुजनों का संध्याकालीन द्वितीय अनुपम श्रृंगार किया। कोलकाता से मंगाए गए लाल गुलाब पीला स्टार सफेद स्टार रजनीगंधा मुरुगन रंग बिरंगा डहेलिया लाल गेंदा तुलसीदल की मोटी मोटी फूल मालाओं से खाटूनरेश का भव्य मनोरम श्रंगार किया गया। संध्या 4:30 बजे पट खुलते ही बाबा के दर्शन के लिए भक्त उमड़ पड़े। ज्ञातव्य है कि बाबा श्याम का विशेष दिन फागुन माह की कृष्ण पक्ष एकादशी होने के कारण आज हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में बड़े पैमाने में भक्त अपने अर्जी लेकर आए। भक्तों में यह मानना है की ग्यारस में सच्चे दिल से लगाई हुई अर्जी बाबा श्याम जरूर स्वीकार करते हैं। हरमू रोड के श्री श्याम मंदिर में हर भक्त की अर्जी को मंदिर के आचार्य द्वारा बाबा श्याम के समक्ष रखा जाता है । संध्या ग्वाल आरती में भक्तों का उमंग देखते ही बन रहा था। फाल्गुन माह की कृष्ण पक्ष के एकादशी का विशेष आयोजन रात्रि 9:30 बजे से प्रारंभ हुआ।

एक नजर

## तेतुलमारी थाना मे महा शिवरात्रि तैयारी जोरो पर

**धनबाद** : देवों के देव महाशिवरात्रि के पावन पर्व को भव्य रूप से मनाने के लिए तेतुलमारी थाना शिवमंदिर में तैयारियाँ जोरों पर हैं। तेतुलमारी नागरिक समिति कमिटी एवं श्रद्धालु मिलकर इस शुभ अवसर को यादगार बनाने में जुटे हैं। मंदिर परिसर को आकर्षक फूलों, रोशनी और पारंपरिक सजावट से सुसज्जित किया जा रहा है। विशेष पूजा-अर्चना, रुद्राभिषेक, अखंड हरिकीर्तन शिव बारात की कार्यक्रम बना हैं। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए जल, प्रसाद एवं सुरक्षा की विशेष व्यवस्थाएँ की गई हैं। तेतुलमारी थाना के प्रभारी ने बताया कि इस वर्ष विशेष तौर पर रामगढ़ के बेड बजा के साथ शिव बारात तेतुलमारी थाना से पांडेयडीह मोड से वापसी आयेगी रात को शिव पार्वती विवाह आयोजन किया जाएगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु भाग लेंगे। साथ ही, धार्मिक प्रवचन और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। ताकि भक्तजन सुचारू रूप से दर्शन कर सकेंगे। वहीं श्रद्धालुओं में महाशिवरात्रि को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिल रहा है। वे उपवास रखकर, भगवान शिव की आराधना कर इस पर्व को पूरी श्रद्धा से मनाने की तैयारी कर रहे हैं। क्षेत्र में उत्साह का माहौल बना हुआ है।

## जनता दरबार में 15 मामलों पर डीआरडीए निदेशक ने की सुनवाई

**बोकारो**: समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सोमवार को उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर डीआरडीए निदेशक मेनका ने आयोजित जनता दरबार में आम जनता से जुड़ी समस्याओं पर क्रमवार सुनवाई की। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे 15 से ज्यादा लोगों की क्रमवार समस्याओं, शिकायतों पर सुनवाई किया। साथ ही संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों को अग्रसारित करते हुए अविलंब जांच कर जल्द समाधान करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कुछ मामलों का ऑन स्पॉट निष्पादन किया। जनता दरबार में भूमि अतिक्रमण, सामान्य शाखा, भूमि पर कब्जा, बीएसएल, कार्यपालक अभियंता विधुत, गृह रक्षक कमांडेंट, राजस्व, कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, जिला ग्रामीण विकास अभिकरण, अंचलाधिकारी नावाडीह आदि से संबंधित आवेदन प्राप्त हुए थे। मौके पर अपर समाहर्ता मो. मुमताज अंसारी, जिला परिवहन पदाधिकारी वंदना शेजवलकर, सहायक निदेशक सामाजिक सुरक्षा पियूष आदि उपस्थित थे।
बिनोद बिहारी महतो स्मारक समिति का बैठक।

## दो दिवसीय महोत्सव शुरू

**चास** : प्रखण्ड पंचायत बिजुलिया के बिनोद बिहारी महतो स्मारक मेला समिति सिंहडीह की बैठक बिनोद चौक मौड पर अध्यक्ष महानंद महतो की अध्यक्षता में किया गया। बैठक का संचालन शंकर प्रसाद महतो ने किया। बैठक में बिचार विमर्श किया गया। 24 फरवरी से दो दिवसीयबिनोद महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसका तैयारी पुरी कर लिया गया है।इस अवसर पर झारखण्ड संस्कृति छोनृत्य व डांस प्रतियोगिता का आयोजन किया जायेगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्य सचेतक सत्ता रुढ़ दल सह विधायक मथुरा प्रसाद महतो टुंडी व विशिष्ट अतिथि बिजय कुमार राजवार झामुमो नेता सह बोकारो जिला परिषद सदस्य होगें । प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान को पुरस्कृत किया जायेगा। बैठक में मुख्य रूप से बिनोद मेला के संस्थापक अध्यक्ष टुपलाल महतो, जगदीश महतो, डा० कन्हैयालाल महतो, बहादुर महतो, मनोज कुमार महतो,शंकर महतो, रुप चांद महतो, महानंद कुमार महतो,मोहन महतो,गोतम महतो, जयदेव महतो, योगीलाल महतो, सहदेव महतो, मुनका महतो, दिलीप कुमार व ग्रामीण आदि उपस्थित थे।

# आरपीएफ की बड़ी कर्रवाई, रेलवे स्टेशन पर शराब तस्करी का खुलासा, दो आरोपी गिरफ्तार

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : रेलवे स्टेशन के प्लेट फॉर्म संख्या 3 से भारी मात्रा में शराब बोकारो आरपीएफ ने जप्त किया । बताते चले की रात्रि पाली में ड्यूटी के वक्त एसआई कुमार सत्यम को सूचना प्राप्त हुई की एक व्यक्ति सुबह के करीब 1 बजे एक व्यक्ति हा दो ट्रॉली बैग के साथ प्लेटफार्म संख्या तीन पर इधर-उधर भटक रहा था। एसआई कुमार सत्यम अपने टीम के साथ एएसआई डी.के.द्विवेदी, एचसी मंटू कुमार, हेड कांस्टेबल विकास कुमार, हेड कांस्टेबल जे. अंसारी, हेड कांस्टेबल धर्मेंद्र कुमार, हेड कांस्टेबल आनंद कुमार-2, एल/सी भगवती दलबल के साथ वहां पहुंच सर्च अभियान चलाया तो देखा कि दो संदिग्ध व्यक्ति प्लेटफार्म संख्या 3 एक्सलेटर के पास अपने साथ दो ट्रॉली बैग का लेकर इधर-उधर घूम रहा था जब उसने जब आरपीएफ टीम को देखा तो भागने की कोशिश करने लगा आरपीएफ टीम ने उसे पड़कर जब पूछताछ की तो उसने अपना नाम विवेक कुमार, उम्र लगभग 23 वर्ष, पता पुत्र- सिद्धनाथ साव, निवासी- रतनपुर, थाना- चांदी, जिला- भोजपुर (बिहार) बताया की इन दो बागों में वह शराब की बोतले बिहार ले जा रहा था जिसकी कुल कीमत लगभग 37,520 रुपए बताया जा रहा है। उसने बताया कि वह अकेले नहीं है उसके साथ एक और साथी भी है जो वही मौके पर से पकड़ा गया जिसका नाम मनंजय कुमार, उम्र लगभग 18 वर्ष, पुत्र- संजय रे, निवासी- अखेगड़ा टोला, थाना- संदेश, जिला- भोजपुर (बिहार) का है। मौके पर से जप्त की गई शराब 750 मिली लीटर के 04 नग की बरामदगी और सुपुर्दगी। 999 व्हिस्की और 96 नग 350 मिली रॉयल स्टैग ,दो ट्रॉली बैग में भरा हुआ मिला जिसकी कीमत लगभग 37,520 रुपए बताई गई है। तत्पश्चात, एसआई कुमार सत्यम ने सभी कानूनी औपचारिकताओं करते हुए उपलब्ध गवाहों की उपस्थिति में विवेक कुमार और मनंजय कुमार के सचेत कब्जे से प्रत्येक ट्रॉली में 50 बोतलें ट्रॉली बैग के साथ उपरोक्त शराब की बोतलों को जब्त कर लिया। उन्हें जब्त सामान के साथ आगे की कार्रवाई के लिए आरपीएफ पोस्ट बीकेएससी में लाया गया और उचित सुरक्षा में रखा गया। और गिरफ्तार व्यक्ति को जब्त सामग्री के साथ आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए सहायक आयुक्त उत्पाद शुल्क बोकारो को सौंप दिया गया।

## सीसीएल कर्मी ने लिया 19 लाख रुपये का लोन, बैंक प्रबंधन में मचा हड़कंप



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : बोकारो में फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर सीसीएल कर्मी ने 19 लाख 79 हजार रुपया का लिया एसबीआई बोकारो थर्मल शाखा से लोन, लोन लेने के 4 माह बाद ही हो गया सेवानिवृत। एसबीआई प्रबंधक ने कराया बोकारो थर्मल थाना में धोखाधड़ी का मामला दर्ज। बताते चले की बोकारो के बोकारो थर्मल थाना क्षेत्र के सीसीएल के कथारा स्टोर में सिक्यूरिटी सुपरवाइजर के पद पर पदस्थापित सीसीएल कर्मी ने फर्जी दस्तावेज प्रस्तुत कर एसबीआई बैंक बोकारो थर्मल शाखा से 19 लाख 79 हजार रुपया का धोखाधड़ी लोन लेकर कर लिया है। सीसीएल कर्मी ने अपने जन्म प्रमाण पत्र में फेर बदल करने सेवानिवृत होने के मात्र चार महीना पहने 19 लाख 79 हजार रुपया का लोन ले लिया और सेवानिवृत होने के बाद मिले रुपए को दूसरे बैंक में ट्रांसफर कर दिया। अब बैंक प्रबंधन को चिंता सता रही है कि अब सेवानिवृत कर्मी से लाखों रुपया लोन का वसूली कैसे करेंगे। इस सम्बन्ध में एसबीआई बोकारो थर्मल शाखा प्रबंधक सुभाष कुमार से बोकारो थर्मल थाना की पुलिस को लिखित शिकायत आवेदन देकर रूपया वापसी करने की गुहार लगाई है। वही बोकारो थर्मल थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर शैलेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि सेवानिवृत सीसीएल कर्मी जानबूझ कर सेवानिवृत होने के समय फर्जी दस्तावेज देकर बैंक से लोन ले लिया । आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर जांच किया जा रहा है।


## आईआईटी आईएसएम ने कमार्टांड में किसानों के लिए उपचार कार्यशाला आयोजित

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**धनबाद** : आईआईटी आईएसएम धनबाद के प्रबंधन अध्ययन और औद्योगिक इंजीनियरिंग विभाग ने प्रो. रश्मि सिंह के नेतृत्व में सोमवार को जमताड़ा जिले के कमार्टांड प्रखंड में किसानों के लिए एक दिवसीय उपचार कार्यशाला सफलतापूर्वक आयोजित की। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य किसानों द्वारा सामना की जाने वाली कृषि समस्याओं, विशेष रूप से मिट्टी की सेहत और पौधों की बीमारियों के प्रबंधन पर ध्यान देना था।यह कार्यशाला झारखंड राज्य के जमताड़ा जिले में खेल सिद्धांत और संचालन अनुसंधान तकनीकों के उपयोग से अनुसूचित जनजाति समुदायों की आर्थिक स्थिति सुधारने नामक परियोजना के अंतर्गत आयोजित की गई थी। इस पहल के माध्यम से किसानों और ग्रामीणों को कृषि से जुड़ी वैज्ञानिक जानकारी और आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया गया, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया जा सके। कमार्टांड प्रखंड भौगोलिक और कृषि दृष्टि से विविधतापूर्ण क्षेत्र है, जिसमें मैदानी और ऊबड़-खाबड़ भूभाग शामिल हैं। यहां का मध्यम जलवायु विभिन्न प्रकार की फसलों जैसे धान, मक्का, दालें, तिलहन और सब्जियों की खेती के लिए अनुकूल है। इस क्षेत्र की प्रमुख मिट्टी-लाल और लैटेराइट-कृषि उत्पादन के लिए कई प्रकार की चुनौतियाँ और अवसर प्रस्तुत करती हैं। किसानों को गहरी जानकारी देने के लिए, परियोजना की प्रमुख अन्वेषक प्रो. रश्मि सिंह ने बिरसा कृषि विश्वविद्यालय से दो प्रमुख वैज्ञानिकों को आमंत्रित किया। डॉ. अरविंद कुमार, जो एक प्रसिद्ध मिट्टी विशेषज्ञ हैं, ने मिट्टी की सेहत और उसकी उर्वरता बढ़ाने की प्रभावी रणनीतियों पर एक उपयोगी सत्र लिया।


## कोटपा के सिटी थाना क्षेत्र में चलाया गया छापामारी अभियान



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन एवं सिटी थाना प्रभारी सुदामा दास के सहयोग से तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत विशेष जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम के द्वारा सिटी थाना क्षेत्र के राम मन्दिर चौराहा, सेक्टर 2, सेक्टर 3 बोकारो पब्लिक स्कूल के पास, नयामोड, दुन्दीबाग एवं 12 मोड के कुल 113 दुकानों की जांच की गई जिसमें 23 दुकानों/व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 3350 रुपए की वसूली की गई। जिला परामर्शी द्वारा बताया गया कि कोटपा-2003 की धारा 6ए का अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु छापामारी की जा रही है। जिला परामर्शी के अनुसार वैसे सभी विक्रेता/दुकानदार जिन्हों ने कोटपा 2003 की धारा 6 ए में वर्णित प्रावधानों के आलोक में वैधानिक चेतावनी वाले बोर्ड के अनुरूप प्रमुखता से प्रदर्शन किया जाना अनिवार्य है जो लोग बोर्ड नही लगाये है उन्हें कोटपा-2003 की धारा 6 के तहत 200 रू तक की चालान की जा सकती है। कोटपा-2003 की धारा-7 की उपधारा (2) के अनुसरण के तहत झारखण्ड राज्य में विनिर्दिष्ट चेतावनी (कैंसर वाला चित्र) के बिना किसी भी प्रकार के तम्बाकू उत्पाद/सिगरेट/खुली सिगरेट की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध है। उक्त अधिनियम की धारा-7 की उपधारा-2 का उल्लंघन कोटपा-2003 की धारा 20 के अन्तर्गत दन्डनीय अपराध है। इस लिये सभी दुकानदारो को चेतावनी दी जाती है कि सिंगल सिगरेट की विक्री न करें अन्यथा कोटपा-2003 की धारा 7 के तहत कार्रवाई की जायेगी। सभी दुकानदारों को सूचित किया जाता है कि कोटपा 2003 विभिन्न धाराओं के अनुपालन हेतु तम्बाकू उत्पाद का प्रचार प्रसार न करें। 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तम्बाकू उत्पाद न बेचे और न बिचवायें। सार्वजनिक स्थान/खुले में धुम्रपान का सेवन न करें।

## सेक्टर 12 स्थित क्लब मोड़ पर 24 घंटे का अष्टजाम शुरू



प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**बोकारो** : सेक्टर 12 स्थित क्लब मोड़ पर श्री राम क्लब की ओर से 24 घंटे का अष्टजाम हरि कीर्तन विधिवत पूजा अर्चना के साथ शुरू की गईं । इस अष्टजाम मे स्थनीय विद्वान पंडितों द्वारा पूजा अर्चना करवाई गई। जिसमे चार यजमान शामिल हो रहे है। पूजा अर्चना के बाद स्थानीय तथा बाहरी नामचीन कलाकारों द्वारा हरिनाम संकीर्तन शुरू की गई है, दूसरी ओर झांकीया यहां आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। वही संध्या भंडारा का भी आयोजन किया गया । आयोजनकर्ता अध्यक्ष रिंकू सिंह ने कहा कि यह हरि नाम पहली बार आयोजित की जा रही है आगे यहां पर एक मंदिर का स्थापना किया जाना है जिसमें प्रभु श्री बजरंगबली के साथ श्री शनि महाराज की प्रतिमा स्थापित की जाएगी इस हरि नाम कीर्तन में श्री राम क्लब के सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया मुख्य अतिथि के तौर पर सभी गणमान्य उपस्थित रहे श्री राम क्लब के अध्यक्ष रिंकू सिंह, चुमन कुमार, अमरनाथ पोद्दार,रंजय कुमार, संतोष कुमार, पिंटू कुमार, शिव कुमार ,भारत यादव, उत्पल सिंह ,संतोष बरनवाल, शतीश बरनवाल सोमेश पांडे, शैलेंद्र कुमार सिंह, अनिल सिंह, जेपी सिंह, पप्पू कुमार, पीयूष कुमार आदि सभी सदस्यों के द्वारा हरि कीर्तन कराया गया इस हरि कीर्तन मे प्रसाद स्वरूप भंडारा का आयोजन किया गया।

# मैट्रिक-इंटर परीक्षा में अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई : उपायुक्त

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता



**बोकारो** : बोकारो डीसी विजया जाधव ने जैक बोर्ड की मैट्रिक व इंटर की वार्षिक परीक्षा में प्रश्न पत्र लीक होने की अफवाह फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई की चेतवानी दी है। उन्होंने कहा कि विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर प्रश्नपत्र लीक होने से संबंधित अफवाहें फैलाई जा रही हैं। उन्होंने इस मुद्दे पर संबंधित अधिकारियों के साथ चर्चा करते हुए जरूरी दिशाझनिर्देश दिए। अफवाह फैलाने वालों को चिह्नित करने का निर्देश दिया। कहा कि जिले के 63 केंद्रों पर मैट्रिक व 44 केंद्रों पर इंटर की परीक्षा पूरी सतर्कता के साथ हो रही है। परीक्षा के सफल संचालन के लिए जिले में कुल 107 दंडाधिकारी, 18 गश्ती दंडाधिकारी सहित पुलिस जवानों को प्रतिनियुक्त किया गया है। डीसी ने कहा कि परीक्षा को लेकर सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने का मामला जिला प्रशासन के संज्ञान में आया है। साइबर सेल व प्रशासनिक पदाधिकारों से इसकी जांच कर कार्रवाई की जा रही है। साइबर सेल सोशल मीडिया पर नजर बनाए हुए है। साइबर सेल बोकारो के कंट्रोल रूम का नंबर 9608015891है। डीसी ने परीक्षार्थि से अपील की है कि अफवाहों पर ध्यान नहीं दें। साथ ही जिले के आम लोगों से अपील की है कि अफवाह फैलाने वालों के बारे में जानकारी होने पर जिला नियंत्रण कक्ष के नंबर 06542 223475/247891, डायल नंबर 100 पर तुरंत सूचित करें।

## कोयला चुनने के दौरान मलबे में दबकर एक की मौत, युवती घायल

**धनबाद** : धनबाद के बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र के तेतुलमारी स्थित एकेडब्ल्यूएमसी परियोजना में आउटसोर्सिंग पैच के समीप सोमवार को एक हादसा हो गया। पैच में कोयला चुनने के दौरान बाघा नामक एक व्यक्ति की मलबे में दबकर मौत हो गई। वहीं, एक युवती दबकर गभीर रूप से घायल हो गई। घायल युवती को कोयला चुन रहे अन्य लोगों ने मलबे से निकालकर इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया, जहां उसका इलाज चल रहा है। युवती की स्थिति स्थिर बताई जा रही है। इधर, बीसीसीएल सिजुआ क्षेत्र प्रबंधन व स्थानीय प्रशासन ने हादसे की जानकारी होने से इनकार किया है। प्रशासन की तरफ से इस घटना पर कोई स्पष्ट बयान सामने नहीं आया है। स्थानीय लोग इस पर गहरी नाराजगी जाहिर कर रहे हैं। इस हादसे से कोलियरियों में सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं

संक्षिप्त खबरें

## बाइक पर सवार तीन अपराधियों ने पिस्तौल की नोक पर बाइक, मोबाईल, पर्स छीनकर फरार



**धनबाद** : महुदा थाना क्षेत्र अंतर्गत कतरी पूल के समीप बाइक सवार तीन अपराधियों ने पिस्तौल की नोक पर एक व्यक्ति से बाइक, पर्स व मोबाइल छीन लिया। घटना के संबंध में भुग्तभोगी पुटकी श्रीनगर निवासी लाल धारी यादव ने बताया कि वह मां अंबे आउटसोर्सिंग कंपनी में वोल्वो ट्रेनर के पद पर कार्यरत हैं। वे पुटकी श्रीनगर से बेनीडीह जा रहे थे। तभी कतरी नदी पार करने के बाद चढ़ाई पर पीछे से एक बाइक सवार तीन अपराधियों ने पिस्तौल दिखाकर बाइक रोकने को कहा। बाइक रुकते ही अपराधियों ने उनका पर्स, मोबाइल तथा बाइक छीन लिया तथा उन्हें गाली गलौज करते हुए झाड़ी में धकेल दिया। घटना के बाद अपराधी वापस पुटकी की ओर भाग निकले। घटना के बाद वे झाड़ी से निकलकर पैदल महुदा थाना पहुंचे तथा घटना की जानकारी दी। घटना की जानकारी मिलते ही महुदा पुलिस घटनास्थल पर पहुंची तथा मामले की छानबीन आरंभ कर दिया। वहां से पुलिस भुक्तभोगी के मोबाइल लोकेशन के आधार पर कपूरिया मोड पहुंची और मिली जानकारी के आधार पर पुलिस रामपुर पहुंची। वहां पुलिस को देखते ही अपराधी लूटी हुई बाइक छोड़कर फरार हो गए। पुलिस ने वहां से बाइक को लेकर महुदा थाना पहुंची। पुलिस के अनुसार अपराधी भी जल्द पकड़े जाएंगे।

## महेशपुर कोलियरी में ग्रामीणों ने किया आउटसोर्सिंग का विरोध प्रदर्शन



**धनबाद** : मधुबन थाना क्षेत्र महेशपुर कोलियरी में आउटसोर्सिंग के विरोध को लेकर आज मजदूर नेता गौर चन्द बाउरी के नेतृत्व में विशाल जुलूस निकाली गई प्रबंधक के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जुलूस महेशपुर कोलियरी खदान पहुंचा और घेराव प्रदर्शन किया मजदूर नेता गौर चन्द बाउरी ने कहा कि आउटसोर्सिंग के नाम पर बीसीसीएल क्वार्टर एवं ग्रामीणों को जबरन खाली करने चाहता है जो गलत है बीसीसीएल अभीतक कोई निति नहीं बनाईं है ना कोई यूनियन प्रतिनिधि एवं ग्रामीणों से कोई बात या बैठक की गई है चेतावनी देते हुए गौर चन्द बाउरी कहा कि अगर आउटसोर्सिंग बंद नहीं किया गया तो उग्र आंदोलन करेंगे जरूरत पड़ी तो खदान को भी बंद करेंगे मौके पर दिनेश महतो लाल बहादुर यादव मुखिया सुमन देवी पूर्व जिप सदस्य अंजना देवी नेपाल रवानी शंकर मिस्त्री कमलेश दास बैजनाथ तुरी लालू बाउरी गोपाल बाउरी मंटु भारती भगवान दास संजय चौहान दिलीप घोषाल विनय यादव सुनील सिंह संजय राम तारकेश्वर यादव दिलीप राम दीपक वर्णवाल राजकुमार चौहान राम जी चौहान उमाशंकर अवधेश दास हरि शंकर पाण्डेय गणेश चौहान निपेन बाउरी गणेश बागती दिपेश बाउरी कृष्णा बाउरी कन्हाई बाउरी साहिल बाउरी शेखर बाउरी मोनु साव विकास पासवान नरेश भुईयां मंदरू भुईयां सुबल बाउरी ओंमकार बाउरी शिवा भुईयां जया देवी आलता देवी किरण सिंह बिंदु देवी गंगा देवी गीता देवी रिंकू देवी रीता देवी सीमा देवी कबूतरी देवी शुकन्ती भुईनी गीता देवी उर्मिला देवी आदि शामिल थे।

## एएनएम प्रशिक्षण केंद्र में एनयूएचएम समीक्षा और योजना को लेकर हुई बैठक



**बोकारो** : एएनएम प्रशिक्षण केंद्र के कार्यालय में एनयूएचएम समीक्षा और योजना, डीआरचो-बोकारो डॉ. सेलिना टुडू के समापन पर बैठक का आयोजन किया गया, बैठक में विश्व रंजन, शब्बीर अय्याम, पीएसआई इंडिया के प्रबंधक कार्यक्रम कार्यान्वयन में मोहम्मद रहमान खान, शहरी क्षेत्र के सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रबंधक, एवं सभी शहरी स्वास्थ्य केंद्र के जर्नल एवं जीएनएम के प्रतिनिधि शामिल थे। आज की बैठक में शहरी क्षेत्र में फैमिली वैल रिलेटेड प्रोवाइड की जाने वाली सेवाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और योजना बनाई गई। जिसमें सभी को एसएमएस के दाता प्रोग्रेस की समीक्षा और साथ ही दिया गया सभी को दस्तावेज के अनुसार एला (उपलब्धि का अपेक्षित स्तर) बताया गया है। साथ में झुग्गी बस्ती में रहने वाले आबादियों को सुविधा के साथ मेपिह करने एवं नामांकन के लिए लिस्ट को अपडेट करने पर चर्चा की गई। आईयूसीडी सेवा को बढ़ाने के लिए सभी के साथ कार्य योजना बनाई गई। जिला आरसीएचओ की ओर से परिवार नियोजन से संबंधित कमोडिटीज की पहचान एवं स्टॉक आउट करने का निर्देश दिया गया। अंत में डब्ल्यू एच ओ के एस एम ओ द्वारा सभी ए एन एम को इम्युनिटी से संबंधित अपडेट दिया गया।

## सेवानिवृत व मृत कर्मियों के मामले प्राथमिकता के आधार पर करें निष्पादित : उपायुक्त



**धनबाद**: उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सोमवार को समाहरणालय के सभागार में विभिन्न संवर्ग के सरकारी सेवकों पर की गई विभागीय कार्यवाही की समीक्षा की। उन्होंने उप विकास आयुक्त कर्यालय, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर, अपर समाहर्ता, एडीएम सप्लाई, डीआरडीए, अनुमंडल कार्यालय व एलआरडीसी कार्यालय में लंबित मामलों की समीक्षा की। समीक्षा करने के बाद उपायुक्त ने सेवानिवृत एवं मृत कर्मियों के मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि ऐसे मामले लंबित रहने से कर्मियों को सेवानिवृत्ति लाभ का भुगतान करने में कठिनाई होती है। वहीं न्यायालय में लंबित मामलों पर सरकारी अधिवक्ता से अद्यतन रिपोर्ट लेने का निर्देश दिया। इसके साथ ही मैट्रिक और इंटर की परीक्षा को लेकर उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को सतर्क रहने, परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण करने, सीसीटीवी कैमरे की जांच करने, अधिकृत व्यक्ति को ही परीक्षा केंद्र में प्रश्नपत्र ले जाने देने सहित झारखंड अधिविद्य परिषद् के नियमों का अक्षरशः पालन करने का निर्देश दिया।

**एक नजर**

## राष्ट्रीय हलधर किसान यूनियन के कोर कमेटी का हुआ गठन

**साहिबगंज :** भारतीय हलधर किसान यूनियन के कोर कमेटी उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता बिहार झारखंड प्रदेश प्रभारी डा० शैलेश कुमार गिरि को सुनील कुमार यादव जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गोप की अध्यक्षता में रेलवे इंस्टीट्यूट मैदान साहिबगंज में बीते 2 फरवरी को संगठन विस्तार हेतु एक किसान पंचायत आयोजित हुई थी। जिसमें सर्वसम्मति से जिला अध्यक्ष लक्ष्मण गोप, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय कुमार यादव, उतरी पश्चिमी प्रदेश महासचिव व जिला मुख्य संगठन मंत्री ने संयुक्त संस्तुति कर आवश्यक कागजात डा० शैलेश कुमार गिरि को भेजा था। प्राप्त दस्तवेजों पर राष्ट्रीय अध्यक्ष धीरेन्द्र सोलंकी से सहमति प्राप्त कर, अवलोकन व संस्तुति के आधार पर डा० शैलेश कुमार गिरि राष्ट्रीय मुख्य प्रवक्ता बिहार झारखंड प्रदेश प्रभारी ने जिला कमेटी के विस्तार की श्रृंखला में नव मनोनीत आठ भाकियू हलधर पदाधिकारियों के साथ अब जिला कमेटी विस्तार की एक सूची भी जारी की है।

# रोजगार सृजन मेला, 363 को मिला ऑफर लेटर

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**पलामू :** ग्रामीण विकास विभाग, झारखंड सरकार के स्टेट लाइवलीहुड प्रमोशन सोसाइटी की ओर से बेरोजगार युवाओं को विभिन्न कंपनियों के माध्यम से रोजगार मुहैया कराने के उद्देश्य से सोमवार को डालटनगंज के दीनदयाल उपाध्याय नगर भवन में 4वें जनजातीय गौरव दिवस पर जिलास्तरीय रोजगार मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने दीप प्रज्जवलित कर किया। मौके पर उपायुक्त ने कहा कि सफलता के लिए इंफॉर्मेशन, एनालिसिस एवं एप्लीकेशन आवश्यक है। सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। इसके लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता होती है। वर्तमान दौर प्रतियोगिताओं का है और तकनीक का विस्तार हुआ है। ऐसे में पढ़ने, सीखने और माहौल से खुद को बेहतर बनाने



की आवश्यकता है। उपायुक्त ने अनुशासन पूर्वक सोशल मीडिया का सदुपयोग करते हुए जीवन शैली को बेहतर बनाने की सीख दी। उन्होंने एआई तकनीक, चैट जीपीटी आदि तकनीक के प्रयोग एवं उसके सकारात्मक प्रभाव से जीवन को बेहतर बनाने के लिए प्रेरित किया। उपायुक्त ने बालक-बालिकाओं की ओर से पूछे गए विभिन्न प्रश्नों का जवाब देकर उनकी जिज्ञासाएं शांत की। रोजगार मेला में विभिन्न कंपनियों के लिए चयनित अमरजित कुमार, सैफ खान, मो. रजा, साजीद, राणा गोपाल को सांकेतिक रूप से मुख्य मंच से ऑफर लेटर प्रदान किया गया। रोजगार मेला के दौरान 363 युवक-युवतियों को 25 कंपनियों में रोजगार के लिए ऑफर लेटर प्रदान किए गए। रोजगार मेला के दौरान 1440 युवक-युवतियों का पंजीकरण किया गया। इन्हें रोजगार उपलब्ध कराने को लेकर इनकी योग्यता के अनुरूप 754 को शॉर्ट लिस्ट किया जा चुका है। अन्य आवेदकों के आवेदनों की जांच की जा रही है, ताकि उनकी योग्यता अनुरूप रोजगार प्रदान किया जा सके। जिला जनसंपर्क पदाधिकारी असीम कुमार ने कहा कि सफलता के लिए मेहनत आवश्यक है। कर्म ही पूजा है, का अनुसरण हम सभी को करनी चाहिए। रोजगार के लिए जाने के पूर्व किन-किन प्रमाण पत्रों, दस्तावेजों की आवश्यकता होगी, इसका मूल्यांकन कर साथ रख लें, ताकि आवश्यकता अनुसार उसे तुरंत प्रस्तुत किया जा सके। श्रम अधीक्षक-सह-श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के पदाधिकारी एतवारी महतो ने सरकार की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। जेएसएलपीएस के राज्य मुख्यालय से पहुंचे प्रोग्राम एक्सक्यूटिव अमित चौधरी ने कहा कि प्रत्येक वर्ष रोजगार मेला का आयोजन किया जाता है। यहां मेला आयोजित हुआ है। कंपनियां आई हैं। अथार्त रोजगार आपके द्वार आया है। युवक-युवतियों को प्रशिक्षण दिया गया है। उनकी हुनर, स्कील के अनुरूप रोजगार और वेतन प्राप्त होगा। जेएसएलपीएस की डीपीएम अनीता केरकेट्टा ने सभी का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि जेएसएलपीएस के माध्यम से पलामू में 18549 स्वयं सहायता समूह बनाए गए हैं। वहीं 1310 ग्राम संगठन एवं 60 संकुल संगठन हैं। इससे दो लाख दो हजार से अधिक परिवार जुड़ा है। दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के माध्यम से प्रशिक्षण दिलवाकर सभी को रोजगार से जोड़कर आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने की दिशा में कार्य किया जा रहा है।

**संक्षिप्त खबरें**

## रेलवे पटरी पर मिला एक युवक का शव



**सरिया (गिरिडीह) :** सोमवार की सुबह लगभग 6 बजे हजारीबाग रोड स्टेशन अंतर्गत पावर हाउस के समीप अप लाइन के पोल संख्या 346/5 पर ट्रेन से कट कर एक युवक की मौत की सूचना रेलवे प्रशासन को मिली । जिसके बाद रेलवे प्रशासन ने इसकी सूचना स्थानीय प्रशासन को देने के बाद शव को बीच पटरी से हटा कर लगभग 1 घंटे के पश्चात अप लाइन पर रेलवे का परिचालन शुरू किया गया। वहीं स्थानीय पुलिस ने मृतक युवक के कपड़े से मिली मोबाइल से पता करने पर उसकी पहचान हजारीबाग जिला अंतर्गत सुदन गांव निवासी अजीत राम 25 वर्ष की रूप में किया गया। जिसके बाद इसकी सूचना मृतक के स्वजनों को दिया गया। और शव को पोस्टमार्टम हेतु गिरिडीह सदर अस्पताल भेजा गया। घटना की पुष्टि सरिया पुलिस और आर पी एफ ने भी किया । स्वजनों ने ससुराल वालो पर पुत्र की हत्या का लगाया आरोप रेलवे पटरी पर अपने पुत्र का शव पड़े होने की जानकारी होने के बाद स्वजनों का रो रो कर बुरा हाल था। सोमवार को घटना की सूचना पर सरिया थाना पहुंचे मृतक की मां आशा देवी ने सरिया थाना में आवेदन देकर और पत्रकारों को जानकारी देते हुए कही कि बीते रविवार को अपनी पत्नी का तबियत खराब होने की बात कहा कर ससुराल जाने की बात कह कर निकला था उसके पास पैसा भी नहीं था हम ही लोन का किस्त जमा करने के लिए रखा पैसा 1 हजार देकर सरिया स्थित मंझली टांड़ ससुराल भेजे थे। लेकिन अचानक रात में फोन करके कहने लगा कि हमें ससुराल में सास,ससुर ,साला ,बहु और अन्य तीन लोग बुरी तरह से पीट रहा है । हमलोग सुबह आने ही वाले थी कि सरिया थाना से फोन आय की अजीत का शव रेलवे पटरी पर पड़ा है। वहीं आगे बताई की बेटे का शादी वर्ष 2021 में हिंदू रीति रिवाज से किया था लेकिन ससुराल से उसका पटरी नहीं खा रहा था कई बार सामाजिक फैसला भी हुआ था।

# एसपी ने मिर्जाचौकी थाना का किया वार्षिक निरीक्षण

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज/मंडरो :** पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने मिजाचौकी थाना का वार्षिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित कांडों की समीक्षा करने के अलावा दैनिक थाना पंजी, सिरिस्ता, हाजत, मालखाना एवं साफ सफाई का जायजा लिया। पुलिस अधीक्षक अमित कुमार सिंह ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य है कि आम लोगों को बेहतर से बेहतर न्याय मिले। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों में मिजाचौकी थाना क्षेत्र में अपराध की घटनाओं पर अंकुश लगा है। साथी ही घटित घटना में त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपियों की गिरफ्तारी भी हुई है। उन्होंने कहा कि जमीन संबंधी



छोटी-मोटी मामले का निपटारा प्रत्येक सप्ताह थाना दिवस पर ही करें। पुलिस अधीक्षक ने आम लोगों से अपील की है कि कोई भी मामला हो आप बेझिझक थाना आए आपको न्याय मिलेगा। पुलिस अधीक्षक ने थाना परिसर में जप्त विभिन्न वाहनों की नीलामी प्रक्रिया में लाकर उनकी नीलामी कराई जाएगी। मौके पर एसडीपीओ किशोर तिर्की, इंस्पेक्टर राजीव रंजन, मिजाचौकी थाना प्रभारी रुपेश कुमार यादव, सब इंस्पेक्टर पवन यादव, आफताब अंसारी, अमेरिका राम सहित सभी पुलिसकर्मी मौजूद थे।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण जागरूकता कार्यक्रम का हुआ आयोजन



साहिबगंज/बरहेट : प्रखंड में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एचडब्ल्यूसी भागाबांध टीम की ओर से सोमवार को बरहेट प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय भोगनाडीह के छात्र-छात्राओं के बीच तंबाकू नियंत्रण जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। मौके पर बच्चों को तंबाकू के सेवन से होने वाली हानि व स्वास्थ्य पर पढ़ने वाले दुष्प्रभाव पर विस्तार से बताया। सभी बच्चों से अपील की गई कि वह भी अपने आप पड़ोस के लोगों को तंबाकू आदि का सेवन ना करने के लिए प्रेरित करेंगे। मौके पर एमपीडब्ल्यू सतीश प्रसाद और सीएचओ रोज मेरी सोरेन द्वारा बच्चों के बीच क्विज प्रतियोगिता करवा कर बच्चों के बीच पुरस्कार का वितरण किया गया।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना को लेकर बच्चियों को किया गया जागरूक

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहिबगंज :** जिला समाज कल्याण विभाग अंतर्गत समाज कल्याण पदाधिकारी चित्रा यादव के निदेर्शानुसार मंथन संस्था एवं चाइल्ड हेल्प लाइन के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान को लेकर कस्तूरबा बालिका आवासीय विद्यालय तालझारी में बच्चों के बीच जागरूकता कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम को नेतृत्व करते हुए जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी पूनम कुमारी ने बताया कि 2015 में भारत सरकार ने देश में शिक्षा, लैंगिक भेदभाव और महिला सशक्तिकरण के बारे में चिंताओं को दूर करने के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना की शुरूआत की गई थी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत प्रधान मंत्री ने 22 जनवरी 2015 को पानीपत, हरियाणा में की थी। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना से पूरे जीवन-काल में शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है,महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान होता है, आर्थिक विकास में सुधार स्वास्थ्य एवं पोषण सुधार अगली पीढ़ी की शिक्षा सामाजिक सुधार एवं देश की प्रगति होती। वहीं उन्होंने बच्चों के बीच जानकारी साझा कर बताया कि अगर रास्ते ट्रेन या किसी अन्य जगहों पर वह



खुद को सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं तो वह चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1098, जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी, बाल कल्याण समिति या नजदीकी पुलिस को सूचना दे सकते हैं जीसके बाद उन्हें हर संभव मदद की जाएगी।वही मंथन संस्था के समन्वयक अमन वर्मा ने बताया कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का मुख्य उद्देश्य है कि बालिकाओं के बीच सशक्तिकरण लाना उन्हें मजबूत बनाना जिससे वह आगे चलकर किसी भी समस्याओं से लड़ सके और खुद को एक अच्छे मुकाम हासिल कर सके। वही कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए स्कूल में मौजूद प्रोजेक्टर से बच्चों के बीच बाल विवाह, बाल शोषण, बाल तस्करी, एवं पोक्सो एक्ट से संबंधित वीडियो भी दिखाए गए और एक्ट से संबंधित जानकारियां दी गई।

## दो पक्षों में मारपीट में एक महिला गंभीर रूप से घायल



**साहिबगंज :** जिरवाबाड़ी थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनशाही में सोमवार को बच्चों के विवाद में दो पक्षों में हुई मारपीट में एक पक्ष की महिला गंभीर रूप से घायल हो गई है। परिजनों ने घायल महिला को इलाज के लिए सदर अस्पताल साहिबगंज में भर्ती कराया है। जहां ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर ने घायल महिला का इलाज किया। घायल महिला बड़ा मदनशाही के अमुद्दीन अंसारी की पत्नी अजीदा खातून 36 वर्षीय है। घायल महिला ने अपनी गोतिया के जियाउल, रहीस, राहुल, साहुल आदि पर मारपीट करने का आरोप लगाई है। महिला ने बताया कि बच्चों के विवाद को लेकर जियाउल समेत अन्य लोगों ने उनके साथ मारपीट की है। मारपीट की सूचना संबंधित थाना पुलिस को सूचना दे दी गई थी।


**झारखण्ड सरकार**
**लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग**
**गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग**
दूरभाष सं. 06546–298028, 263408,
e-mail- prisonhzb@gmail.com, cj-hzbag@jharkhandmail.gov.in
**ई०–निविदा सूचना**

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कारा का नाम | लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग |
| 2. | विषय | कारा में संसीमित बंदियों के भोजनादी की व्यवस्था हेतु विभिन्न प्रकार के खाद्यान्नों, हरी सब्जियों, आलु, चीनी, फलों एवं अन्य विविध सामग्रियों के क्रय/आपूर्ति के निमित्त ई०–निविदा का आमंत्रण। तृतीय त्रैमासिक निविदा(दिनांक–01.07.2025 से 30.09.2025 तक) |
| 3. | निविदा प्रपत्र का मूल्य (Non-refundable) Online स्वीकार की जायेगी। | ₹ 5,000.00 (पाँच हजार) मात्र। |
| 4. | वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र के उपलब्धता की तिथि एवं समय। | तिथि–10.03.2025 से 18.03.2025 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 5. | निविदा Online upload करने की तिथि | तिथि–10.03.2025 से 18.03.2025 के अपराह्न 4:00 बजे तक। |
| 6. | आपूर्ति हेतु खाद्य सामग्रियों का नमूना (Sample) जमा करने की तिथि। | तथि–19.03.2025 से 20.03.2025 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 7. | अग्रधन राशि (EMD) (₹2500 /–से अधिक होने पर) जमा करने की तिथि। | तथि–19.03.2025 से 20.03.2025 के अपराह्न 4:00 बजे तक कार्यालय अवधि में जमा करना होगा। |
| 8. | निविदा खुलने की तिथि/समय/स्थान | तथि–21.03.2025 को अपराह्न 12:00 बजे अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय कक्ष में उप विकास आयुक्त की उपस्थिति में। |

1. उपरोक्त निविदा झारखण्ड सरकार की वेबसाईट https://jharkhandtenders.gov.in पर केवल e-Tender के माध्यम से प्राप्त/स्वीकृत की जायेगी।
2. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online ही स्वीकार की जायेगी।
3. अतिरिक्त सूचना प्राप्ति हेतु अधीक्षक, केन्द्रीय कारा, हजारीबाग के कार्यालय में कार्यालय अवधि में सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है। e-Tender को online upload करने से संबंधित जानकारी हेतु कार्यालय अवधि में Helpline No. 9430342752 से सम्पर्क किया जा सकता है।

अधीक्षक,
लोकनायक जयप्रकाश नारायण केन्द्रीय कारागार, हजारीबाग।

PR 347134 Prison(24-25)D


## रक्षा काली पूजा के अवसर पर मेला का हुआ आयोजन



**पटमदा :** कुमीर गांव के टोला मनसुकडीह में सोमवार को रक्षा काली पूजा के अवसर पर मेला का आयोजन सोलोआना कमिटी के द्वारा किया गया। इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम ओर मुर्गा पाड़ा का आयोजन किया गया। झामुमो पंचायत अध्यक्ष सह कमिटी सदस्य हरे कृष्ण महतो ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी रक्षा काली पूजा के अवसर मेला का आयोजन किया गया। मेला में ग्रामीणों की भीड़ उमड़ी जिसमे मेला प्रेमियों ने मेला का आनंद उठाया। मेला को सफल बनाने में कमिटी के हरेकृष्ण महतो,खगेंद्र नाथ महतो,सरोज महतो,मनोज महतो, विभीषण महतो,रायचरण महतो,मंटू महतो,कमल महतो सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## उन्नति का पहिया के तहत चार स्कूलों के 160 छात्रों के बीच साइकिल वितरण



**पटमदा :** पटमदा प्रखंड के परिसर में झारखंड सरकार के कल्याण विभाग द्वारा चार स्कूल के 160 स्कूली छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू ने बताया कि झारखंड सरकार के द्वारा स्कूल के छात्र छात्राओं को स्कूल तक पहुंचने में सुविधा उपलब्ध कराने के लिए साइकिल उपलब्ध करवाया गया। ताकि बच्चे समय पर स्कूल पहुंच सके। इस दौरान बीडीओ शशि नीलिमा डुंगडुंग,विधायक प्रतिनिधि चंद्र शेखर टुडू, पार्षद प्रदीप बेसरा,कल्याण पदाधिकारी अभय कुमार सहित चारो स्कूलों के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

# कीटनाशक विक्रेताओं के लिए फसल सुरक्षा कार्यक्रम का हुआ आयोजन

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**साहेबगंज :** संयुक्त जिला कृषि भवन परिसर स्थित आत्मा सभागार में आज फसल सुरक्षा कार्यक्रम के तहत कीटनाशक विक्रेताओं के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का और कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान-सह-वरिष्ठ वैज्ञानिक अमृत कुमार झा ने दीप प्रज्वलित कर किया। प्रशिक्षण सत्र में कीटनाशकों के प्रकार, उनके उपयोग, मोड ऑफ एक्शन और खरीफ एवं रबी की प्रमुख फसलों–धान, गेहूं, मक्का, चना, मटर आदि में लगने वाले कीट व्याधियों की पहचान एवं उनके प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की गई। जिला कृषि पदाधिकारी प्रमोद एक्का ने समेकित कीट-व्याधि



प्रबंधन के महत्व को रेखांकित किया। तिलका मांझी कृषि महाविद्यालय, गोड्डा की सहायक प्रोफेसर डॉ. अजिता सोरेन ने मित्र कीट और हानिकारक कीटों की पहचान और उनकी रोकथाम पर विस्तृत कक्षा का संचालन किया। वहीं, कृषि विज्ञान केंद्र के प्रधान-सह-अधिष्ठाता ने साहेबगंज जिले की कृषि स्थिति पर जानकारी दी। जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन ने फल एवं सब्जियों में कीट व्याधि प्रबंधन पर जानकारी दी, जबकि जिला कृषि पदाधिकारी ने खाद और कीटनाशकों के गलत प्रयोग एवं अवैध बिक्री पर सख्त निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला उद्यान पदाधिकारी अमितेश रंजन, जिला योजना एवं मूल्यांकन पदाधिकारी अरुण कुमार भोगता, जिला कृषि अभियंता राम प्रकाश कुमार, उप परियोजना निदेशक आत्मा मंटू कुमार, बीटीएम कंचन कुमार सुमन, कंप्यूटर ऑपरेटर आत्मा कृष्ण कुमार सिंह सहित 30 कीटनाशक विक्रेता उपस्थित रहे।


**जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला**

**आम सूचना**
**राष्ट्रीय लोक अदालत**
**दिनांक 08.03.2025, शनिवार**
**स्थान -व्यवहार न्यायालय परिसर, गुमला**
**नि:शुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार व्यवहार न्यायालय (कचहरी), गुमला के प्रांगण में दिनांक 08.03.2025 को पूर्वाह्न 10:30 बजे से राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जायेगा।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामले का निष्पादन किया जायेगा :–
(1) सुलह योग्य आपराधिक वाद, N.I.Act. U/s 138 से संबंधित वाद (चेक अनादर के केस), (2) मोटर –दुर्घटना क्षतिपूर्ति वाद ,(3) पारिवारिक / वैवाहिक वाद, (4) श्रम विवाद, (5) भूमि अधिग्रहण संबंधित विवाद (भू अर्जन मुआवजा), (6) सिविल वाद, किराया आदि से संबंधित वाद, (7) बैंक रिकवरी से संबंधित वाद, राजस्व वाद, मनरेगा, बिजली बिल, मामले और पानी बिल से संबंधित वाद, बिक्री कर, वाणिज्य कर एवं आयकर से संबंधित वाद, सेवा से संबंधित वाद, वन विभाग से संबंधित वाद, उत्पाद से संबंधित वाद, सिविल अपील, क्रिमिनल अपील, विविध अपील आदि से संबंधित वाद, नीलाम वाद, दाखिल खारिज मामले, अन्य मामले जिन्हें लोक अदालत के माध्यम से सुलझाया जा सकता है।

इस संबंध में किसी भी प्रकार की विस्तृत जानकारी के लिए आप किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11:00 बजे से दिन के 04:30 बजे तक जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला के कार्यालय में आकर संपर्क कर सकते हैं।

श्री शंभु कुमार सिंह
पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला।

श्री कर्ण सत्यार्थी
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला

श्री ध्रुव चंद्र मिश्र
प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश–सह–अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गुमला।

PR 347087 Law (24-25)_D


# दुलमी बीडीओ की लापरवाही से बेलगाम हुए पंचायत और रोजगार सेवक : डीडीसी

प्रत्यूष नवबिहार संवाददाता

**रामगढ़ :** रामगढ़ जिले के दुलमी प्रखंड में अबुआ आवास योजना के प्रति प्रखंड विकास पदाधिकारी भारी लापरवाह दिख रहे हैं। उनकी लापरवाही की वजह से पंचायत सेवक और रोजगार सेवक भी बेलगाम हो गए हैं। यह लापरवाही तब उजागर हुई जब डीडीसी रोबिन टोप्पो दुलमी प्रखंड के गांवों में निरीक्षण करने पहुंचे। जांच इस दौरान उन्होंने सरकारी योजना के तहत की गई बागवानी, कुआं के निर्माण और अबुआ आवास योजना का निरीक्षण किया। निरीक्षण में यह स्पष्ट हो गया की पंचायत सेवक और रोजगार सेवक पारदर्शी तरीके से अपने कार्यों का निष्पादन नहीं कर रहे हैं। साथ ही प्रखंड स्तर पर भी अनुश्रवण एवं नियंत्रण नहीं किया जा रहा है। डीडीसी रोबिन टोप्पो अबुआ आवास योजना अंतर्गत दुलमी प्रखंड के जमीर पंचायत के पेसाराटांड़ में शनिचरिया देवी पति संतोष मुंडा के आवास का निरीक्षण करने पहुंचे थे। यहां उन्होंने देखा कि लिंटर लेवल तक कार्य किया गया है और छत की ढलाई के लिए



तीसरी किस्त की राशि का इंतजार लाभुक कर रही है। इसी योजना के अंतर्गत बहातु गांव में दो लाभुकों के आवास का निरीक्षण भी किया गया। जिसमें पाया गया कि तीसरी किस्त की वजह से छत की ढलाई रुकी हुई है। उन दोनों लाभुकों द्वारा भी यह बताया गया की राशि मिलने में काफी समय लग रहा है और काफी कठिनाई हो रही है। 21 फरवरी तक उन्हें तीसरी किस्त का भुगतान नहीं किया गया था। जिससे यह स्पष्ट हो गया की पंचायत सेवक और रोजगार सेवक द्वारा पारदर्शी तरीके से कार्य का निष्पादन नहीं किया जा रहा है। कर्मियों की लापरवाही पर डीडीसी ने सभी को कड़ी फटकार लगाई और इस मामले पर कड़ी टिप्पणी की है। डीडीसी रोबिन टोप्पो ने दुलमी बीडीओ को चिट्ठी लिखकर प्रखंड क्षेत्र में योजनाओं का सतत पर्यवेक्षण, अनुश्रवण एवं समुचित नियंत्रण करने का निर्देश दिया है। साथ ही अबुआ आवास योजना में पारदर्शी तरीके से अपेक्षित प्रगति लाने को कहा है।डीडीसी रोबिन टोप्पो ने दुलमी प्रखंड क्षेत्र में निरीक्षण किया तो पंचायत सेवक और रोजगार सेवकों के कार्यों को लेकर आम लोगों ने भी चर्चा शुरू कर दी।


**झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा।**
पाण्डेय गणपत राय भवन प्रथम तल्ला, समाहरणालय, लोहरदगा पिन –835302
E-mail :- ssaloh@rediffmail.com / lohardagassa@gmail.com

**आम – सूचना**

जिले में संचालित 03 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों (CM SoE) में नामांकन से संबंधित सूचना :–

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची का पत्रांक ME/01/1183/2023/67 दिनांक 08.01.2025 के आलोक में जिले में संचालित 03 मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों (CM SoE) में शैक्षणिक सत्र 2025–26 में विद्यालवार नामांकन के लिए सुयोग्य छात्र/छात्राओं में निम्नवत् रूप से आवेदन आमंत्रित किया जाता है :–

| SL | NAME OF SoE SCHOOL | U-DISE CODE | CLASS WISE STATUS | "AVAILABLE SEATS IN SCHOOL (NEW SESSION)" | Website Address |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | KASTURBA CM SoE GIRLS LOHARDAGA | 20150105905 | CLASS 6 | 40 | https://evidyavahini.jharkhand.gov.in/studentAdmission |
| | | | CLASS 7 | 17 | |
| | | | CLASS 8 | 6 | |
| | | | CLASS 9 | 86 | |
| | | | CLASS 10 | 0 | |
| | | | CLASS 11 | 124 | |
| | | | CLASS 12 | 0 | |
| 2 | KGBV CM SoE LOHARDAGA | 20150102504 | CLASS 6 | 25 | |
| 3 | DISTRICT CM SoE NADIA HINDU LOHARDAGA | 20150105007 | CLASS 6 | 40 | |
| | | | CLASS 7 | 5 | |
| | | | CLASS 8 | 0 | |
| | | | CLASS 9 | 81 | |
| | | | CLASS 10 | 0 | |
| | | | CLASS 11 | 250 | |
| | | | CLASS 12 | 0 | |

इच्छुक छात्र/छात्राओं तथा उनके अभिभावकों से अनुरोध है कि वे दिनांक 28.02.2025 तक अपना आवेदन ऑनलाईन अथवा ऑफलाईन मोड में राज्य परियोजना कार्यालय द्वारा निर्गत दिशा–निर्देश के अनुरूप किया जा सकता है। नामांकन हेतु ऑनलाईन आवेदन झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के अधिकारिक बेबसाईट – https://evidyavahini.jharkhand.gov.in/studentAdmission के पोर्टल पर वांछित अभिलेखों के साथ किया जा सकेगा। आवेदन संबंधित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालयों से नामांकन प्रपत्र प्राप्त कर ऑफलाईन मोड में संबंधित मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय में जमा किया जा सकता है। विस्तृत सूचना एवं आवेदन पत्र प्रारुप जिले के अधिकारिक बेबसाईट lohardaga.nic.in पर भी उपलब्ध है। नामांकन हेतु अभिभावकों के जानकारी के लिए सभी विद्यालयों में तथा झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय में हेल्प डेस्क स्थापित किया गया है।

जिला शिक्षा पदाधिकारी –सह–
जिला कार्यक्रम पदाधिकारी,
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, लोहरदगा।

PR 347089 (Lohardaga) 24-25 (D)

## दिल्ली-राजस्थान से लेकर यूपी तक की विधान सभाओं में हंगामा

यह अफसोसजनक है कि लोकसभा और राज्यसभा की तरह तमाम राज्यों की विधानसभाएं भी सत्ता और विपक्ष के जोर आजमाइश का अड्डा बनते जा रहे है,जिस कारण से जनहित के कई फैसलों पर निर्णय नहीं हो पाता है। हाल यह है कि राजस्थान में कांग्रेस,बीजेपी सरकार के खिलाफ इस लिये सड़क पर उतरी हुई है क्योंकि बीजेपी के एक मंत्री ने पूर्व पीएम इंदिरा गांधी को दादी कह दिया।इसी प्रकार दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेता रेखा गुप्ता की चार दिन पुरानी सरकार को इसलिये घेर रहे हैं क्योंकि बीजेपी ने महिलाओं को ढाई हजार रुपए देने वाले वादे को अभी तक पूरा नहीं किया है।

वही उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के नेता इस लिये विधान सभा नहीं चलने दे रहे हैं क्योंकि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने विधान सभा में चर्चा के दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओं पर कटाक्ष करते हुए कह दिया था कि आपकी पार्टी के नेता कहते हैं कि लड़कों से गलती हो जाती है,उन्हें फांसी पर तो नहीं लटका दिया जायेगा। बृजेश पाठक ने किसी नेता का नाम नहीं लिया,लेकिन क्योंकि यह बात कभी सपा के पूर्व प्रमुख मुलायम सिंह यादव ने एक जनसभा के महिलाओं के बलात्कार की बढ़ती घटनाओं पर अपने विचार रखने के दौरान कही थी। इसलिये समाजवादी आग बबूला हो गये।विधान सभा में हंगामा खड़ा कर दिया कि नेताजी को अपमान बर्दाशत नहीं करेंगे। विधान सभा अध्यक्ष सतीश महाना लगातार समाजवादी नेताओं से पूछ रहे हैं कि बताएं नेताजी का क्या अपमान किया गया है। यदि उनकी बात सही होगी तो वह मंत्री जी से माफी मंगवायेंगे,लेकिन समाजवादियों को हंगामे के अलावा कुछ रास नहीं आ रहा है।

बता दें उत्तर प्रदेश विधानमंडल का बजट सत्र 2025 चल रहा है। आज 24 फरवरी को बजट सत्र के दौरान मुलायम सिंह के नाम पर हंगामा हो गया।दरअसल, सदन की कार्यवाही शुरू होते ही प्रश्नप्रहर में डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने मुलायम सिंह की कही गई बात पर तंज कसते हुए कहा कि लड़के हैं गलती हो जाती है इस बात को कितने सपा सदस्य मानते हैं। इसके बाद सदन में हंगामा शुरू हो गया। विधानसभा में डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की टिप्पणी पर सपा सदस्यों ने वेल में आकर धरना दिया। सपा सदस्य नारेबाजी करने लगे। सपा सदस्यों ने स्वास्थ्य मंत्री को बर्खास्त करने की मांग की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना सपा सदस्यों को बार-बार चेतावनी देते रहे पर सपाइयों का हंगामा जारी रहा।

दरअसल, डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के बयान पर सपा सदस्यों से पूछा था कि क्या उनकी बातों पर अमल करेंगे। नारेबाजी कर सपा सदस्यों ने डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक पर अमर्यादित टिप्पणी की। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने ब्रजेश पाठक पर अमर्यादित टिप्पणी करने वाले सपा सदस्यों पर कड़ी कार्रवाई करने की चेतावनी दी। सपा विधायक सदन वेल में धरने पर बैठ गए हैं। इससे पहले शुक्रवार 21 फरवरी को प्रश्न प्रहर में सपा की सदस्य डॉ. रागिनी और माता प्रसाद के सवाल पर मुख्यमंत्री योगी सपा पर खूब बरसे थे। सवालों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आपका बयान आपके नेता जैसा है। समाजवादी पार्टी के सदस्यों को कि जिस तरह इनके नेता कहते हैं कि भारत विकसित देश नहीं बन सकता, वैसे ही यह भी दुर्भावनावश ऐसा कह रही हैं।

उन्होंने कहा कि यह सही लग रहा है कि सपाई जिस थाली में खाते हैं उसी में छेद करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश वर्ष 2029 तक वन ट्रिलियन इकोनॉमी का लक्ष्य हर हाल में हासिल कर लेगा। इसके लिए सरकार ने सभी विभागों को दस सेक्टर में बांट कर सभी को जिम्मेदारी सौंपी है। हर पंद्रह दिन में विभाग के अपर मुख्य सचिव या प्रमुख सचिव इसकी समीक्षा करते हैं।

### सूडोकु नवताल- 7352

सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 9 | | | 1 | 4 | | | 2 |
| 1 | 2 | | 6 | | 3 | | 5 | |
| | | 5 | | 8 | 7 | | | 9 |
| | 7 | | | 6 | 9 | | | 8 |
| 2 | 1 | | | 5 | | | 4 | 6 |
| 4 | | | 3 | 2 | | | 9 | |
| 9 | | | 8 | 4 | | 5 | | |
| | 6 | | 9 | | 5 | | 2 | 4 |
| 8 | | | 1 | 7 | | | 6 | 3 |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -7351 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |

# तमिलनाडु में हिन्दी विरोध के मायने

डॉ आर बी चौधरी



तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित पोलाची में तमिल समर्थकों ने 23 फरवरी को रेलवे स्टेशन के बोर्ड पर हिन्दी में लिखे नाम पर कालिख पोतकर भाषा विवाद को और गरमा दिया। रेलवे सुरक्षा बल ने इन लोगों की पहचान कर मामला दर्ज किया है। सच पूछिए तो यह घटना एक बड़े विवाद का हिस्सा है, जिसमें तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक ने केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी-2020) के माध्यम से हिन्दी थोपने का आरोप लगाया है। द्रमुक इस आरोप से इनकार करते हुए भाजपा के साथ वाक युद्ध में लगी हुई है। तमिलनाडु में हिन्दी विरोध की जड़ें 20वीं सदी की शुरूआत से हैं। विरोध प्रदर्शन तमिल संस्कृति और भाषा की रक्षा की इच्छा से प्रेरित है। अधिकांश तमिल आज भी हिन्दी को अपनी पहचान के लिए खतरा मानते हैं।इतिहास के पन्ने को पलटने पर ज्ञात होता है कि भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने 1937 में स्कूलों में अनिवार्य हिन्दी शिक्षण की शुरूआत की।

तमिलनाडु में इसका व्यापक विरोध हआ। विरोध प्रदर्शनों का नेतृत्व पेरियार ई.वी. रामासामी और जस्टिस पार्टी ने किया। 1937-1940 के आंदोलन के दौरान 1,198 प्रदर्शनकारियों को गिरफ्तार किया गया और 1,179 को दोषी ठहराया गया। सबसे बड़ा हिन्दी विरोधी आंदोलन 1948-1950 के बीच हुआ। इस दौरानहड़तालें हुई। वर्ष 1965 में मदुरै में हिन्दी विरोधी दंगे भड़क उठे जिसके परिणामस्वरूप लगभग 70 लोग मारे गए।आज भी तमिलनाडु में हिंदी विरोध विवादास्पद मुद्दा बना हुआ है। द्रमुक और अन्य दल गैर-हिन्दी भाषी राज्यों पर हिंदी थोपने का विरोध कर रहे हैं। जबकि भारत सरकार हिन्दी को आधिकारिक भाषा के रूप में बढ़ावा देने के प्रयास में लगी हुई है। वर्तमान विरोध ने यह स्वीकार करना आरंभ कर दिया है कि हिन्दी के साथ-साथ अंग्रेजी भी आधिकारिक भाषा बनी रहे। वर्तमान विरोध सिर्फ राजनीतिक क्रियाकलाप है। वैसे, तमिलनाडु में हिन्दी विरोध की वास्तविकता जटिल है। इसमें राजनीतिक और सांस्कृतिक दोनों कारक शामिल हैं। कुछ लोग तर्क देते हैं कि वर्तमान विरोध तमिल संस्कृति और भाषा की रक्षा करने की वास्तविक इच्छा से प्रेरित है। बुद्धिजीवी और आम आदमी इसे राजनीतिक दलों द्वारा लाभ प्राप्त करने के साधन के रूप में देखता है।सेंटर फॉर पॉलिसी स्टडीज के एक सर्वेक्षण के अनुसार, 18-25 आयु वर्ग के 71 प्रतिशत लोगो ने बिना समझे-बूझे हिन्दी थोपने का विरोध किया।

यूगऊ के एक सर्वेक्षण के अनुसार, 18-24 वर्ष की आयु के तमिलनाडु के 63 प्रतिशत निवासियों का मानना था कि स्कूलों में हिन्दी को जरूर पढ़ाया जाए लेकिन इसे अनिवार्य नहीं बनाया जाना चाहिए।

कुछ लोग तर्क देते हैं कि हिन्दी जानने से नौकरी के अवसर बढ़ सकते हैं और व्यापार और व्यापार संबंधों को सुविधाजनक बनाया जा सकता है। तमिलनाडु में भी मनोरंजन की दुनिया का लुफ्त उठाने के लिए हिन्दी भाषा को व्यावसायिक भाषा माना जाता है। लेकिन राजनीतिक के संवर्ग के लोग इसे तमिल संस्कृति और भाषा के लिए खतरा मानते हैं।नवीनतम आंकड़ों के अनुसार, भारत की 60 फीसदी आबादी हिन्दी बोलती है। भाषा विभाग की रिपोर्ट के अनुसार, वर्तमान परिदृश्य में तमिलनाडु की 40 फीसद आबादी को हिन्दी का कुछ ज्ञान है और धीरे-धीरे लोग हिन्दी को सीख रहे हैं। तमिलनाडु के स्कूलों में हिन्दी पढ़ने की गति तेज हुई है।

लोग प्रदेश से बाहर जाकर अपने व्यवसाय को बढ़ाना चाहते हैं और देशभर में सबसे ज्यादा बोले जाने वाली भाषा हिन्दी का लाभ उठाना चाहते हैं। इस कार्य में दक्षिण भारत हिंदी प्रचार सभा का बहुमूल्य योगदान है। सन 1964 में सभा को संसद ने इसे 'राष्ट्रीय महत्व की संस्था' घोषित किया था।देखा जाए तो डुओलिंगो, इटालकी और प्रीप्ली जैसे कई ऐप और ऑनलाइन प्लेटफार्म हिन्दी भाषा के पाठ्यक्रम प्रदान करते हैं और तमिलनाडु सहित भारत के तमाम हिस्सों में इन्हें काफी डाउनलोड और उपयोग किया गया है। इसके अतिरिक्त, लिंग और ड्रॉप्स जैसे कुछ ऐप हिन्दी सीखने के लिए इंटरैक्टिव और गेमीफाइड पाठ प्रदान करते हैं, जो तमिलनाडु की युवा आबादी को आकर्षित कर सकते हैं। एक सर्वेक्षण के अनुसार, दक्षिण भारत में लगभग 30 फीसद लोग हिन्दी गाने सुनते हैं।

एक अन्य अध्ययन में पाया गया कि तमिलनाडु में लगभग 70 फीसद छात्र हिन्दी की अज्ञानता के कारण केंद्रीय नौकरी में नहीं जा पाते हैं। इन बातों को स्वीकार करते हुए तमिलनाडु सरकार ने 1968 में हिन्दी को एक वैकल्पिक विषय के रूप में शामिल किया था। अंततः, तमिलनाडु पर हिन्दी थोपने या न थोपने का निर्णय एक जटिल मुद्दा है। इसमें कई कारक शामिल हैं। एक बात बहुत स्पष्ट है कि तमिलनाडु के लोग विशेष रूप से युवा पीढ़ी भाषा की राजनीति में रुचि नहीं रखती। वह हिन्दी सीखने के लिए उत्सुक हैं।

# वास्तविक सोमनाथ लिंग के पुनरुत्थान की रोचक कहानी

गुरुदेव श्री श्री रवि शंकर



भारत की आध्यात्मिक विरासत शाश्वत है और इतिहास इसकी दृढ़ता का साक्षी है। सदियों से हमारे मंदिरों, धर्मग्रंथों और परंपराओं पर कई आक्रमणकारियों द्वारा हमला किया गया है, फिर भी हमारी आस्था में कभी कोई कमी नहीं आयी है।

मैं आपके साथ ऐसी एक कहानी साझा करना चाहता हूँ जो हमारी सभ्यता और संस्कृति के लिए बहुत महत्त्व रखती है।

एक हजार वर्ष पहले बारह ज्योतिर्लिंगों में से पहला ज्योतिर्लिंग सोमनाथ, भक्ति के प्रतीक के रूप में देखा जाता था। यह केवल एक पूजा स्थल नहीं था, बल्कि आध्यात्मिक ऊर्जा का एक शक्तिभंडार था, जो पूरे देश से भक्तों, संतों और साधकों को अपनी ओर खींचता था।

कहा जाता है कि सोमनाथ का शिवलिंग अद्वितीय था क्योंकि यह भूमि को स्पर्श न करके हवा में लटका हुआ था। इससे एक दैवीय शक्ति निकलती थी जो निकट आने वाले सभी लोगों को प्रभावित करती थी। यह पवित्र ऊर्जा केवल आस्था का विषय नहीं थी; यह एक अनुभव था।

हालाँकि, 1026 ईस्वी में इतिहास ने एक दुखद मोड़ ले लिया जब महमूद गजनवी ने मंदिर में तोड़फोड़ की और शिवलिंग को अपवित्र कर दिया। किंतु विनाश होने के बाद भी लोगों में इसके प्रति अटूट भक्ति बनी रही। प्राचीन परंपराओं के समर्थक अग्निहोत्री ब्राह्मणों ने मूल सोमनाथ लिंग के टुकड़ों को संरक्षित किया और उन्हें सुरक्षित स्थानों पर ले गए। उन्होंने इन अवशेषों को एक हजार वर्षों तक सुरक्षित रखा और अत्यंत गोपनीयता के साथ पीढ़ियों तक उनका संरक्षण और उनकी पूजा की।

*पवित्र शिवलिंग के संरक्षक*

सदियों तक ये सोमनाथ ज्योतिर्लिंग के टुकड़ों के बनाये गये ये पिंड उन महान संतों और आध्यात्मिक संरक्षकों द्वारा छिपाकर रखे गए, जिन्होंने इनका महत्त्व समझा। इन पिंडों को एक पवित्र लिंगम के रूप में आकार दिया गया और उसकी पूजा की गई। पिछले सदी के पहले हिस्से में, स्वामी प्रणवेंद्र सरस्वती ने अपने गुरु से यह पिंड प्राप्त किए । वे इसे काँची शंकराचार्य स्वामी चंद्रशेखरेंद्र सरस्वती के पास ले गये, जिन्होंने इसे 100 साल तक छिपाकर रखने का निर्देश दिया। इसके बाद ये पिंड श्री सीताराम शास्त्री जी के परिवार के पास गए, जो 100 वर्ष के बाद इसे वर्तमान काँची शंकराचार्य स्वामी विजयेंद्र सरस्वती के पास ले गये। शंकराचार्य जी के कहने पर उन्होंने यह पिंड पुनः स्थापित करने के उद्देश्य से मुझे लाकर दिये। जब ये पिंड कपड़े में लपेटकर आए, तो मैंने पाया कि इन शिवलिंगों में एक विशेष चुंबकीय शक्ति थी।

हम अक्सर आस्था की बात करते हैं, लेकिन ऐसे क्षण भी आते हैं जब आस्था प्रत्यक्ष अनुभव में बदल जाती है। टुकड़ों को पकड़कर कोई भी उसी ऊर्जा को महसूस कर सकता है जो कभी सोमनाथ के भव्य कक्ष में भरी रही होगी। ये मात्र पत्थर के टुकड़े नहीं हैं; वे मंत्रों की शक्ति, सदियों से की गई अनगिनत प्रार्थनाओं, ध्यान और अनुष्ठानों की सामूहिक शक्ति से युक्त हैं।

2007 में, जब वैज्ञानिकों ने इन टुकड़ों की सामग्री संरचना का अध्ययन किया तो उन्हें कुछ आश्चर्यजनक तथ्य मिला, जिसने इस लिंगम के रहस्य को और गहरा कर दिया। उन्होंने पाया कि इसके केंद्र में एक मजबूत चुंबकीय क्षेत्र है जो बहुत ही असामान्य है। वैज्ञानिकों ने कहा कि उस स्थिति में लटके रहने के लिए यह एक बहुत ही विशेष और दुर्लभ प्रकार का चुंबकीय पत्थर होना चाहिए। ऐसे चुंबकीय गुणों वाला पत्थर बहुत दुर्लभ है। हालाँकि इसकी संरचना क्रिस्टलीय प्रतीत होती है, लेकिन यह किसी भी ज्ञात पदार्थ से मेल नहीं खाती है जिससे पता चलता है कि टुकड़े किसी नई या दुर्लभ चीज से बने थे। प्राचीन ग्रंथों में लिंग के बारे में कई उल्लेखों से संकेत मिलता है कि यह बाहरी अंतरिक्ष से आया उल्कापिंड हो सकता है।

इन पवित्र टुकड़ों की पुनः खोज केवल इतिहास को पुनः प्राप्त करने जैसी नहीं है; यह हमारी सभ्यता की भावना को पुनर्जीवित करती है। जिस तरह 500 साल बाद राम मंदिर का पुनर्निर्माण हुआ, उसी तरह अब हम 1,000 साल बाद मूल सोमनाथ लिंगम की महिमा की वापसी देख रहे हैं। यह एक ऐसा क्षण है जो सनातन धर्म की शाश्वत प्रकृति की पुष्टि करता है, यह अतीत का अवशेष नहीं है बल्कि एक जीवित, सांस लेने वाली परंपरा है जो जन्म लेती है और समय के साथ विकसित होती रहती है।

हमारा अगला कदम इस आशीर्वाद को हर जगह भक्तों के साथ साझा करना है। इन टुकड़ों को देश भर में ले जाने की योजना है, जिससे सोमनाथ में अंतिम रूप से प्रतिष्ठित होने से पहले लाखों लोगों को इनके दर्शन करने की अनुमति मिल सके। हम सभी यह सुनिश्चित करते हुए बारह ज्योतिर्लिंगों, मंदिरों और पवित्र स्थलों की यात्रा करेंगे कि भक्त इन लिंगों के रूप में शाश्वत उपस्थिति के साथ फिर से जुड़ सकें।

आध्यात्मिकता का वास्तविक सार आस्था के प्रतीकों से परे निहित है। चंद्रमा, जो वैदिक ज्योतिष में मन का प्रतिनिधित्व करता है, शिव से गहराई से जुड़ा हुआ है। इसीलिए शिव को चंद्रमा का स्वामी सोमनाथ कहा जाता है। जब मन परेशान हो तो उत्तर है शिव। जब हम इस पवित्र यात्रा पर निकल रहे हैं, हमें याद रखना चाहिए कि शिव केवल एक मूर्ति या प्रतीक नहीं हैं - शिव एक अनुभव हैं। वह हमारे विचारों के पीछे का मौन, हमारी भावनाओं के पीछे की विशालता और वह चेतना है जो पूरे अस्तित्व में व्याप्त है।

यह पुनर्खोज केवल एक ऐतिहासिक घटना नहीं है; यह समस्त मानव जाति के लिए एक शक्तिशाली संदेश है। यह हमें याद दिलाती है कि सत्य, विश्वास और भक्ति को कभी मिटाया नहीं जा सकता।

# महाकुंभ की ऐतिहासिक सफलता पर अनर्गल प्रलाप क्यों?



ललित गर्ग

महाकुंभ केवल एक धार्मिक समागम ही नहीं है, यह भारत की संस्कृति का भी परिचायक एवं आत्मा है। इस बार महाकुंभ में जितनी बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया, वह अकल्पनीय है, विश्व में इतने विशाल जनसमूह को आकर्षित एवं नियोजित करने वाले धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक आयोजन की कोई दूसरी मिसाल नहीं मिलती। इस सफल एवं ऐतिहासिक आयोजन से विपक्षी दल एवं नेता बौखलाये हुए हैं और अपने बेतूके एवं अनर्गल प्रलाप से न केवल इस आयोजन की सफलता-गरिमा को धुंधलाना चाहते हैं बल्कि सनातन संस्कृति का उपहास उड़ा रहे है। टीएमसी अध्यक्ष ममता बनर्जी ने महाकुम्भ को मृत्युकुम्भ कहा तो सपा सांसद जया बच्चन एवं कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे कहते हैं कि शवों को गंगा में बहा दिया गया, लालू यादव कहते हैं फालतू है महाकुम्भ। इस प्रकार के गैर जिम्मेदाराना बयान सनातन धर्म के जुड़े हुए सबसे बड़े आयोजन के प्रति दिए गए हैं। ऐसे एवं कुछ अन्य विपक्षी नेताओं के भ्रामक, त्रासद एवं गुमराह करने वाले बयानों से वहां जाने वाले लोगों को भयभीत, आतंकित और आशंकित किया गया। इन विपक्षी नेताओं का एक वर्ग, धर्म का मखौल एवं उपहास उड़ाते हुए लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती हैं।

यह समझ आता है कि कुछ तथाकथित प्रगतिशील और धर्मनिरपेक्षतावादी लोगों को सनातन धर्म से जुड़ा हर पर्व और परंपरा रास नहीं आती, लेकिन प्रश्न यह है कि क्या वे अन्य मतावलंबियों के ऐसे धार्मिक-सांस्कृतिक आयोजनों पर उसी तरह की टीका टिप्पणी करते हैं जैसी उन्होंने महाकुंभ को लेकर की। आखिर हिन्दू समाज अपने अस्तित्व एवं अस्मिता पर हो रहे इन हमलों एवं आघातों के लिये कब जागरूक एवं संगठित होगा?


प्रयागराज महाकुंभ 2001, इस सहस्राब्दी का पहला कुंभ था, जो एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हुआ है। जिसमें लगभग 62 करोड़ से अधिक लोगों के स्नान, रहने, चिकित्सा, यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन, स्वच्छता और सुरक्षा की शानदार एवं ऐतिहासिक व्यवस्थाएं करके मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सरकार ने न केवल देश बल्कि दुनिया को चौंकाया है। यह दुनिया का पहला विशाल आयोजन है, जिससे भारत एवं सनातन धर्म का गर्व एवं गौरव दुनिया में बढ़ा है। बावजूद इसके विपक्षी नेता जिस तरह की बातें कह एवं कर रहे हैं, निश्चित ही यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता, सनातन विरोधी मानसिकता को ही दर्शा रहा है, वे लगातार विभाजनकारी राजनीति को प्रोत्साहन देते हुए भूल जाते हैं कि उनके ऊपर देश को तोड़ने नहीं, जोड़ने की जिम्मेदारी है। वे जानते नहीं कि वे क्या कह रहे हैं। उससे क्या नफा-नुकसान हो रहा है या हो सकता है। वे तो इसलिए बोल रहे हैं कि वे बोल सकते हैं, उन्हें बोलने की आजादी है, लेकिन इसका नुकसान देश को भुगतना पड़ रहा है। विडम्बना देखिये कि इसका नुकसान उनको एवं उनके दल को भी हो रहा है। भारत में सनातन विरोध की राजनीति करके वे अपनी ही जड़े उखाड़ रहे हैं, यह उनकी राजनीतिक अपरिपक्वता को ही दर्शा रहा है।

मध्यप्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम मेडिकल एवं साइंस रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ का उल्लेख करते हुए जिस तरह कुछ विपक्षी नेताओं पर निशाना साधा, उसकी आवश्यकता इसलिए थी, क्योंकि कुछ लोग वास्तव में अनावश्यक और अनर्गल टीका-टिप्पणी करने में लगे हुए हैं। पुरानी कहावत है, मियाँ को न पाऊँ तो बीवी को नोच खाऊँ वाली स्थिति विपक्षी नेताओं एवं दलों की हो चुकी है। इसे छिद्रान्वेषी मानसिकता ही कहा जाएगा। इस प्रकार की उद्देश्यहीन, अनर्गल, उच्छृंखल एवं विध्वंसात्मक आलोचना से किसी का हित सधता हो, ऐसा प्रतीत नहीं होता। विपक्षी नेता अपने नजरिए को बदलें और देश में नफरत और झूठ की राजनीति करके भ्रम फैलाने की ओछी राजनीतिक हरकतों से बाज आएं। विपक्ष जिस भाषा का प्रयोग कर रहा है, वह किसी भी सभ्य समाज को शोभा नहीं देती। विपक्षी नेताओं ने सारी हदें लांघते हुए जो तुलनाएँ की, जो अनर्गल प्रलाप किया है वह निश्चित रूप से अतिरेक या अतिशयोक्ति कही जा सकती हैं। प्रतीत होता है हर दिखते समर्पण की पीठ पर स्वार्थ चढ़ा हुआ है। इसी प्रकार हर अभिव्यक्ति में कहीं न कहीं स्वार्थ की राजनीति है, सत्तापक्ष को नुकसान पहुंचाने की ओछी मनोवृत्ति है।

कुछ विपक्षी नेताओं ने चुन-चुनकर इस आयोजन की समस्याओं को गिनाने में अतिरिक्त दिलचस्पी दिखाई और इस क्रम में वहां मची भगदड़ का जिक्र करते हुए यहां तक कहा कि उसमें हजारों लोगों की मृत्यु हुई है। यह गैरजिम्मेदारी, मानसिक दिवालियापन एवं अपरिपक्व सोच के अतिरिक्त और कुछ नहीं। यह अच्छा हुआ कि प्रधानमंत्री ने ऐसे लोगों को कठघरे में खड़ा किया।

## दैनिक पंचांग

25 फरवरी 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति




| ग्रह स्थिति | |
|---|---|
| सूर्य | कुंभ में |
| चंद्र | मकर में |
| मंगल | मिथुन में |
| बुध | कुंभ में |
| गुरु | वृष में |
| शुक्र | मीन में |
| शनि | कुंभ में |
| राहु | मीन में |
| केतु | कन्या में |

राहुकाल 3.00 से 4.30 बजे तक

| लग्नारंभ समय | |
|---|---|
| मीन | 07.22 बजे से |
| मेष | 08.52 बजे से |
| वृष | 10.33 बजे से |
| मिथुन | 12.31 बजे से |
| कर्क | 14.44 बजे से |
| सिंह | 17.00 बजे से |
| कन्या | 19.12 बजे से |
| तुला | 21.23 बजे से |
| वृश्चिक | 23.38 ब.से |
| धनु | 01.54 बजे से |
| मकर | 03.59 बजे से |
| कुंभ | 05.45 बजे से |

**मंगलवार** 2025 वर्ष का 56 वा दिन **दिशाशूल** उत्तर **ऋतु** शिशिर। **विक्रम संवत्** 2081 **शक संवत्** 1946 **मास** फाल्गुन (दक्षिण भारत में माघ) **पक्ष** कृष्ण **तिथि** द्वादशी 12.48 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** उत्तराषाढ़ा 18.31 बजे को समाप्त। **योग** व्यतीपात 08.15 बजे तदनन्तर वरीयान 05.51 बजे प्रात: को समाप्त। **करण** तैतिल 12.48 बजे तदनन्तर गर 00.03 बजे रात्र को समाप्त। **चन्द्रायु** 24.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 09° 05'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872266
**जूलियन दिन** 2460731.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** शाबान **तारीख** 26
**विशेष** प्रदोष व्रत।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| रोग | 05.53 से | 07.22 बजे तक | | काल | 05.42 से | 07.13 बजे तक | |
| उद्वेग | 07.22 से | 08.15 बजे तक | | लाभ | 07.13 से | 08.45 बजे तक | |
| चर | 08.15 से | 10.19 बजे तक | | उद्वेग | 08.45 से | 10.16 बजे तक | |
| लाभ | 10.19 से | 11.48 बजे तक | | शुभ | 10.16 से | 11.48 बजे तक | |
| अमृत | 11.48 से | 01.16 बजे तक | | अमृत | 11.48 से | 01.19 बजे तक | |
| काल | 01.16 से | 02.45 बजे तक | | चर | 01.19 से | 02.51 बजे तक | |
| शुभ | 02.45 से | 04.13 बजे तक | | रोग | 02.51 से | 04.22 बजे तक | |
| रोग | 04.13 से | 05.42 बजे तक | | काल | 04.22 से | 05.54 बजे तक | |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

# यूपी बोर्ड- एडमिट कार्ड में छात्र का जेंडर बदला

## सेंटर पर मोजे तक उतरवाए सी.सी.टी.वी. से निगरानी एस.टी.एफ






**लखनऊ।** यूपी बोर्ड की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं सोमवार से शुरू हो गईं। सुबह पहली पाली में 10वीं के स्टूडेंट्स ने हिंदी और सामान्य हिंदी का पेपर दिया। परीक्षा सुबह 8.30 से 11:45 बजे के बीच कराई गई। अब दूसरी पाली चल रही है। दोपहर 2 बजे से 12वीं के स्टूडेंट्स हिंदी और सामान्य हिंदी के पेपर दे रहे हैं। वहीं, हाईस्कूल के छात्रों की हेल्थ केयर की परीक्षा है। परीक्षा शाम 5:15 बजे खत्म होगी। 10वीं और 12वीं में 54 लाख से ज्यादा स्टूडेंट्स परीक्षा में शामिल हैं। एग्जाम सेंटर्स पर इतनी सख्ती है कि कानपुर में छात्रों के मोजे तक उतरवा दिए। छात्राओं की हेयर क्लिप तक की जांच की गई। आगरा में यूपी बोर्ड की लापरवाही से हाईस्कूल के एक छात्र को परेशान होना पड़ा। छात्र के एडमिट कार्ड में उसका जेंडर गलत लिख दिया गया। स्कूल प्रशासन ने 'मेल' की जगह 'फीमेल' लिख दिया। लखनऊ में शिक्षा मंत्री गुलाब देवी एग्जाम सेंटर पहुंचीं। वहां इंतजाम चेक किए। बच्चों का टीका लगाकर उन्होंने सेंटर्स पर स्वागत किया। वाराणसी में बच्चों को एग्जाम से पहले मिठाई खिलाई गई। गोरखपुर में DIOS कंट्रोल रूम पहुंच गए। उन्होंने वहां परीक्षा की तैयारियां देखीं। पहली बार उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 के तहत कराई जा रही है। यूपी बोर्ड परिषद के सचिव भगवती सिंह बताते हैं- इस अधिनियम के तहत सॉल्वर गिरोह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। जिसमें 1 करोड़ रुपए जुमार्ना और आजीवन कारावास तक की सजा हो सकती है। प्रयागराज स्थित माध्यमिक शिक्षा परिषद मुख्यालय पर कंट्रोल रूम बनाया गया है। जहां से पूरे प्रदेश के सेंटरों की मानिटरिंग CCTV के जरिए की जा रही है। वहीं, प्रयागराज में महाकुंभ मेले में भीड़ के चलते परीक्षा को कैंसिल किया गया है। 24 को होने वाला एग्जाम 9 मार्च को कराया जाएगा। यूपी बोर्ड की लापरवाही से हाईस्कूल के एक छात्र को परेशान होना पड़ा। श्रीमती शहजादी बेगम इंटर कॉलेज के छात्र के एडमिट कार्ड में उसका जेंडर गलत लिख दिया गया। स्कूल प्रशासन ने 'मेल' की जगह 'फीमेल' लिख दिया। छात्र ने तुरंत स्कूल में इस गलती की शिकायत की। स्कूल प्रशासन ने आश्वासन तो दिया, लेकिन एडमिट कार्ड में सुधार नहीं किया। सोमवार को जब छात्र नैनाना जाट स्थित राजकीय कन्या इंटर कॉलेज में परीक्षा देने पहुंचा तो उसे वापस लौटा दिया गया।

## संक्षिप्त डायरी

### थाई द्वारा आयोजित बुद्ध धातु शोभायात्रा समारोह का हुआ समापन



**कुशीनगर।** बुद्ध स्थली कुशीनगर स्थित थाई मंदिर में माघी पूर्णिमा के अवसर पर 16 वें वर्ष आयोजित पांच दिवसीय समारोह का मुकुट बंधन चैत्य में पूजन, अर्चन और धम्म पाठ के। बीच विश्व कल्याण की कामना के साथ समापन हो गया। कार्यक्रम के प्रतिभागी 30 विद्यालयों के बच्चों को खाद्य सामग्री देकर पुरस्कृत किया गया। सोमवार को प्रमुख थाई बौद्ध गुरु श्रीसमिथ फ्रामहाथिरचान और रॉयल थाई एयरफोर्स कमांडर इन चीफ एयर मार्शल पुनपक्दी पट्टानकुल, थाई संघा भारत नेपाल के चीफ भन्ते फ्रा थे बोदियोंग और थाई मंदिर के प्रमुख भिक्षु फ्राविडेश्वचिरायन (डा0 पी सोम पोंग), देश विदेश के भिक्षुओं, उपासकों ने महा परिनिर्वाण मंदिर में बुद्ध की लेटी प्रतिमा का दर्शन पूजन कर चीवर चढ़ाया। इसके पश्चात थाई मोनेस्ट्री से रविवार को यहां आई बुद्ध धातु शोभायात्रा शुरू हुई। मुकुट बंधन चैत्य (रामा भार स्तूप) पहुंची। यात्रा में शामिल बौद्ध धर्म गुरु भंते ज्ञानेश्वर, मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजेश पांडेय, श्रीसमिथ पोंगरीथ, मिसेज किरिनरात, चिया युवान, मिसेज अमपोर्न, मिसेज विफा, चावा लित, दिनेश तिवारी यात्रा में शामिल थे। पूर्व सांसद श्री पांडेय ने कहा कि बुद्ध के सिद्धांत में ही जन जन का कल्याण है। शोभायात्रा में थाई कलाकार अलग, अलग टोलियों में आकर्षक नृत्य कर रहे थे। अंत में भिक्षुओं ने कार्यक्रमों में भाग लिए सभी स्कूली बच्चों को जलपान कराया और उन्हें खाद्य सामग्री भेंट कर उनके उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया। इस दौरान फ्रा खू सोन क्रान, भंते समिट, भंते अचान पविन, भंते कितिफान, टीके राय, अंबिकेश त्रिपाठी, ओमप्रकाश कुशवाहा, विवेक कुमार गोंड, सूरज यादव, गौतम शर्मा, अमिताभ त्रिपाठी सहित बुद्ध इंटर कालेज के एनसीसी कैडेट्स, विभिन्न विद्यालय के बच्चों ने भाग लिया।

### बौद्ध संग्रहालय द्वारा आयोजित वाद- विवाद प्रतियोगिता के प्रतिभागी हुए सम्मानित



**कुशीनगर।** शैक्षिक गतिविधियों के अंतर्गत राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर (संस्कृति विभाग, उ०प्र०) एवं राधा कृष्णा धनपाती देवी शिक्षण संस्थान खुखुंदू देवरिया के संयुक्त तत्वाधान में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन राधा कृष्णा धनपाती देवी शिक्षण संस्थान खुखुंदू देवरिया के परिसर मे किया गया। प्रतियोगिता का आरंभ मुख्य अतिथि रवि प्रताप मिश्रा, प्रबंधक राधा कृष्ण धनपति देवी शिक्षण संस्थान, खुखुंदू, देवरिया ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करने के साथ किया गया। प्रतियोगिता में कुल 120 छात्र -छात्राओं द्वारा प्रतिभागिता की गई। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार सुमित कुमार यादव, द्वितीय पुरस्कार शम्स तबरेज अंसारी, तृतीय पुरस्कार अमन राजभर को व सांत्वना पुरस्कार अदनान अंसारी, किशन पांडे व दीपिका यादव को पुरस्कार एवं प्रमाणपत्र वितरण किया गया। अतिथियों का स्वागत एवं आभार संग्रहालय के श्री तेज प्रताप शुक्ल के द्वारा किया गया। संचालन तरुण शुक्ला द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार के मोहम्मद कलाम, सुधीर, रंजीत, पनम, सुमन, पूनम, प्रियंका अन्य उपस्थित रहे।

# टेकुआटार - हाटा मार्ग निर्माण हेतु सांसद व विधायक ने किया शिलान्यास

## कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के हर गांव का होगा विकास : पीएन पाठक




**कुशीनगर।** कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के टेकुआटार से हाटा मार्ग का रविवार को टेकुआटार लहवारी चौक पर कुशीनगर सांसद विजय कुमार दूबे व कुशीनगर विधायक पीएन पाठक ने भूमि पूजन के बाद निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। नेशनल हाईवे को जोड़ने वाला यह मार्ग काफी दिनों से क्षतिग्रस्त था। सड़क बनने से सोहसा मठिया, कुरमौटा मंझरिया, रामनगर, देवडार पिपरा, सकरौली, पगारा होते हाटा तक यात्रा काफी सुगम हो जाएगी। शासन ने उक्त सड़क 16.7 किमी लंबे मार्ग निर्माण के लिए 2654.96 लाख का बजट जारी किया है। लोक निर्माण विभाग को कार्यदाई संस्था बनाया है। कुशीनगर सांसद विजय कुमार दूबे ने कहा कि सड़क बनने से टेकुआटार, कुरहवां, परवरपार, सोहसा मठिया, छपरा, नरकटिया, पिपरा रामनगर, देवराज पिपरा सहित हाटा तक जाने वालो के लिए लोगों को बेहतर आवागमन की सुविधा मिलेगी। कुशीनगर विधायक श्री पाठक ने कहा कि कुशीनगर विधानसभा क्षेत्र के सभी गांवों को मुख्य सड़क से जोड़ा जाएगा ताकि लोगों का आवागमन सुगम हो। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजेश निगम निर्माण खंड ने बताया कि यह सड़क निर्माण में मानकों से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। अध्यक्षता टेकुआटार मंडल अध्यक्ष राजेश राव व संचालन भाजपा नेता अमरनाथ मद्धेशिया ने किया। भाजपा नेता संतोष सिंह, आदित्य त्रिपाठी, अजय शर्मा, वशिष्ट मुनि तिवारी, मनोज कुमार, छत्रशाल, किशन रावत, मुलायम यादव, मनोज जायसवाल, विनोद तिवारी, राणा प्रताप राव, शिवाकांत ओझा सचिन पाठक धनंजय मणि त्रिपाठी अमित मालवीय राज पाठक रूद्र प्रकाश सिंह उमेश राव, राजन, पतिराज चौहान, चन्दप्रभा पांडेय, अम्बरीश कान्दू, मुन्ना चौधरी, शैलेन्द्र कोटेदार, संजय राव मौजद रहे।

### रेलवे और एयरपोर्ट कनेक्टिविटी से ही टूरिज्म को मिलेगा बढ़ावा: संतोष कपूर



**कुशीनगर।** अंतर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थली कुशीनगर में टूरिज्म को बढ़ावा देने के लिए रेलवे और एयरपोर्ट कनेक्टिविटी जरूरी है। ट्रेवल सुविधा बढ़ने से देश और विदेश के पर्यटक और बौद्ध श्रद्धालु सीधे कुशीनगर पहुंच सकेंगे और खर्च भी कम आयेगा। उक्त बातें ट्रेवल्स मामलों के जानकार और बनारस और बोधगया में सुपर ट्रेवल्स एण्ड टूर्स के प्रबंधक संतोष कपूर ने नगर के एक निजी होटल में कही। श्री कपूर ने कहा कि कुशीनगर में मोदी सरकार ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर का एयरपोर्ट निर्माण कराकर सराहनीय कार्य किया है। इस एयरपोर्ट से थाईलैंड, म्यांमार, श्रीलंका, ताइवान आदि बौद्ध देशों से सीधी उड़ान से कुशीनगर आने के इच्छुक यात्रियों को सुविधा होगी। रेलवे कनेक्टिविटी होने से कुशीनगर का बनारस, प्रयागराज, अयोध्या की तरह विकास होगा। पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए पर्यटन आवास गृह को सही से संचालित किया जाय और कमरों की संख्या बढ़ा दी जाय तो पर्यटकों की संख्या में भारी इजाफा होगा और रोजगार भी बढ़ेंगे। कुशीनगर में होटलों की कमी है। क्वालिटी जैसी कोई चीज नहीं है। इंटरनेट की सुविधा ठीक नहीं है। सरकार होटल निर्माण के लिए 30 प्रतिशत सब्सिडी दे रही है और होम स्टे को स्वीकृति दी है। बेसिक सुविधा मिलने से बाहर से आने वाले लोगों को रुम मिल सकता है और यहां वह कई दिनों तक रुक सकते हैं। हर कोई प्रकृति से जुड़ना चाहता है। बाहर से आने वाले लोगों को बेहतर ट्रेवल सुविधा मिलनी चाहिए।

# एसपी ने पृथ्वीनाथ मंदिर का किया निरीक्षण

## महाशिवरात्रि को लेकर तैयारियां सुरक्षा व्यवस्था और तैयारियों का जायजा




**गोंडा।** में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि के आयोजन को लेकर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल ने खरगूपुर थाना अध्यक्ष कमलाकांत त्रिपाठी के साथ एशिया की सबसे ऊंची शिवलिंग वाले पृथ्वीनाथ मंदिर का निरीक्षण किया। एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि महाशिवरात्रि पर लाखों श्रद्धालु जलाभिषेक के लिए आते हैं। इसलिए सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए जाएं। जिले के सभी पौराणिक और ऐतिहासिक शिव मंदिरों की निगरानी सीसीटीवी और ड्रोन कैमरों से की जाएगी। सभी थाना अध्यक्षों को धर्म गुरुओं, आयोजकों और शांति समितियों के साथ पीस कमेटी की बैठक करने के निर्देश दिए गए हैं। शोभायात्रा और मेले के शांतिपूर्ण आयोजन पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। संवेदनशील इलाकों की विशेष निगरानी की जाएगी। नदियों और घाटों पर बैरिकेडिंग की जाएगी। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए गोताखोर भी तैनात किए जाएंगे। दरअसल गोंडा जिले के पृथ्वीनाथ, बाबा दुःखहरण नाथ, करोहानाथ और बाबा बालेश्वर नाथ मंदिर सहित कई शिवालियों में लाखों की संख्या में शिव भक्त महाशिवरात्रि पर जलाभिषेक करते हैं। जलाभिषेक करने से पहले शिव भक्त करनैलगंज के सरयू घाट और अयोध्या के सरयू नदी से जल लेकर के गोंडा आते हैं। जल लेकर आ रहे श्रद्धालुओं को रास्ते में किसी भी प्रकार की दिक्कत प्रणाम इसको लेकर के भी अधिकारियों को निर्देश दिया गया है।

### कसया में 30 रोगियों में वितरित हुआ पोषण की पोटली



**कुशीनगर।** सीएचसी के परिसर में सोमवार को 30 टीबी रोगियों में प्रोटीनयुक्त पोषण की पोटली वितरित किया गया। जिसमें आईएमए द्वारा 25 मरीजों को चौथे माह की तथा उषा देवी द्वारा एक मरीज को चौथे माह, अंजलि मिश्रा एवं अशोक गुप्ता द्वारा एक-एक मरीज को दूसरे माह की तथा दो नये मरीजों को प्रथम माह की पोटली दी गयी। ईएमए के अध्यक्ष डॉ जीपी राय ने कहा कि जनपद की टीबी मुक्त बनाने के लिये सभी को क्षयरोग उन्मूलन कार्यक्रम में सहयोग करने की जरूरत है। सामुहिक प्रयास से ही टीबी रोग का खात्मा किया जा सकता है। विशिष्ट अतिथि आईएमए के सचिव डॉ वाई के मद्धेशिया ने कहा कि आईएमए जनपद को टीबी मुक्त बनाने में अपना पूर्ण योगदान दे रहा है। हम सभी टीबी रोगियों का निःशुल्क उपचार भी कर रहे है। साथ में पोषण की व्यवस्था भी कर रहे है। अध्यक्षता कर रहे अधीक्षक डॉ मार्कण्डेय चतुर्वेदी ने समाज के सम्भ्रांत व्यक्तियों से टीबी रोगियों को गोद लेने की अपील किये। संचालन निक्षय मित्र नोडल आशुतोष कुमार मिश्र ने किया। अतिथियों का स्वागत एमोटीसी डॉ मुकेश यादव ने किया तथा आभार ज्ञापन एसटीएस शाहिद अंसारी ने किया। इस दौरान वरिष्ठ लिपिक अमित सिंह, एएनएम बीना दुबे, ममता, बीसीपीएम प्रकाश, सैम्पल ट्रांसपोर्टर अशोक गुप्ता, धनश्याम प्रसाद, नगीना यादव, गुरुदयाल, पवन आदि उपस्थित रहे।

### बेबी डॉल पब्लिक स्कूल में स्काउट-गाइड शिविर का हुआ समापन



**कुशीनगर।** फाजिलनगर क्षेत्र बेबी डॉल पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट-गाइड शिविर का समापन हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान आहलादपुर पप्पू राय ने ध्वजारोहण कर शिविर का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड के प्रशिक्षण से बच्चों में अनुशासन, सेवा-भाव और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। विद्यालय के प्रबंधक हरेंद्र गुप्ता ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि स्काउट-गाइड अनुशासन की जननी है। जो बच्चों को आत्मनिर्भर और समाज के प्रति जागरूक बनाती है। इस कार्यक्रम में जितेंद्र राय, उदयभान सिंह, कुलदीप गौतम, धनंजय कुशवाहा, तसलीमा, सौम्या, सामियारा, अंजलि, अनुपमा, सीमा, गोविंद और तरन्नुम सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य श्रद्धाश्री एस ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया और बच्चों को भविष्य में भी इसी प्रकार अनुशासन और सेवा की भावना बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

# लखनऊ में होमगार्ड मुख्यालय के बाबू ने लगाई फर्जी ड्यूटी



**लखनऊ।** यूपी में बाबू ने डायल-112 में फर्जी ड्यूटी लगाकर तीन महीने की सैलरी हड़प ली। जानकारी होने पर सस्पेंड कराने की धमकी भी दिया। दरअसल, अतुल सिंह 2009 से होमगार्ड के पद पर तैनात हैं। 7 जून 2024 तक उनकी ड्यूटी डायल-112 में थी। अतुल का दावा है कि मां की तबीयत खराब होने पर एक साल तक ड्यूटी न लगाए जाने की मांग की। इसके लिए होमगार्ड जिला कमांडेंट को 10 जून 2024 को एप्लिकेशन भी लिखा। छुट्टी पर जाने के बाद बाबू ड्यूटी लगाता रहा। उसके खाते में तीन महीने की सैलरी डलवाया। बाद में गलती से सैलरी आने की बात कहकर पैसे ले लिया। कोरे कागज में कराया साइन तुल सिंह कहते हैं- हम मां का इलाज करा रहे थे। बाबू लक्ष्मी नारायण यादव का कॉल आया। उन्होंने कहा- आपके अकाउंट में गलती दूसरे लोगों की सैलरी चली गई है। इसे ऑफिस में आकर जमा कर दो। फिर घर के पास बुलाया। पैसा लिया और खाली कागज में साइन कराया। पूछने पर कहा- पैसा वापस मिलने की एप्लिकेशन लगा देंगे। अतुल बताते हैं कि संदेह होने पर विभाग में पता किया तो किसी ने सही जवाब नहीं दिया। मोबाइल पर होमगार्ड एप पर चेक करने पर मालूम हुआ कि तीन महीने से ड्यूटी लगाई जा रही है। जुलाई और अगस्त में डायल-112 में और सितंबर महीने में होमगार्ड मुख्यालय में एसएसओ के कोटे में ड्यूटी लगी थी। जबकि हमने कोई ड्यूटी नहीं की। अतुल का कहना है कि इसमें कई लोगों की मिलीभगत है। बिना ड्यूटी किए सैलरी अकाउंट में डालकर घोटाला किया गया है। अगर ड्यूटी की गई है तो डायल-112 में लगे सीसीटीवी और सर्विलांस की मदद से पूरे मामले की जांच की जाए। इसकी शिकायत कंपनी कमांडर अरुण रावत से भी की गई है। अरुण ने भी नौकरी से निकलवाने की धमकी देकर मुंह बंद रखने की हिदायत देकर भगा दिया है। मामले में लखनऊ जिला कमांडेंट अमरेश कुमार का कहना है कि डीजी होमगार्ड ने जांच के आदेश दिए हैं। फिलहाल होमगार्ड विभाग में छुट्टी का प्रावधान नहीं होता है। जितने दिन काम होता है, उतनी सैलरी मिलती है। अगर किसी कारणवश कोई काम नहीं करता है, तो लेटर देना होता है, जिसकी होमगार्ड कार्यालय से स्वीकृति दी जाती है। अतुल ने किसको एप्लिकेशन दी है, कब दी है, इसकी भी जांच हो रही है। अतुल से बैंक स्टेटमेंट व अन्य साक्ष्य मांगे गए हैं। प्रारंभिक जांच में कार्यालय में आने के हस्ताक्षर का मिलान किया गया है, जो अतुल के ही हैं। फिलहाल जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा।

उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। साक्ष्यों के साथ बुलाया, उपस्थित नहीं हुए होमगार्ड हेड क्वार्टर के जॉइंट कमांडेंट जनरल विवेक सिंह ने बताया कि अतुल सिंह की जांच मिली है। पत्र के माध्यम से सोमवार को साक्ष्यों के साथ बुलाया गया था, लेकिन उपस्थित नहीं हुए।

### पत्नी की बीमारी से परेशान युवक ने दी जान

**गोंडा।** के तरबगंज थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। कटहा गांव के कडहरन पुरवा निवासी 28 वर्षीय मुकेश गुप्ता ने पेड़ से लटककर आत्महत्या कर ली। मुकेश दिल्ली में मजदूरी करता था और एक सप्ताह पहले ही अपने गांव आया था। मुकेश की पत्नी पिछले दो महीने से बीमार चल रही थी। वह अपने मायके में रहकर इलाज करवा रही थी। तीन दिन पहले उसकी हालत बिगड़ने पर परिजनों ने उसे अयोध्या के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। पत्नी की बीमारी को लेकर मुकेश काफी परेशान था। वहीं सीओ उमेश्वर प्रभात सिंह ने बताया कि पति-पत्नी में कोई कहा-सुनी हुई थी। तहरीर नहीं मिली है तहरीर मिलने पर कार्रवाई की जाएगी। चार भाइयों में दूसरे नंबर पर था रविवार रात करीब 10 बजे मुकेश ने तरबगंज-कटहा मार्ग पर कृषि फार्म के पास सड़क किनारे एक पेड़ पर रस्सी से फांसी लगा ली।

### हमीरपुर की बिवांर पुलिस ने फरार चल रहे चार अभियुक्तों को किया गिरफ्तार



**हमीरपुर।** उत्तर प्रदेश के हमीरपुर की बिंवार पुलिस ने अपराधियों की धरपकड के लिये चलाये जा रहे अभियान के तहत मु0अ0सं0 24/2025धारा 191(2)/191(3)/115(2)/352/351(3)/140(3)/133 बीएनएस के फरार चल रहे थाना क्षेत्र के ग्राम उमरी निवासी 65 वर्षीय अभियुक्त झल्ली पुत्र सुक्खा, जबकि 30 वर्षीय राकेश पुत्र शिवचरन, वहीं 42 वर्षीय बृजमोहन पुत्र शिवराज सहित 36 वर्षीय जितेन्द्र पुत्र राजाराम को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया। जबकि अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में खासतौर से एस आई अंकित कुमार, एस आई विकास यादव सहित कांस्टेबल राजेश यादव शामिल रहे।



## घरेलू हवाई यात्री यातायात में साल-दर-साल 14.5 प्रतिशत की वृद्धि

**नईदिल्ली, एजेंसी।** आईसीआरए की रिपोर्ट के अनुसार भारत में घरेलू हवाई यात्री यातायात ने जनवरी 2025 में अपनी वृद्धि की गति बनाए रखी। जनवरी में करीब 150.3 लाख यात्रियों ने घरेलू उड़ानों का सफर किया जो दिसंबर 2024 की तुलना में 0.7 प्रतिशत अधिक और जनवरी 2024 की तुलना में 14.5 प्रतिशत अधिक है। यह आंकड़ा जनवरी 2020 के पूर्व-कोविड स्तर से भी 17.9 प्रतिशत अधिक है।

**वित्त वर्ष 2025 के पहले 10 महीनों में वृद्धि -** 2025 के पहले 10 महीने (अप्रैल 2024 से जनवरी 2025) में घरेलू हवाई यातायात की कुल संख्या 1,372.1 लाख रही। यह 7.5 प्रतिशत की वृद्धि और वित्तीय वर्ष 2020 की समान अवधि की तुलना में 13 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। भारतीय एयरलाइंस के लिए अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्री यातायात में भी मजबूत वृद्धि देखी गई। वित्तीय वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों में अंतरराष्ट्रीय यातायात 248.9 लाख यात्रियों तक पहुंच गया जो 14.5 प्रतिशत की साल-दर-साल वृद्धि और कोविड-पूर्व स्तर से 41.7 प्रतिशत अधिक है।

**एयरलाइन्स की क्षमता तैनाती -** रिपोर्ट में यह भी बताया गया कि जनवरी 2024 की तुलना में जनवरी 2025 में एयरलाइन्स ने अपनी क्षमता तैनाती में 10.8 प्रतिशत का विस्तार किया। हालांकि दिसंबर 2024 की तुलना में क्षमता में 1.2 प्रतिशत की कमी आई।

### यात्री भार कारक

घरेलू विमानन क्षेत्र ने जनवरी 2025 में 92.1 प्रतिशत का यात्री भार कारक हासिल किया जो जनवरी 2024 में 89.2 प्रतिशत और जनवरी 2020 में 85 प्रतिशत था। इसका मतलब है कि जनवरी में विमानों में अधिक सीटें भरी गईं जिससे एयरलाइन्स को अधिक मुनाफा हुआ।

### ईंधन की लागत में राहत

ईंधन की लागत जो एयरलाइनों के ऑपरेशनल खर्च का एक बड़ा हिस्सा है वित्तीय वर्ष के दौरान कुछ राहत देखी गई। एविएशन टर्बाइन फ्यूल की कीमतें अप्रैल से जुलाई 2024 तक 5.3 प्रतिशत अधिक रही लेकिन अगस्त 2024 से फरवरी 2025 तक इसमें 14.7 प्रतिशत की गिरावट आई। रिपोर्ट के अनुसार अप्रैल 2024 से फरवरी 2025 तक एटीएफ की कीमतें पिछले वित्तीय वर्ष की समान अवधि की तुलना में 8.1 प्रतिशत कम थीं। वहीं भारत का घरेलू विमानन क्षेत्र अब कोविड-पूर्व के स्तर से भी आगे बढ़ चुका है और वृद्धि के रास्ते पर है। एयरलाइन्स ने अपनी क्षमता में भी बढ़ोतरी की है और यात्रियों की संख्या भी बढ़ी है। ईंधन की कीमतों में राहत मिलने से एयरलाइन्स को भी फायदा हो रहा है।

# आध्यात्मिक पर्यटन का नया युग शुरू, लेकर आया नया बदलाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** महाकुंभ मेला 2025 भारत के आध्यात्मिक पर्यटन में एक नया बदलाव लेकर आया है। यह सिर्फ एक धार्मिक आयोजन नहीं बल्कि भारत की सांस्कृतिक धरोहर और आध्यात्मिक परंपराओं का भव्य उत्सव है। महाकुंभ के आयोजन ने न केवल लाखों तीर्थयात्रियों और पर्यटकों को आकर्षित किया बल्कि इसने आध्यात्मिक पर्यटन के क्षेत्र को भी एक नई दिशा दी है।

**महाकुंभ मेला- आध्यात्मिक पर्यटन का गेम-चेंजर -** वीआईटीएस कामट्स ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. विक्रम कामत ने महाकुंभ को आध्यात्मिक पर्यटन में एक महत्वपूर्ण बदलाव के रूप में देखा है। उन्होंने कहा, पहले आध्यात्मिक पर्यटन बुजुर्गों तक सीमित था लेकिन 2025 के महाकुंभ ने युवा पीढ़ी को भी आकर्षित किया है। अब वे भारत की आध्यात्मिक परंपराओं से जुड़ने के लिए इस आयोजन में भाग ले रहे हैं।

**बेहतर बुनियादी ढांचा और डिजिटल सुविधा -** महाकुंभ मेला अब पहले से कहीं अधिक समावेशी हो गया है। बेहतर कनेक्टिविटी, डिजिटल प्लेटफॉर्म, लाइव-स्ट्रीमिंग और मोबाइल बुकिंग सुविधाओं ने इस आयोजन को दुनिया भर के यात्रियों के लिए आसान बना दिया है। हरीश खत्री ने इसे एक संरचित और तकनीकी रूप से सक्षम अनुभव बताया है जो विशेष रूप से अंतर्राष्ट्रीय यात्रियों के लिए आकर्षक है।



### आध्यात्मिक पर्यटन का विस्तार

महाकुंभ अब केवल भारत में नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी चर्चा का विषय बन गया है। यह भारत को आध्यात्मिक पर्यटन के वैश्विक मानचित्र पर मजबूती से स्थापित करने में मदद कर रहा है। इसके माध्यम से भारत की आध्यात्मिक परंपराएं अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अधिक पहचान बना रही हैं।

### विदेशी यात्रा में वृद्धि

भारत में बढ़ते आध्यात्मिक पर्यटन के साथ भारतीय भी अब विदेशों में आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त करने के लिए यात्रा कर रहे हैं। श्रीलंका, थाईलैंड, नेपाल, और जापान जैसे देशों में भारतीय पर्यटकों की संख्या बढ़ी है जो अपनी धार्मिक यात्रा पर जाते हैं। श्रीलंका में रामायण ट्रेल पर भारतीय पर्यटकों की संख्या में तेजी से वृद्धि हुई है जबकि बौद्ध स्थल जैसे लुंबिनी भी भारतीयों के लिए आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं।

### आध्यात्मिक पर्यटन का भविष्य

आध्यात्मिक पर्यटन सिर्फ धार्मिक स्थलों की यात्रा नहीं बल्कि जीवन के परिवर्तन के बारे में है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह पर्यटन का एक नया दौर शुरू हो चुका है जहां लोग आध्यात्मिकता को आधुनिक जीवनशैली के साथ जोड़कर गहरे अनुभव की तलाश कर रहे हैं। वहीं कहा जा सकता है कि महाकुंभ मेला 2025 ने आध्यात्मिक पर्यटन को एक नई दिशा दी है और यह साबित कर दिया है कि भारतीय आध्यात्मिकता का प्रभाव सिर्फ भारत तक सीमित नहीं है बल्कि यह विश्वभर में फैल चुका है।

### महाकुंभ का वैश्विक प्रभाव

महाकुंभ का असर सिर्फ आध्यात्मिक ही नहीं बल्कि आर्थिक और वैश्विक भी है। उत्तर प्रदेश सरकार ने इस आयोजन के लिए 7,500 करोड़ रुपये का निवेश किया है जिससे न केवल बुनियादी ढांचे का निर्माण हुआ बल्कि हजारों नौकरियां भी उत्पन्न हुई हैं। महाकुंभ से लगभग 2 लाख करोड़ रुपये का प्रत्यक्ष राजस्व मिलने की उम्मीद है जो उत्तर प्रदेश की जीडीपी में एक महत्वपूर्ण योगदान देगा।


## सेट-टॉप बॉक्स यूजर्स के लिए बड़ी राहत, सर्विस बदलने पर अब नहीं करना होगा....

**नईदिल्ली, एजेंसी।** देशभर के सेट-टॉप बॉक्स उपयोगकर्ताओं के लिए बड़ी राहत की खबर है। अब उन्हें सर्विस प्रोवाइडर बदलने पर नया सेट-टॉप बॉक्स खरीदने की जरूरत नहीं होगी। पहले टाटा स्काई से एयरटेल या किसी अन्य सेवा प्रदाता में शिफ्ट होने पर ग्राहकों को अपना सेट-टॉप बॉक्स भी बदलना पड़ता था लेकिन अब इस झंझट से छुटकारा मिल गया है। भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण ने विभिन्न प्रसारकों के बीच एक ही सेट-टॉप बॉक्स के इस्तेमाल और बुनियादी ढांचे को साझा करने की सिफारिश की है। इसके अलावा ट्राई ने आईपीटीवी सेवा प्रदाताओं के लिए न्यूनतम कुल संपत्ति की आवश्यकताओं को भी कम करने की बात कही है। इस फैसले से उपभोक्ताओं को अधिक सुविधा मिलेगी और अतिरिक्त खर्च से भी बचा जा सकेगा।

### इलेक्ट्रॉनिक कचरे कम करने की कवायद

सिफारिशों में उपभोक्ता के लिए टेलीविजन चैनल वितरण सेवाओं के विकल्प बढ़ाने और इलेक्ट्रॉनिक कचरे को कम करने के लिए विभिन्न सेवाप्रदाताओं के लिए एक ही सेट-टॉप बॉक्स के इस्तेमाल की बात कही गई है। इसके साथ ही ट्राई ने इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स के लिए आईपीटीवी सर्विस देने की न्यूनतम नेटवर्थ 100 करोड़ रुपए की शर्त को हटाने की भी सिफारिश की है। साथ ही रेडियो ब्रॉडकास्टिंग सेवाओं को तकनीकी रूप से अधिक सक्षम बनाने पर जोर दिया है।

## सदर मंजिल हैरिटेज के साथ एटमॉस्फियर कोर ने भारत में भव्य शुरुआत की



**भोपाल।** एक प्रतिष्ठित ग्लोबल हॉस्पिटैलिटी कंपनी, एटमॉस्फियर कोर ने 22 फरवरी, 2025 को अपने पहले कपल्स-ओनली रिजॉर्ट, सदर मंजिल हैरिटेज बाय एटमॉस्फियर भोपाल की शुरुआत के साथ भारत में प्रवेश किया है। सदर मंजिल का उद्घाटन शनिवार 22 फरवरी 2025 को आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा किया गया। इसके साथ ही मेहमानों के लिए इस होटल की आधिकारिक शुरुआत जल्द ही की जाएगी। ऐतिहासिक भोपाल और जीवंत नए भोपाल के बीच महत्वपूर्ण स्थान पर स्थित सदर मंजिल हैरिटेज में इतिहास का अतुलनीय अनुभव प्राप्त होगा। 19वीं सदी में बेगमों और नवाबों की सभा के लिए इस्तेमाल होने वाले इस ग्रांड हॉल एवं आवास को रिस्टोर करके कपल्स के लिए एक लग्जुरियस रिट्रीट बनाई गई है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा, सदर मंजिल हैरिटेज बाय एटमॉस्फियर भोपाल विरासत इस शहर और पूरे मध्य प्रदेश राज्य की समृद्ध पहचान और गौरव का प्रमाण है। 126 साल के इतिहास और विरासत को फिर से जीवंत करके, आइए हम सभी अपने अतीत की इस शानदार याद को गले लगाएं और जश्न मनाएं। अक्षत जैन, सीईओ आरडीबी भोपाल हॉस्पिटैलिटी प्राईवेट लिमिटेड ने कहा, फ्रभारत में अवार्ड-विनिंग एटमॉस्फियर होटल्स एंड रिजॉर्ट्स ब्रांड लाने का यह उपयुक्त समय है। मालदीव के इनोवेटिव हॉस्पिटैलिटी कॉन्सेप्ट्स और स्थानीय विरासत का यह मिलन सदर मंजिल में एक बेजोड़ और नया अनुभव पेश करता है। भारत में बुटीक लग्जरी के इस नए अनुभव के बारे में श्री विनोद यदुवंशी, डायरेक्टर, आरडीबी भोपाल हॉस्पिटैलिटी प्राईवेट लिमिटेड ने कहा, ''मुझे विश्वास है कि सदर मंजिल का ऐतिहासिक वैभव उन सैलानियों को बहुत पसंद आएगा, जो रोमांस, अंतर्राष्ट्रीय लग्जरी, और बीते हुए समय की सुंदरता का अनुभव लेना चाहते हैं।'' इस प्रॉपर्टी में एंटीक फर्नीचर के साथ 22 आकर्षक विंटेज रूम्स और सुइट्स हैं, जो शानदार टुर्कोईज और क्रीम कलर्स में फिनिश किए गए हैं। यहाँ हर स्टे की शुरुआत एक नफीस वैलकम से होती है। सबसे पहले एयरपोर्ट पर पारंपरिक रूप से अभिवादन किया जाता है, उसके बाद श्वाफर सिटी ड्राईव कराता है, और मैंशन के गेट पर गुलाब की पंखुड़ियों से मेहमानों का स्वागत किया जाता है। अब यह बेगम के खुशनुमा प्लान के साथ भारत के लिए अनुकूलित किया गया है। इसमें स्टे की अवधि के आधार पर लग्जुरियस एकोमोडेशन, एयरपोर्ट से आवागमन, शाकाहारी ब्रेकफास्ट और डिनर, अनलिमिटेड प्रीमियम स्पिरिट्स एवं वाईन, हाई-टी, लाईव म्यूजिक एवं डांस, शैम्पेन टूर, और स्पा ट्रीटमेंट शामिल हैं।

## जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में मिला बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड का पुरस्कार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** जेएसडब्ल्यू ग्रुप के चेयरमैन सज्जन जिंदल को 15वें एआईएमए मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स में प्रतिष्ठित बिजनेस लीडर ऑफ डिकेड सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान जेएसडब्ल्यू ग्रुप को एक वैश्विक समूह में विस्तारित करने में उनके परिवर्तनकारी नेतृत्व के लिए दिया गया है।

श्री जिंदल को यह पुरस्कार आज यहां आयोजित एक समारोह में मुख्य अतिथि श्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय शिक्षा मंत्री और विशिष्ट अतिथि श्री जितिन प्रसाद, वाणिज्य एवं उद्योग; इलेक्ट्रॉनिक्स और आईटी राज्य मंत्री की उपस्थिति में प्रदान किया गया। प्रशस्ति पत्र केपीएमजी इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री येजदी नागपुरेवाला ने पढ़ा। श्री जिंदल के नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू समूह ने उल्लेखनीय वृद्धि हासिल की है, जिससे उसका राजस्व दोगुना से भी अधिक होकर 24 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया है। उनकी रणनीतिक दृष्टि के कारण जेएसडब्ल्यू ने अपनी वार्षिक इस्पात उत्पादन क्षमता को लगभग तीन गुना बढ़ाकर 39 मिलियन टन कर लिया है, साथ ही समूह को अक्षय ऊर्जा और सीमेंट निर्माण में एक प्रमुख शक्ति के रूप में स्थापित किया है।



यह पुरस्कार भारत के बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण की पहल के साथ जेएसडब्ल्यू समूह को जोड़ने में श्री जिंदल की महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देता है। उनके नेतृत्व में, जेएसडब्ल्यू भारत के बंदरगाह क्षेत्र में दूसरी सबसे बड़ी निजी कंपनी के रूप में उभरी है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय साझेदारी के माध्यम से इलेक्ट्रिक वाहनों और सैन्य ड्रोन सहित भविष्य-केंद्रित क्षेत्रों में भी कदम रख रही है। अखिल भारतीय प्रबंधन संघ (एआईएमए) मैनेजिंग इंडिया अवार्ड्स भारत के व्यापार परिदृश्य में उत्कृष्ट योगदान का जश्न मनाता है। इस समारोह में प्रतिष्ठित पुरस्कार विजेता, उद्योग जगत के नेता और एआईएमए के पदाधिकारी इस ऐतिहासिक 15वें संस्करण के लिए एक साथ आए।

## भारतीय स्टील कंपनियों पर चीनी स्टील का दबाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** चीन से सस्ते स्टील के बढ़ते आयात के कारण भारतीय स्टील कंपनियों को भारी दबाव का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति से निपटने के लिए सरकार जल्द ही चीन से आने वाले सस्ते स्टील पर एंटी-डंपिंग ड्यूटी लगाने पर विचार कर रही है। टाटा स्टील के सीईओ और एमडी टीवी नरेंद्रन ने बताया कि सरकार इस मामले को गंभीरता से ले रही है और इंडस्ट्री के अनुरोध पर सक्रिय रूप से विचार कर रही है। टीवी नरेंद्रन ने कहा कि भारतीय बाजार में चीनी स्टील का बढ़ता आयात कंपनियों को नुकसान पहुंचा रहा है। इसके अलावा, अमेरिका में स्टील आयात पर संभावित टैरिफ वृद्धि से हालात और भी गंभीर हो सकते हैं। उन्होंने बताया कि भारतीय स्टील एसोसिएशन ने पहले ही डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ ट्रेड रेमेडी को आवेदन दिया है, जिस पर विचार किया जा रहा है। नरेंद्रन ने यह भी कहा कि भारत स्टील उत्पादन के लिए दुनिया की सबसे अच्छी जगहों में से एक है, क्योंकि यहां आधुनिक स्टील प्लांट और लौह अयस्क का बड़ा भंडार मौजूद है। लेकिन चीनी कंपनियां कम कीमतों पर स्टील बेचकर भारतीय उद्योग को प्रभावित कर रही हैं। उन्होंने बताया कि चीनी स्टील इंडस्ट्री घाटे में है और वहां की सरकारी कंपनियां नुकसान झेल रही हैं, जबकि भारत में स्टील इंडस्ट्री का संचालन निजी कंपनियों द्वारा किया जाता है। अगर अमेरिकी राष्ट्रपति आयात पर शुल्क बढ़ाने के प्रस्ताव को लागू करते हैं, तो इससे टाटा स्टील को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से नुकसान होगा। कंपनी अपनी मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं से अमेरिकी बाजार में भी स्टील निर्यात करती है, जो नए टैरिफ से प्रभावित होगा।

# टाटा एआईए लाइफ का नया मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड

● आपके लिए रिटायरमेंट वेल्थ को बढ़ाने का एक स्मार्ट तरीका ● सुरक्षित और समृद्ध रिटायरमेंट की योजना बनाने वालों के लिए एक अनूठा अवसर

**मुंबई एजेंसी।** लोगों में वित्तीय जागरूकता बढ़ रही है और डिजिटल पहुंच निवेश को सरल बना रही है, साथ ही नए, लचीले और विकास को बढ़ावा देने वाले रिटायरमेंट समाधानों की ज़रूरत बढ़ती जा रही है। पारंपरिक बचत साधन, सुरक्षित हैं, लेकिन आधुनिक निवेशकों की गतिशील ज़रूरतों को पूरा करने में अक्सर असफल हो जाते हैं। यहीं पर अगली पीढ़ी के वित्तीय उत्पाद, जैसे कि टाटा एआईए लाइफ इन्शुरन्स कंपनी लिमिटेड (टाटा एआईए) का नया एनएफओ, मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड काम आता है। लोगों को बाजार से जुड़े, स्मार्ट समाधानों के साथ सशक्त बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है, जो उन्हें अपने वित्तीय भविष्य पर नियंत्रण रखते हुए एक मजबूत रिटायरमेंट कॉर्पस बनाने में मदद करते हैं।

रिटायरमेंट प्लानिंग का मतलब सिर्फ बचत करना नहीं है, बल्कि जोखिमों का प्रबंधन करते हुए अपनी संपत्ति बढ़ाना भी रिटायरमेंट प्लानिंग में शामिल होना चाहिए। टाटा एआईए का नया फंड क्वांट-आधारित निवेश रणनीति के जरिए पोर्टफोलियो स्थिरता सुनिश्चित करते हुए बाज़ार विकास के अवसरों का लाभ उठाने के लिए बनाया गया है। इस फंड में निवेश करके, पॉलिसीधारक निम्नलिखित लाभ उठा सकते हैं-

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, टाटा एआईए के मुख्य निवेश अधिकारी श्री हर्षद पाटील ने कहा- आज रिटायरमेंट प्लानिंग के लिए एक बेहतर, अधिक रणनीतिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। मल्टीकैप मोमेंटम क्वालिटी इंडेक्स पेंशन फंड उन निवेशकों के लिए बनाया गया है जो अपना भविष्य सुरक्षित करते हुए भारत की आर्थिक वृद्धि से लाभ उठाना चाहते हैं। गति और गुणवत्तापूर्ण निवेश को मिलाकर, हमारा लक्ष्य जोखिम को बेहतर समायोजित करते हुए रिटर्न प्रदान करना है, जिससे हमारे पॉलिसीधारकों को अपने सेवानिवृत्ति के वर्षों में वित्तीय स्वतंत्रता प्राप्त करने में मदद मिल सके। भारत की अर्थव्यवस्था के दीर्घकालिक विस्तार के लिए तैयार होने के साथ, यह फंड पॉलिसीधारकों को अपने सेवानिवृत्ति लक्ष्यों को सुरक्षित करते हुए देश की विकास कहानी में भाग लेने में सक्षम बनाता है।

## शेयर बाजार इस हफ्ते वापसी करने में रहेगा सफल

**नई दिल्ली एजेंसी।** स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और शुल्क से संबंधित खबरों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बुधवार को 'महाशिवरात्रि' के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे।

**क्या सोच रहे हैं एक्सपर्ट्स -** मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के रिसर्च हेड, संपदा प्रबंधन सिद्धार्थ खेमका ने कहा, इस सप्ताह बाजार की दिशा मिले-जुले वैश्विक बाजार रुख, अमेरिका की व्यापार नीति की घोषणाओं और रूस-यूक्रेन युद्ध से संबंधित भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर निर्भर करेगी। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के रिसर्च हेड विनोद नायर ने कहा, निवेशकों की निगाह आगामी महत्वपूर्ण संकेतकों मसलन अमेरिका के मुख्य पीसीई मूल्य सूचकांक और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के आंकड़ों पर रहेगी।

## पंकज त्रिपाठी जियो-बीपी के नए इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया अभियान का चेहरा बने

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री श्री हरदीप सिंह पुरी ने आज नई दिल्ली में इंडिया एनर्जी वीक 2025 में अग्रणी मोबिलिटी समाधान प्रदाता जियो-बीपी (रिलायंस बीपी मोबिलिटी लिमिटेड का ऑपरेटिंग ब्रांड, रिलायंस इंडस्ट्रीज और बीपी का संयुक्त उद्यम) के इंटरनेशनल फ्यूल फॉर इंडिया (आईएफएफआई) अभियान का शुभारंभ किया। लोकप्रिय भारतीय सिनेमा अभिनेता पंकज त्रिपाठी की मौजूदगी में आईएफएफआई अभियान में दिखाया गया कि जियो-बीपी किस तरह बिना किसी अतिरिक्त लागत के हर भारतीय तक उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन पहुंचा रहा है। बीपी के ईंधन अनुसंधान के 100 से अधिक वर्षों के अनुभव का लाभ उठाते हुए, यूनाइटेड किंगडम और जर्मनी में विश्व स्तर पर प्रशंसित आरएंडडी केंद्रों में विशेषज्ञ प्रौद्योगिकीविदों की गहन जांच के तहत हजारों किलोमीटर से अधिक समय तक भारतीय ईंधन के साथ भारतीय मूल उपकरण निर्माता के इंजनों का परीक्षण करके एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी के उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन विकसित किए गए हैं। एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में डीजल 4.3 प्रतिशत तक की वृद्धिशील माइलेज का लाभ प्रदान करता है, और एक्टिव टेक्नोलॉजी के साथ जियो-बीपी में पेट्रोल महत्वपूर्ण इंजन भागों को 10 गुना तक साफ रखने में मदद करता है। जियो-बीपी में उच्च प्रदर्शन वाले ईंधन सभी प्रकार के वाणिज्यिक और निजी वाहनों के साथ-साथ गैर-परिवहन खंड में काम करते हैं। स्प्लिट फ्यूल कार ने वाहन के 6-सिलेंडर इंजन के विभिन्न हिस्सों को शक्ति प्रदान करने वाले दो ईंधन टैंक को स्पष्ट रूप से सीमांकित किया है। यह एक पारदर्शी प्रदर्शन है कि कैसे जियो-बीपी में सक्रिय तकनीक के साथ उच्च प्रदर्शन वाला पेट्रोल और साधारण पेट्रोल अलग-अलग तरीके से काम करता है। बोरस्कोप इमेजिंग (मानव शरीर के अंदर देखने के लिए चिकित्सा क्षेत्र में उपयोग किया जाता है) के साथ, प्रदर्शनी में साधारण पेट्रोल के लिए महत्वपूर्ण इंजन घटकों पर उच्च जमाव का निर्माण दिखाया गया, जो अनिवार्य रूप से कम ईंधन दक्षता का कारण बनेगा। यह देखते हुए कि इंजन समान परिस्थितियों में एक ही कार में चल रहा है, यह सक्रिय तकनीक संचालित ईंधन के साथ संचालन के लाभ का प्रमाण है।

# बालू लदा ट्रक ऑटो से टकराया,7 की मौत:

## ग्रामीण बोले- मां-बेटी अभी भी लापता

**पटना।** के मसौढ़ी में रविवार देर रात बालू लदे ट्रक ने ऑटो में टक्कर मार दी। इस घटना में ऑटो सवार 7 लोगों की मौत हो गई। टक्कर के बाद दोनों गाड़ियां छोटी नहर में गिर गईं। ट्रक ऊपर और ऑटो उसके नीचे था। एक्सीडेंट में ऑटो के परखच्चे उड़ गए। पुलिस ने जेसीबी से शव को बाहर निकाला। घटना मसौढ़ी-नौबतपुर मार्ग पर धनीचक मोड़ पर की है। स्थानीय लोगों का कहना है कि 'हादसे के बाद से एक महिला और उसकी 2 साल की बच्ची अभी भी लापता हैं। जेसीबी की मदद से उन्हें ढूंढा जा रहा है।' मसौढ़ी के SDO नव वैभव ने बताया, 'घटना की



सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई थी। देर रात हादसा हुआ है। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से राहत कार्य चलाया गया। गाड़ी के अंदर फंसे लोगों को बाहर निकाला।' इधर सोमवार सुबह आक्रोशित लोगों ने मसौढ़ी-नौबतपुर मार्ग को जाम कर दिया है। करीब 3 घंटे से रोड पर शव रखकर मुआवजे की मांग को लेकर



प्रदर्शन कर रहे हैं। हादसे के बाद स्थानीय लोगों में आक्रोश है। लोगों का कहना है कि सड़क किनारे के पेड़ के कारण हादसा हो रहा है। पेड़ काटने को लेकर लोगों की पुलिस से झड़प भी हुई है। लोगों का कहना है कि पेड़ के कारण हादसे होते हैं, इसे काट देना चाहिए। जबकि पुलिस पेड़ काटने से रोक रही है। जानकारी के मुताबिक ऑटो में सभी मजदूर थे और पटना से मजदूरी करके तारेगना स्टेशन पर उतरे। फिर वहां से ऑटो से अपने घर लौट रहे थे। इस बीच पितवांस की ओर से जा रहे ट्रक का एक्सेल टूट गया और ट्रक असंतुलित होकर ऑटो से टकरा गया। इसके बाद दोनों वाहन पानी भरे गड्ढे में जा गिरे। ग्रामीणों के मुताबिक, खराट गांव के मजदूर प्रतिदिन अपने गांव से ट्रेन पकड़कर पटना मजदूरी करने जाते हैं। रविवार देर रात पटना से मजदूरी करके तरेगना स्टेशन उतरे थे। वहां से ऑटो पड़कर अपने गांव खराट जा रहे थे। इसी बीच नूरा बाजार के पास हादसा हुआ।

# पांच दिन के अंदर दूसरी बार बिहार पहुंचे कांग्रेस प्रभारी

### अकेले चुनाव लड़ने के सवाल पर कहा- चर्चा चल रही है

**बिहार।** विधानसभा चुनाव में अभी करीब 8 से 9 महीने का वक्त बचा है। इससे पहले कांग्रेस पार्टी अपने स्तर पर चुनावी तैयारियों में जुट गई है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू पांच दिन के अंदर दूसरी बार बिहार पहुंचे हैं। पटना एयरपोर्ट पर उन्होंने कहा कि बिहार में कांग्रेस मजबूत है। इसे और अधिक मजबूत बनाने के लिए पार्टी के नेताओं और कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। सभी से मिलकर आगे की रणनीति तय करेंगे। जिससे पार्टी को मजबूती मिल सके। वहीं, पीएम नरेंद्र मोदी के बिहार दौरे पर कहा कि किसी के आने और जाने से फर्क नहीं पड़ता है। संगठन और



कांग्रेस का कार्यक्रम जारी रहेगा। हमारा फोकस पार्टी को मजबूत करने और 2025 विधानसभा चुनाव की तैयारियों पर है। चार दिवसीय दौरे पर बिहार पहुंचे हैं कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी कृष्णा अल्लावरू अपने चार दिवसीय दौरे में पहले दिन 24 फरवरी को पटना महानगर, पटना ग्रामीण-1 और पटना ग्रामीण-2 के प्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। इसमें विधायक, विधान पार्षद, पूर्व सांसद, जिलाध्यक्ष, एआईसीसी सदस्य, प्रदेश डेलिगेट, पूर्व प्रत्याशी और प्रखंड अध्यक्ष शामिल होंगे। कृष्णा अल्लावरू 25 फरवरी को बेगूसराय जाएंगे। वहां बेगूसराय, खगड़िया, समस्तीपुर के नेता और कार्यकताओं के साथ मीटिंग करेंगे। इसके बाद 26 फरवरी को भोजपुर में बक्सर, रोहतास और कैमूर जिलों के प्रतिनिधियों से संवाद करेंगे। 27 फरवरी को मुजफ्फरपुर में मुजफ्फरपुर, मधुबनी, दरभंगा और सीतामढ़ी के प्रतिनिधियों के साथ मंथन करेंगे। बिहार कांग्रेस के नए प्रभारी इससे पहले 20 फरवरी को पटना पहुंचे थे। सदाकत आश्रम में कार्यकताओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा था, 'जिस प्रदेश में सालों से हमारी सरकार नहीं, वहां भी आपने सालों से पार्टी का झंडा लहराया है।

# किसानों के सुझाव के अनुसार मखाना बोर्ड का गठन किया जाएगा

**पटना।** उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा कि मखाना उत्पादन और मछली पालन के लिए पट्टे पर जमीन देने की प्रक्रिया सरल होगी। देश का 85 प्रतिशत मखाना बिहार में पैदा होता है। ऐसे में मखाना बोर्ड के गठन से इसकी गुणवत्ता बढ़ेगी और मार्केटिंग में सहायक होगा। इससे किसानों की आय बढ़ेगी। मखाना किसानों को आयुष्मान भारत से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार से बात की जाएगी। इस मौके पर हरी सहनी, गोपाल जी ठाकुर, अशोक कुमार यादव, जीवेश मिश्रा आदि मौजूद थे। पटनो केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मखाना बोर्ड का गठन दिल्ली में बैठकर नहीं किया जाएगा। जिनके लिए बोर्ड बनाया जा रहा है, उनसे इस संबंध में सुझाव लिया जाएगा। उसके आधार पर बोर्ड के काम होंगे। दरभंगा जाने के क्रम में केंद्रीय कृषि मंत्री पटना एयरपोर्ट पर मीडिया से मुखातिब थे। तेजस्वी यादव की टिप्पणी संबंध में शिवराज ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी बंगले तक सीमित नहीं रहते हैं। वह लोगों के बीच में जाते हैं। बिहार आने से पहले वह मध्यप्रदेश जाएंगे। बिहार के बाद असम में कार्यक्रम है। पीएम नरेंद्र मोदी मोतिहारी में राष्ट्रीय गोकुल मिशन के तहत स्वदेशी नस्ल के लिए केंद्र का उद्घाटन करेंगे।


## 10 साल की बच्ची से रेप बेर का लालच देकर पोखर के पास ले गया बदमाश



**नवादा।** के नरहट थाना क्षेत्र में एक नाबालिग के साथ रेप की घटना घटी है। पीड़ित नाबालिग को आरोपित ने बेर का लालच देकर पोखर के पास ले जाकर रेप किया। इस घटना के बाद एसपी अभिनव धीमन के आदेश पर पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है और आगे की जांच की जा रही है। 10 साल की नाबालिग के साथ 19 फरवरी को हुई इस घटना की जानकारी परिवार के लोगों ने 23 फरवरी को पुलिस को दी। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है।नाबालिक की ओर से परिवार को घटना की जानकारी देने के बाद, परिवार ने तुरंत थाना पहुंचकर पुलिस से न्याय की गुहार लगाई है। घटना की जानकारी मिलने पर, पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने नाबालिग और आरोपित दोनों का मेडिकल जांच भी कराया है और आगे की जांच की जा रही है। माता-पिता की मानसिक स्थिति ठीक नही थाना प्रभारी उमाशंकर सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपित विकास कुमार को गांव से ही अरेस्ट कर लिया है। रविवार की रात नवादा के अस्पताल में दोनों का मेडिकल जांच कराया गया है। नाबालिग के माता-पिता की मानसिक स्थिति ठीक नहीं है, जिसका फायदा उठाकर आरोपित युवक ने घटना को अंजाम दिया। एसडीपीओ गुलशन कुमार ने इस घटना के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि आरोपित को गिरफ्तार कर लिया गया। एसडीपीओ की देखरेख में घटनास्थल पर जांच की गई। फोरेंसिक टीम बुलाकर सबूत इकट्ठा किए गए हैं। आरोपित युवक ने बेर का लालच देकर नाबालिग को घर से दूर ले जाकर पोखर के पास सुनसान जगह पर रेप किया है। नाबालिग ने अपने परिवार को घटना की जानकारी दी, जिसके बाद परिवार के लोग थाना पहुंचे और पुलिस को लिखित आवेदन दिया। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपित विकास कुमार को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपनी गुनाहों को कबूल किया। इसके बाद पुलिस ने आरोपित की गिरफ्तारी कर ली और आगे की जांच की जा रही है।

# रोहतास में 55 दिन से लापता बच्ची का शव मिला





**रोहतास।** के डेहरी में न्यू डिलिया मोहल्ले से 31 दिसंबर को लापता हुई 5 साल की मासूम उमरा का शव मिला है। बच्ची की लाश घर के पास स्थित तालाब से बरामद किया गया। बच्ची तीन बहनों में दूसरे नंबर की थी। उमरा 31 दिसंबर को मोहल्ले में खेलने गई थी। देर शाम तक घर नहीं लौटने पर परिजनों ने पहले आसपास तलाश की। बाद में नगर थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई गई। शव मिलने की सूचना पर एसपी रौशन कुमार और एएसपी सहित कई थानों की पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच के लिए एसएफएल की टीम को भी बुलाया गया है। मृतका के चाचा ने बताया कि जहां से बच्ची लापता हुई थी, वहीं से शव बरामद हुआ है। बच्ची के लापता होने के बाद से पुलिस लगातार खोजबीन कर रही थी। सामजिक संगठन भी लगातार प्रदर्शन कर रहे थे। परिजनों का कहना है कि उनकी किसी से दुश्मनी नहीं थी। अब जांच का विषय है कि शव कितने दिनों से पानी में था।

# कुंभ जा रहे श्रद्धालु हादसे का शिकार, 4 की मौत खड़े ट्रक से टकराई गाड़ी

### बंगाल के 6 लोग घायल: 2 को स्कार्पियो ने कुचला





**रोहतास।** में दो सड़क दुर्घटना हुई है। दो अलग-अलग जगहों पर 4 लोगों की मौत हुई है। पहली घटना में सोमवार सुबह चेनारी थाना क्षेत्र के एनएच-2 (जीटी रोड) पर पश्चिम बंगाल से प्रयागराज कुंभ मेला जा रहे श्रद्धालुओं की पिकअप ट्रक से टकरा गई। दुर्घटना में बंगाल के बांकुरा जिले के दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई। 48 साल के हरि सोरदार की मौत घटनास्थल पर ही हो गई। 50 साल के बंशी मंडल ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। इस हादसे में 6 अन्य लोग घायल हुए हैं, जिनमें सुशांतो दास और काली कोरंगा भी शामिल हैं। पिकअप में कुल 14 श्रद्धालु सवार थे। सभी बांकुरा जिले के विष्णुपुर के रहने वाले हैं। चालक के मुताबिक, सबराबाद में पेट्रोल पंप से निकलते



समय एक बस पिकअप की तरफ मुड़ गया। बस से बचने के प्रयास में पिकअप खड़े ट्रक से जा टकराई। तेज रफ्तार स्कार्पियो ने दो श्रद्धालुओं को मारी टक्कर दूसरी घटना तारचण्डी धाम के पास एनएच-2 जीटी रोड की है। तेज रफ्तार स्कार्पियो ने दो श्रद्धालुओं को टक्कर मार दी। औरंगाबाद के दाउदनगर थाना क्षेत्र के गंगाबीघा मनार गांव के इंद्रदेव प्रजापति और राम यादव प्रयागराज जा रहे थे। वे अन्य ग्रामीणों के साथ बस से यात्रा कर रहे थे। रविवार रात को बस तारचण्डी धाम में रुकी। दोनों श्रद्धालु दुकान से नारियल खरीदकर बस की तरफ लौट रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार स्कार्पियो ने उन्हें टक्कर मार दी। इंद्रदेव प्रजापति की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल राम यादव को सदर अस्पताल ले जाया गया। डॉक्टरों ने राम यादव की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें पटना रेफर कर दिया। पटना ले जाते समय रास्ते में उनकी भी मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। धौडाढ़ थानाध्यक्ष के अनुसार, हादसे के बाद स्कार्पियो फरार हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों को पोस्टमार्टम के बाद शव सौंप दिए गए हैं। चेनारी थानाध्यक्ष रंजन कुमार ने बताया कि घायलों को सदर अस्पताल के ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया है। मृतकों के शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## एक्सप्रेस वे अब मीरनगर सराय से शुरू



**पटना।** प्रस्तावित पटना-पूर्णिया 6 लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के फाइनल अलाइनमेंट में परिवर्तन किया गया है। अब यह सड़क एन एच 22 स्थित मीरनगर सराय से शुरू होकर चांद भट्ठी गुलाबबाग से पूरब गुलाबबाग-किशनगंज फोर लेन सड़क में मिलेगी। नए अलाइनमेंट में इस सड़क की लंबाई घटकर 244.93 किमी रह गई है। मधेपुरा क्षेत्र के सांसद दिनेश चन्द्र यादव ने रविवार को अपने कायस्थ टोला स्थित आवास पर जानकारी देते कहा कि पूर्व के अलाइनमेंट में इस सड़क की लंबाई 282 किमी थी। नए अलाइनमेंट में सड़क की लंबाई 37 किमी कम हो गई है। इस सड़क के निर्माण में करीब 18 हजार करोड़ रूपया खर्च होने का अनुमान है। यह सड़क बिहार के छह जिलों-वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा, मधेपुरा और पूर्णिया होकर गुजरेगी। इस सड़क के निर्माण होने से सहरसा शहर से पटना की दूरी घट कर करीब 160 किमी रह जाएगी। इस सड़क के निर्माण के लिए 90 मीटर चौड़ाई में जमीन का अधिग्रहण होगा।

## संक्षिप्त डायरी

### मुस्लिम बॉयफ्रेंड संग भागकर महिला ने रचाई दूसरी शादी



**पूर्णिया।** में एक महिला पर दो युवकों ने पति होने का हक जताया। एक युवक हिन्दू और दूसरा मुस्लिम। महिला का डेढ़ साल का बच्चा भी है। बच्चे पर भी दोनों पिता होने का हक जता रहे थे। दरअसल, अनुपम कुमारी (24) ने 2022 में पहली शादी हिन्दू लड़के परमजीत राय (27) से की थी। शादी से पहले 2021 से ही अनुपम का अफेयर मो. सिराजुल से था। एक साल पहले अनुपम अपने मायके सरसी थाना क्षेत्र के बेला चंपावती गांव आई थी। तब से वो मायके में ही रह रही थी। 31 दिसंबर को अनुपम ने सिराजुल के साथ भागकर मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह कर लिया। अनुपम के पिता ने सिराजुल पर अपहरण का केस दर्ज करवाया। पुलिस ने डेढ़ महीने में ही अनुपम को बरामद कर लिया। पारिवारिक विवाद को सुलझाने के लिए एसपी कार्तिकेय शर्मा ने मामले को पुलिस परामर्श केंद्र को सौंपा दिया। परिवार परामर्श केंद्र में 22 फरवरी (शनिवार) को फैसला हो गया कि अनुपम अपने बच्चे के साथ पहले पति परमजीत राय (27) के साथ ही रहेगी। रविवार को अनुपम के पिता अपनी बेटी, नाती और दामाद को लेकर प्रयागराज पहुंचे और महाकुंभ में स्नान-शुद्धिकरण के बाद बेटी और नाती को दामाद परमजीत को सौंप दिया। परमजीत ने बताया, 'अनुपम के बरामद होने के बाद मामला कोर्ट में पहुंचा। कोर्ट में अनुपम ने मुस्लिम युवक के पक्ष में बयान दिया।' अनुपम ने कोर्ट में कहा, 'मैं बालिग हूं। इसलिए अपनी जिंदगी का फैसला खुद कर सकती हूं। मैं दूसरे पति के साथ रहना चाहती हूं।' अनुपम के इस बयान के बाद सिराजुल जेल जाने से बच गया। इसके बाद मामला परिवार परामर्श केंद्र में चला गया। सिराजुल ने शर्त रखी कि 'अनुपम को तभी रखूंगा, जब बच्चा भी हमें दिया जाएगा। जिसके बाद परामर्श केंद्र ने बच्चे का जन्म प्रमाण पत्र मांगा। गुजरात के एक अस्पताल का बर्थ सर्टिफिकेट दिखाया गया। जिसमें पिता के तौर पर परमजीत का नाम दर्ज था। ये देखने के बाद परामर्श केंद्र ने बच्चे को परमजीत के साथ रहने का फैसला सुनाया। जिसके बाद सिराजुल केंद्र से फरार हो गया। अनुपम अपने पहले पति के साथ चली गई।' मो. सिराजुल ने बताया, 'मैं और अनुपम रिलेशनशिप में थे। पहली मुलाकात 5 साल पहले साल 2021 में सारसी बाजार में हुई थी। मैंने अनुपम का नंबर मांगा। फोन पर बातचीत करते-करते दोस्ती गहरी हो गई। महीने भर के अंदर हम दोनों की लव स्टोरी शुरू हो गई।' 'दोनों अलग धर्म से थे। इसलिए घर और समाज से छिपकर मिलते रहे। एक दिन लड़की के घरवालों को अफेयर और रिलेशनशिप की भनक लग गई। जिसके बाद घरवालों ने हम दोनों को अलग कर दिया। इसके 6 महीने अंदर अनुपम की मेरठ के रहने वाले लड़के से शादी तय हो गई।' 'जब वो साल भर पहले मेरठ से घर आई तो हम दोनों की बातचीत बढ़ी और काफी नजदीक आ गए। 31 दिसंबर को भागकर शादी कर ली।'

### पत्थर घाट के पास युवक का शव मिला



**पटना।** में पत्थर घाट के पास एक युवक का शव मिला है। मृतक की पहचान नहीं हो सकी है। अज्ञात वाहन की चपेट में आने से मौत की आशंका है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज सह अस्पताल भेज दिया है। मामले की छानबीन की जा रही है। चौक थाना प्रभारी शशि कुमार राणा ने बताया की स्थानीय लोगों से घटना की सूचना मिली थी। युवक कुछ दिन पहले आसपास के इलाकों में घूमते हुए दिखाई दिया था। शिनाख्त के लिए दूसरे थानों से संपर्क किया गया है। प्रथम दृष्टया मामला दुर्घटना का लग रहा है। थाना प्रभारी ने कहा कि जांच के लिए मौके पर FSL टीम को बुलाया गया है। सीसीटीवी फुटेज भी खंगाला जा रहा है। रात के समय में अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत की आशंका है। जांच चल रही है।

### स्वास्थ्य के लिए दौड़े डॉक्टर, छात्र और कर्मचारी



**पटना।** पीएमसीएच के शताब्दी वर्ष समारोह से पहले रविवार को सेंटिनरी रन का आयोजन किया गया। शताब्दी वर्ष समारोह 25 फरवरी को है। सेंटिनरी रन में 1200 मेडिकल स्टूडेंट्स के अलावा डॉक्टरों, अस्पताल कर्मियों, विदेशों आए पूर्ववर्ती छात्रों ने हिस्सा लिया। इन्होंने पीएमसीएच से जेपी गंगा पाथ वे पर दौड़ लगाई। सेंटिनरी रन की थीम रन फॉर हेल्थ थी। प्राचार्य डॉ. विद्यापति चौधरी ने बताया कि सेंटिनरी रन का आयोजन सबको सेंसेटाइज करने के लिए किया गया था। पीएमसीएच के छात्रों के अलावा दूसरे कालेजों से पढ़े चिकित्सकों ने भी इस दौड़ में हिस्सा लिया। पटना मेडिकल कॉलेज ने प्रतिभागियों के लिए टीशर्ट और टोपी की व्यवस्था की थी। पद्मश्री डॉ. गोपाल प्रसाद सिन्हा, डॉ. विजय प्रकाश, डॉ. शांति राय, डॉ. आरएन सिंह, डॉ. एए हई, डॉ. एके अग्रवाल, डॉ. राजीव कुमार सिंह, डॉ. महेश प्रसाद, डॉ. नीलू प्रसाद, डॉ. अरविंद कुमार, डॉ. अमूल्य कुमार सिंह, डॉ. हिमांशु राय आदि दौड़ में शामिल हुए। रंगीन गुब्बारा उड़ाकर इस डेढ़ किलोमीटर की दौड़ की शुरूआत हुई। इस दौरान स्वस्थ रहने के लिए दौड़ का महत्व लोगों के बताया गया। दौड़ के बाद सभी प्रतिभागी पीएमसीएच राजेंद्र सर्जिकल ब्लॉक के पास बने मंच के पास जमा हुए। यहां की सभा नए-पुराने छात्रों के मिलन समारोह के रूप में परिवर्तित हो गई। आयोजन सचिव डॉ. अरविंद कुमार ने बताया कि सेंटिनरी 2025 सभा के दौरान पुराने छात्रों ने अभी पढ़ रहे छात्रों को हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया। कहा कि अच्छे चिकित्सक बनने के साथ ही अपनी फिटनेस पर भी ध्यान रखना जरूरी है।



# बच्चों को भविष्य के लिए इस तरह से करें तैयार

अपने बच्चों को बाहरी दुनिया में रहने के लिए ट्रेनिंग दें। क्योंकि चाहे चिड़िया को उड़ना सिखाना नहीं पड़ता हो, फिर भी मां बच्चों को उड़ने की ट्रेनिंग दिया करती है। कभी अपने घर के आंगन में अपने बच्चों को उड़ना सिखाती चिड़िया को देखें तो आपको एहसास होगा कि उड़ने की कला उन्हें प्रकृति से मिली जरूर है, लेकिन कौशल उन्हें खुद ही हासिल करना होता है। देखें आप अपने बच्चे को कैसे आत्मविश्वासी और आत्म-निर्भर बना सकते हैं।

प्रवीर और मृदुल इत्तेफाक से रूममेट बन गए। मृदुल की मां कॉर्पोरेट सेक्टर में काम करती है, इसलिए उसका परिवेश एकदम ही अलग है। दूसरी और प्रवीर की मां सरकारी दफ्तर में काम करती है इसलिए उसका परिवेश मृदुल से कुछ अलग था। एक तरफ मृदुल हर तरह से आत्म-निर्भर और आत्मविश्वासी है तो दूसरी तरफ प्रवीर हर चीज को टालता रहता है। शुरुआत में दोनों को एक-दूसरे के साथ एडजस्ट होने में बहुत दिक्कतें पेश आई। मृदुल क्या पहनना है से लेकर पिकनिक पर कहां जाना है और शाम को क्या सब्जी बनाने से लेकर बुक-शॉप से कौन-सी बुक खरीदनी है, जैसे सारे निर्णय स्वयं लेता है तो दूसरी तरफ प्रवीर को हर तरह का निर्णय लेने में दूसरों की जरूरत लगती है। वजह.स्पष्ट है-मृदुल को बचपन से ही निर्णय लेने के लिए प्रेरित भी किया और निर्णय लेने भी दिया गया। प्रवीर को हमेशा ही बच्चा कहा गया और हर उस अवसर से उसे दूर रखा गया, जहां विकल्पों में से चुनाव करना था। अक्सर हम बच्चों के बड़े होने के दौरान ही उन्हें निर्णय लेने की क्रिया से वंचित करते चलते हैं और फिर जब वे बड़े हो जाते हैं तब एकाएक उन्हें कहने लगते हैं कि अब बड़े हो गए हो, अपने निर्णय खुद ही करो। उस पर जब उनका निर्णय गलत सिद्ध होता है तब हम उन्हें ही दोष देने लगते हैं कि इतने बड़े हो गए, लेकिन अब तक यह समझ नहीं आया कि अपने लिए क्या सही है और क्या गलत है?

बच्चों को अपने पैरों पर खड़ा होने देना सिर्फ एक कहावत नहीं है, बल्कि उन्हें हर तरह से आने वाले जीवन और हकीकतों के सामने खड़े होने और लड़ने की कूव्वत देना है। इस मामले में एक और महत्वपूर्ण बात यह है कि जब बच्चे घर से बाहर पढ़ने के लिए जाते हैं तब लड़कियां लड़कों की तुलना में जल्दी एडजस्ट कर लेती है। हो सकता है इसके सामाजिक कारण भी हो, लेकिन एक बात यह भी है कि बहुत सारे मामलों में लड़कियां ज्यादा लचीली होती है और दूसरे घर के छोटे-मोटे कामों में मां का हाथ बंटाते-बंटाते वह कब आत्मविश्वास पा लेती है, इसका उन्हें खुद भी ज्ञान नहीं होता है। अपने बच्चों को बाहरी दुनिया में रहने के लिए ट्रेनिंग दें। क्योंकि चाहे चिड़ियां को उड़ना सिखाना नहीं पड़ता हो, फिर भी मां बच्चों को उड़ने की ट्रेनिंग दिया करती है। कभी अपने घर के आंगन में अपने बच्चों को उड़ना सिखाती चिड़िया को देखें तो आपको एहसास होगा कि उड़ने की कला उन्हें प्रकृति से मिली जरूर है, लेकिन कौशल उन्हें खुद ही हासिल करना होता है। देखें आप अपने बच्चे को कैसे आत्मविश्वासी और आत्म-निर्भर बना सकते हैं।

## उन्हें एक कोना दें

चाहे जो परिस्थिति हो, आप अपने बच्चे को एक ऐसा कोना जरूर उपलब्ध कराएं, जिसे वह स्वयं व्यवस्थित करें। याद करें स्कूलों में बच्चों को दिया जाना वाला लॉकर। इसी तरह एक ड्रॉवर या एक लॉकर उसे जरूर दें, जहां वह अपनी चीजें व्यवस्थित कर रख सकें। इससे उसमें जिम्मेदारी का भाव भी आएगा और निर्णय करने की क्षमता का विकास भी होगा। जब वह उसे अपनी तरह से व्यवस्थित कर पाएगा तो उसमें आत्मविश्वास भी आएगा।

## छोटे-छोटे निर्णय करने दें

अपने बच्चे को छोटे-छोटे निर्णय स्वयं करने दें। जैसे अपने दोस्त की बर्थडे पार्टी में वह क्या पहन कर जाना चाहता है? या फिर डिनर के लिए जाते हुए वह किस तरह के कपड़े पहनना चाहता है? या रेस्टोरेंट में उसे स्वयं अपना ऑर्डर देने के लिए कहें। आइसक्रीम का कौन-सा फ्लैवर या किस तरह का पित्जा वह खाना चाहता है, इसका निर्णय उसे स्वयं करने दें।

## अपने रिश्ते उसे ही निभाने दें

यदि उसके दोस्त का जन्मदिन है या वह अपने दोस्त को किसी खास मौके पर पार्टी देना चाहता है या गिफ्ट देना चाहता है तो उसे खुद ही निर्णय करने दें। यदि वह आपसे राय मांगे तो उसे सुझाव दें। उसके समक्ष विकल्प रखें, उसे निर्णय न सुनाएं। उससे पूछे कि उसके दोस्त की रूचि क्या करने में है? उसी हिसाब से वह उसे गिफ्ट दें, लेकिन यह न बताएं कि उसे क्या गिफ्ट दे!

## घर के छोटे-छोटे काम करने के लिए कहें

भारतीय घरों में अक्सर घर के कामों को लड़कियों के हिस्से में माना जाता है। ऐसे में अक्सर हम लड़कों को इससे अलग रखते हैं। लेकिन अब चूंकि लड़कों को भी अलग-अलग वजहों से घर से बाहर जाना पड़ता है, इसलिए उन्हें भी घर के काम करना आना चाहिए। इससे घर से बाहर एडजस्ट करने में उन्हें असुविधा नहीं होगी। खासतौर पर चाय बनाना, नाश्ता बना पाना और हां अपने कपड़ों को खुद ही धोना अपने बच्चे को जरूर सिखाएं।

## अपनी समस्याओं को उन्हें ही हल करने दें

भाई-बहनों के बीच के झगड़े हो या फिर दोस्तों के बीच हुए विवादबच्चे को अपनी समस्याओं से खुद ही लड़ने को कहें। स्कूल के एंन्यूएल फंक्शन में पार्टिसिपेशन के लिए डांस की तैयारी करनी हो या फिर कॉस्ट्यूम अरेंज करना हो, बच्चों को मार्गदर्शन तो दें, लेकिन उसका काम आप न करें। इस तरह की छोटी-छोटी चीजें करके आप बच्चे को भविष्य के लिए तैयार कर सकते हैं। आखिर उसे आपके घर की छत से बाहर जाकर अपने लिए जमीन तलाशनी है और दुनिया बनानी है। अपनी छाया से अलग करके ही आप उसे विकसित होने का अवसर देंगी, ये न सिर्फ आपके लिए बल्कि स्वयं बच्चे के लिए भी अच्छा होगा।

# छोटी-सी तारीफ भी देती है बड़ी खुशी

**कोई भी महिला तब और निखर उठती है, जब कोई उसकी खूबसूरती की तारीफ करने वाला हो। कोई उसकी छोटी-छोटी जरूरतों का खयाल रखने वाला हो। अगर वह अपने साथी के लिए कुछ करे तो वह उसे नोटिस करे। जब साथी इन बातों का खयाल रखता है तो दांपत्य जीवन खुशियों से महक उठता है।**

आज सुबह से ही तन्वी का मन कुछ उदास था, न जाने किस सोच में गुम थी। पिछले काफी समय से सोच रही थी कि उसकी शादीशुदा जिंदगी में कुछ कमी-सी है लेकिन तभी मोबाइल पर आए एक मैसेज ने जिंदगी में छाई सारी निराशाओं को पल भर में मानो दूर भगा दिया और तन्वी के मन में एकाएक नई उमंगें तैरने लगीं। इसमें लिखा था-'कैसी हो स्वीटहार्ट'? तुम्हारा दिन कैसा बीत रहा है?

यह मैसेज पढ़ते ही तन्वी का उदासी में डूबा दिन खुशनुमा हो उठा। उसके मन में शाम की कई प्लानिंग चलने लगीं। आईने में खुद को बार-बार निहारने लगी। वाकई में तन्वी जितनी खुश थी, उसकी चमक उसके चेहरे पर स्पष्ट दिखाई दे रही थी। उसके बाद ही तन्वी ने भी पूरी गर्मजोशी से मैसेज का जवाब भी दिया और उसके खुश रहने के साथ पूरे घर का माहौल खुशनुमा हो गया।

## क्या चाहती हैं महिलाएं

अक्सर पुरुष सोचते हैं कि स्त्रियों को खुश करना बड़ा मुश्किल है, लेकिन वे नहीं जानते कि उनकी जीवनसंगिनी खुश होने के लिए बेशकीमती तोहफा नहीं चाहती, उसे तो प्यार से दी गई एक कैंडी भी खुश कर सकती है। लंबे से मेल के बजाय प्यार में डूबी छोटी-सी पंक्ति भी जीवनसाथी को प्रसन्ना कर सकती है। बस, इस पर ध्यान देने की जरूरत है।

## बस थोड़ी-सी केयर

सचाई यह है कि करियर में कोई स्त्री कितनी भी कामयाब क्यों न हो जाए, उसे सबसे बड़ी खुशी तब मिलती है, जब उसका साथी उसकी छोटी-छोटी ख्वाहिशों को समझता हो, उनका खयाल रखता हो। दरअसल, ऐसा करते हुए वह यह जता देता है कि वह उसके लिए कितनी खास है। महिलाएं हमेशा से चाहती हैं कि उनका साथी कार में पहले खुद बैठने की बजाय उनके लिए कार का दरवाजा खोले। ये चाहत इसलिए नहीं है कि वह यह काम खुद नहीं कर सकती या फिर शारीरिक रूप से कमजोर हैं, वह सिर्फ अपने पार्टनर से एक स्नेह भरे रिश्ते की अपेक्षा रखती हैं। प्रकृति ने पुरुष को फिजिकली मजबूत बनाया है। वह मेहनत करता है, परिवार चलाता है। स्त्री उसका खयाल रखती है। आदिकाल से ऐसा ही होता रहा है लेकिन समय के साथ इसमें बदलाव भी आया है। अब स्त्रियां घर-ऑफिस साथ संभाल रही हैं। पुरुष उनकी मेहनत की कद्र करता है, लेकिन कहीं न कहीं वह इसका इजहार करने से चूक जाता है।





# माथे पर बढ़ रही लकीरों को हटाएंगे ये होममेड मास्क

**बिजी लाइफ के दौरान त्वचा का ख्याल नहीं रख पाते हैं। लेकिन जब कहीं जाना होता है तब हमें अपनी स्किन का ख्याल आता है, पर उस वक्त कोई उपाय नहीं सूझता है और बेकार मूड से फंक्शन में जाना पड़ता है। कोई बात नहीं अब भी केयर कर सकते हैं। तो आइए जानते हैं कैसे माथे पर आ रही चिंता की लकीरों को हटाए कुछ ही दिनों में।**

## गाजर और अंडे का पैक

गाजर में मौजूद तत्व बीटा कैरोटीन, आयोडीन झुर्रियों को कम करने में मदद करते हैं। साथ ही अंडे में भी पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो त्वचा में कसावट पैदा करते हैं। गाजर को मिक्सी में किस लें और एग व्हाइट को अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद चेहरे पर चेहरे पर लगा लें। 20 मिनट बाद चेहरे को नॉर्मल पानी से धो लें। हफ्ते में कम से कम दो बार इस पैक का जरूर इस्तेमाल करें।

## ऑलिव ऑयल और शहद

माथें पर उभरने वाले लकीरे आपकी खूबसूरती कम कर देती है। लेकिन 1 चम्मच शहद और 1 चम्मच ऑलिव ऑयल लें। दोनों को अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद रात को सोने सेपहले सिर पर लगा लें।सुबह उठकर मुंह को धो लें। हफ्ते में 2 या 3 बार ऐसा करें। कुछ ही दिन में आराम मिल जाएगा।

## कोको पाउडर और ऑलिव ऑयल

माथे पर दिखती लकीरे आपको बहुत जल्दी शर्मिंदा करा देती है। लेकिन अब नहीं होना पड़ेगा। 1 चम्मच कोको पाउडर और 1 चम्मच ऑलिव ऑयल लें। दानों को अच्छे से मिक्स कर लें। इसके बाद चेहरे पर 20 मिनट के लिए लगा लें। फिर नॉर्मल पानी से धो लें। कुछ ही दिन में आराम मिल जाएगा।




# बच्चे के पुराने खिलौने फेंके नहीं बल्कि ऐसे करें इस्तेमाल

अपने बच्चों के लिएही खिलौने चुनने में पेरेंट्स बहुत समय लगा देते हैं। आप जिस खिलौने को पसंद करने में घंटों लगा देते हैं, बच्चा उससे कुछ साल ही खेल पाता है और बड़ा होने पर वो खिलौने उसके किसी काम के नहीं रहते हैं। जब बच्चा खिलौनों से खेलना बंद कर देता है, तो पेरेंट्स के लिए इन्हें संभालकर रखना मुश्किल हो जाता है। उन्हें समझ नहीं आता है कि वो इन खिलौनों को कहां रखें या इनका क्या करें।

## खिलौनों का क्या करें

अगर आपके बच्चे के ढेरों खिलौने अब बेकार पड़े हैं और घर में उनसे खेलने वाला कोई नहीं है, तो आप उल्हें दान कर सकते हैं। इस तरह से खिलौने उन बच्चों तक पहुंच पाएंगे, जिन्हें सच में इसकी जरूरत हो। आपकी इस कोशिश से किसी मासूम बच्चे के चेहरे पर मुस्कान आ सकती है। यहां हम आपको कुछ ऐसे तरीके और जगहें बता रहे हैं, जहां आप अपने बच्चों के खिलौनों को दान कर सकते हैं।

## कैसे खिलौने कर सकते हैं दान

जो खिलौने अच्छी कंडीशन में हों और ज्यादा इस्तेमाल न किए गए हो, उन्हें दान के रूप में स्वीकार कर लिया जाता है। आप ब्लॉक्स, पजल्स, बोर्ड गेम, स्टफड एनीमल, टॉय कार, क्राफ्ट किट, स्पोर्ट्स किट, एक्टिविटी बुक जैसे कई तरह के टॉएज दान कर सकते हैं। हालांकि, कई जगहों पर मुंह में लेने वाले खिलौने दान में नहीं लिए जाते हैं जैसे कि पैसिफायर और टीथर आदि। आप खिलौनों को दान करने से पहले कंफर्म कर लें कि उस जगह पर किस तरह के टॉएज लिए जाते हैं।

## चैरिटी में

आप उन संस्थानों में खिलौनों को दान कर सकते हैं जो चैरिटी करती हों। ये संस्थाएं अनाथ बच्चों को ये खिलौने देती हैं। इसके अलावा इनके द्वारा गरीब परिवारों के बच्चों को भी खिलौने और जरूरी सामान दिए जाते हैं।

## शेल्टर या आश्रय स्थल

वुमेन शेल्टर होम में भी आप खिलौनों को दान कर सकते हैं। इन जगहों पर बच्चों के पास बहुत कम चीजें और सुविधाएं होती हैं। ये लोग आपके गिफ्ट और खिलौनों को आसानी से ले लेंगे। आप इन्हें खिलौनों के अलावा कपड़े और टॉयलेटरीज भी दान कर सकते हैं। इसके अलावा और क्या-क्या दान कर सकते हैं, यह जानने के लिए आप सीधा शेल्टर होम में बात कर सकते हैं।


## चिल्ड्रेन होम

आप अनाथ आश्रम में भी बच्चों के खिलौने दान कर सकते हैं। यहां हर उम्र के बच्चे होते हैं जिन्हें आपके खिलौने पसंद आ सकते हैं।

## अस्पताल या धार्मिक केंद्र

कई अस्पताल भी बच्चों के खिलौने लेते हैं। यहां दाखिल होने वाले बच्चों को ट्रीटमेंट के दौरान खिलौनों से खेलने दिया जाता है। इसके अलावा आपके आसपास के धार्मिक केंद्रों में भी बच्चों के खिलौने लिए जा सकते हैं। आप मंदिर के बाहर बैठे बच्चों को खिलौने दे सकते हैं। इन बच्चों के पास बचपन की सबसे प्यारी चीज यानि खिलौनों के नाम पर कुछ नहीं होता है। ऐसे में आपकी छोटी सी मदद इनके चेहरे पर मुस्कान ला सकती है।



# बोरियत को न बनाएं अपनी आदत!

सारा काम खत्म हो गया, डिनर के लिए बाहर जाने का मन नहीं है, इस सप्ताह कोई अच्छी फिल्म भी रिलीज नही हुई, समझ नहीं आ रहा क्या करें, कहां जाएं? आपको भी अपने आसपास अक्सर ऐसी बातें सुनने को मिलती होंगी। ऐसा सोचने या कहने का सीधा मतलब यही है कि व्यक्ति अपनी वर्तमान मनस्थिति से खुश ही है और इसी वजह से उसे बोरियत महसूस हो रही है।

## समस्या की जड़ें

जब कभी जीवन में ठहराव आने लगता है तो इससे बोरियत पैदा होती है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी ने इंसान को काफी हद तक वर्कोहॉलिक बना दिया है। अब लोग दिन-रात मशीन की तरह काम में जुटे रहते हैं। जैसे ही उनका कार्य पूरा हो जाता है, उन्हें खालीपन महसूस होने लगता है। आज लोगों के सामने मनोरंजन के विकल्पों का अंबार है, फिर भी वे बोरियत से परेशान रहते हैं। सीमित साधनों के बीच संतुष्ट और खुश रहना आसान है, लेकिन ढेर सारे विकल्प हमें केवल भ्रमित करते हैं और अंततः इनकी वजह से बोरियत पैदा होने लगती है।

## बोर होते बच्चे

आजकल बच्चों को भी बहुत जल्दी बोरियत महसूस होती है। पुराने समय में बच्चे एक ही खिलौने से महीनों तक खेलते थे, पर आज के बच्चे दो ही दिनों के बाद अपने लिए नए खिलौने की मांग करने लगते हैं। इसकी सबसे बड़ी वजह यह है कि अब पैरेंट्स के पास बच्चों के लिए समय नहीं है। इस समस्या से बचने के लिए वे छोटी उम्र से ही बच्चों को उनकी मनमर्जी का काम करने की छूट दे देते हैं। ऐसी स्थिति में बच्चों की फ्रस्ट्रेशन टॉलरेंस खत्म हो रही है। अगर माहौल उनकी पसंद के प्रतिकूल हो तो वे पांच मिनट में ही ऊबने लगते हैं। कभी-कभी बोरियत होना स्वाभाविक है, लेकिन जब यह स्थायी मनोदशा बन जाए तो चिंताजनक है। बोरियत नकारात्मक विचारों की जड़ है। इससे व्यवहार में चिड़चिड़ापन आने लगता है। कार्यक्षमता और रिश्तों पर इसका नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसकी वजह से व्यक्ति को डिप्रेशन भी हो सकता है।

## कैसे करें बचाव

खुद को बोरियत से बचाने के लिए जीवन में संतुलन बेहद जरूरी है। जिस तरह वर्कोहॉलिक होना नुकसानदेह है, उसी तरह ज्यादा आरामतलबी और मनोरंजन की अधिकता भी व्यक्ति को बहुत जल्दी बोर कर देती है। इन दोनों स्थितियों से बचते हुए दिनचर्या में संतुलन बनाए रखना चाहिए। जिस तरह शारीरिक स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए आप एक्सरसाइज करते हैं या जिम जाते हैं। ठीक उसी तरह दिमागी सेहत का भी ध्यान रखना बेहद जरूरी है। इसके लिए फुर्सत के पलों में टीवी देखने के बजाय कोई अच्छी किताब पढ़ें, अपने करीबी लोगों से बातचीत करें या बागवानी करें। कोई भी ऐसी गतिविधि, जिसमें व्यक्ति की शारीरिक या मानसिक ऊर्जा खर्च होती हो, वह उसे बोरियत से बचाती है। ऐसी समस्या से बचने के लिए सहनशीलता बहुत जरूरी है।

# चैपियंस ट्रॉफी से बाहर हो जाएंगे रोहित और शमी? आया ये बड़ा अपडेट

**दुबई (एजेंसी)।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के भारत बनाम पाकिस्तान मैच में भारतीय टीम के लिए दो प्रमुख खिलाड़ी रोहित शर्मा और मोहम्मद शमी चोटिल हो गए थे। कप्तान रोहित शर्मा की हैमस्ट्रिंग में खिंचाव आ गया था जबकि मोहम्मद शमी पिंडली में दर्द महसूस कर रहे थे। इन दोनों खिलाड़ियों की चोट के बाद फैंस और क्रिकेट विशेषज्ञों में चिंताएं बढ़ गई थीं, लेकिन अब श्रेयस अय्यर ने राहत की खबर दी है कि इन दोनों को लेकर कोई खास चिंता की बात नहीं है।

### रोहित शर्मा की हैमस्ट्रिंग की चोट

पाकिस्तान की पारी के अंतिम ओवरों में जब रोहित शर्मा गेंद पकड़ने के लिए दौड़ रहे थे, तो उन्हें कड़ी मेहनत करते हुए देखा गया। कमेंटरी कर रहे डेल स्टेन ने जब देखा कि रोहित कुछ असहज नजर आ रहे हैं, तो उन्होंने अनुमान लगाया कि कप्तान को हैमस्ट्रिंग से जुड़ी समस्या हो सकती है। इस दौरान रोहित काफी देर तक मैदान से बाहर रहे, लेकिन श्रेयस अय्यर ने कहा कि यह कोई बड़ी समस्या नहीं है। उन्होंने बताया कि रोहित ने अपनी चोट के बारे में चिंता जताई थी, लेकिन वे सहज थे और इसे ज्यादा गंभीर नहीं मानते थे।

### मोहम्मद शमी की पिंडली की चोट

वहीं, मोहम्मद शमी को पिंडली में दर्द महसूस हुआ, जिसके कारण उन्हें उपचार के लिए मैदान से बाहर जाना पड़ा। हालांकि वह कुछ समय बाद मैदान पर लौट आए और उन्होंने अपनी गेंदबाजी जारी रखी, लेकिन वह अपना पूरा 10 ओवर का कोटा नहीं पूरा कर पाए। इसके बावजूद, शमी अब बेहतर महसूस कर रहे थे और उनकी स्थिति स्थिर थी।

### श्रेयस अय्यर का बयान और खिलाड़ी की फिटनेस

मैच के बाद श्रेयस अय्यर से इन दोनों खिलाड़ियों की चोट पर सवाल पूछा गया। उन्होंने दोनों के स्वास्थ्य को लेकर चिंता व्यक्त करने के बजाय यह कहा कि उनकी चोटों को लेकर कोई गंभीर चिंता की बात नहीं है। उन्होंने कहा, ÷मुझे लगता है कि दोनों खिलाड़ी ठीक हैं और कोई समस्या नहीं है। मैंने उनसे बात की थी और वे दोनों ही इस बारे में बहुत सहज थे।'

### भारत का अगला मुकाबला न्यूजीलैंड से

चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने बांग्लादेश को 6 विकेट से हराकर शानदार शुरुआत की थी। अब भारतीय टीम का अगला मुकाबला 2 मार्च को



न्यूजीलैंड से होने वाला है। अगर टीम इंडिया यह मैच जीतती है, तो वह ग्रुप स्टेज में पहले स्थान पर बनेगी और सेमीफाइनल में उसका सामना ग्रुप बी की नंबर 2 टीम से होगा। भारतीय टीम के प्रदर्शन से उम्मीद जताई जा रही है कि वह टूर्नामेंट में आगे बढ़ेगी।

# शुभमन गिल आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की जिम्मेदारी संभालेंगे : पूर्व क्रिकेटर्स




**दुबई (एजेंसी)।** पूर्व खिलाड़ी संजय बांगड़ और नवजोत सिंह सिद्धू ने शुभमन गिल के स्ट्रोक्स और तकनीक से प्रभावित होकर सोमवार को कहा कि यह 25 वर्षीय खिलाड़ी आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की बल्लेबाजी की अगुआई करेगा। गिल ने रविवार को चैंपियंस ट्रॉफी में पाकिस्तान पर भारत की छह विकेट की जीत में 46 रन बनाए। इसके बाद उन्होंने बांग्लादेश के खिलाफ टूर्नामेंट के पहले मैच में शतक लगाया था।

बांगड़ ने कहा, 'साफ तौर पर वह आने वाले वर्षों में भारतीय टीम की जिम्मेदारी संभालने वाले खिलाड़ी हैं।' गिल की तकनीक के बारे में बात करते हुए बांगड़ ने कहा, 'उनकी नींव वाकई बहुत मजबूत है और इसमें वनडे में लगभग ढाई साल के प्रदर्शन का आत्मविश्वास भी शामिल है। एकदिवसीय क्रिकेट में वह अद्भुत रहे हैं।' बांगड़ ने कहा, 'उसकी टाइमिंग इतनी शानदार है।'

सिद्धू ने गिल की भी तारीफ की जो 50 ओवर के प्रारूप में शानदार फॉर्म में हैं। सिद्धू ने कहा, 'देखिए बरगद के पेड़ के नीचे कुछ भी नहीं उगता और भारतीय क्रिकेट का बरगद के पेड़ मूल रूप से रोहित शर्मा और विराट कोहली हैं। लेकिन जब आप शुभमन गिल को देखते हैं तो यह खिलाड़ी उस बरगद के पेड़ की छाया से उभरकर परिपक्व हो गया है।'

# पाक कप्तान रिजवान ने माना उनकी टीम चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हुई

**–दूसरी टीमों के भरोसे सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद नहीं करता**



**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम के कप्तान मोहम्मद रिजवान ने माना है कि भारतीय टीम के खिलाफ मिली हार के बाद उनकी टीम चैम्पियंस ट्रॉफी से बाहर हो गयी है। पाक टीम पहले मैच में भी न्यूजीलैंड से हारी थी। ऐसे में लगातार दो हार के बाद उसके नॉकआउट में पहुंचने की सभी संभावनाएं समाप्त हो गयी हैं। रिजवान ने कहा कि दोनो ही टीमों भारत और न्यूजीलैंड ने हमसे बेहतर खेला। साथ ही कहा अब दूसरी टीम के परिणामों के भरोसे सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीद को वह सही नहीं मानते हैं। अब न्यूजीलैंड टीम बचे हुए दो मैचों में से एक में भी जीत मिल जाती है तो मेजबान पाक टीम की सभी संभावनाएं समाप्त हो जाएंगी। कीवी टीम को अब एक मैच बांग्लादेश से खेलना है और इसमें उसके लिए जीत हासिल करना कठिन नहीं है।

रिजवान ने कहा, अभी तो हम यही कह सकते हैं कि हमारे लिए टूर्नामेंट समाप्तहो गया। हमारे पास अब कुछ नहीं है। वास्तविकता यही है। अब अगला मैच बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच होगा। वहीं एक मुकाबला न्यूजीलैंड और भारत के बीच है। इनके परिणामों पर अब हम आधारित हो गये हैं। वहीं एक कप्तान के तौर मैं दूसरों के भरोसे आगे बढ़ने की उम्मीद सही नहीं मानता।

मेरा मानना है कि हमें अपनी क्षमता और ताकत से जीत हासिल करनी चाहिये। किसी और के परिणाम के भरोसे रहना सही नहीं होगा। हार के बाद टूर्नामेंट से बाहर हो जाने के लिए तैयार रहना चाहिये। हमें भारत और न्यूजीलैंड ने हराया है जिससे स्वीकार करना ही होगा। हम इसे स्वीकार करते हैं। उन्होंने अच्छा खेला जबकि हमारा प्रदर्शन ठीक नहीं रहा पर हम ये नहीं कह सकते कि हम अच्छा खेले। इस टूर्नामें में अब पाक टीम तभी सेमीफाइनल में पहुंच सकती है जब

बांग्लादेश की टीम न्यूजीलैंड को हरा दे और पाकिस्तान फिर बांग्लादेश को बड़े अंतर से हरा दे। इसके अलावा पाकिस्तान को ये भी उम्मीद करनी भी करनी होगी कि ग्रुप ए में भारतीय टीम न्यूजीलैंड पर बड़ी जीत दर्ज करे जिससे रन रेट के मामले में पाकिस्तान आगे बढ़ जाए।

# पाकिस्तान में विदेशी टीमों और फैंस पर मंडराया खतरा, आतंकी संगठन ने दी किडनैपिंग की धमकी

**दुबई (एजेंसी)।** पाकिस्तान में खेली जा रही आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के बीच एक बड़ी खबर सामने आई है। इस टूर्नामेंट पर आतंकी साया मंडरा रहा है। टूर्नामेंट के बीच में आई इस रिपोर्ट ने सनसनी मचा दी है क्योंकि अभी इस टूर्नामेंट के कई मुकाबले खेले जाने हैं। आतंकी हमले के साथ ही किडनैपिंग के भी प्लान बनाए जा रहे हैं ऐसा इस रिपोर्ट में दावा किया गया है। एक बड़े न्यूज चैनल के एक्सीक्यूटिव एडिटर ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इस बात की जानकारी दी है। उनका कहना है कि टूर्नामेंट पर मंडरा रहा खतरा पाकिस्तान के साथ भारत की खुफिया एजेंसियो को भी जानकारी मिलीहै।


उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा कि,



खुफिया एजेंसियों को पाकिस्तान में चैंपियंस ट्रॉफी 2025 पर ISKP समूह द्वारा आतंकी हमले की संभावित कोशिश के बारे में जानकारी मिली है। भारतीय एजेंसियों को भी उनके विदेशी समकक्षों द्वारा इसबारे में बताया गया है। संभावित अपहरण या आतंकी हमले के बारे में चर्चा की जानकारी मिली है। इस्लामिक स्टेट खुरासान प्रांत दक्षिण मध्य एशिया, मुख्य रूप से अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सक्रिया सलाफी जिहादी समूह इस्लामिक स्टेट की एक शाखा है। भले ही अब तक इसको लेकर कोई पुष्ट जानकारी सामने नहीं आई है, लेकिन ऐसे संभावित खतरे को हल्के में नहीं लिया जाना चाहिए।

भारत ने सुरक्षा कारणों का हवाला देकर ही पाकिस्तान जाने से मना किया था। इसको लेकर पाकिस्तानी मीडिया में काफी हल्ला भी मचा था और उन्होंने भारत की आलोचना की थी। हालांकि, भारत अपने मुकाबले दुबई में ही खेल रहा है, लेकिन अन्य सभी टीमें पाकिस्तान गई हैं। होस्ट पाकिस्तान पहले दो मैच लगातार हारने के बाद अब चैंपियंस ट्रॉफी से बाह होने की कगार पर है। बांग्लादेश और न्यूजीलैंड के बीच मुकाबला खेला जा रहा है।

## अब शायद विराट के फॉर्म को लेकर सवाल नहीं उठेंगे : कोच राजकुमार



दुबई । विराट कोहली के बचपन के कोच राजकुमार शर्मा आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी में विराट की शतकीय पारी को देखने के बाद बेहद खुश हैं । कोच ने कहा कि अब कोई विराट के फार्म को लेकर नहीं पूछेगा । राजकुमार ने कोहली की शानदार पारी की प्रशंसा भी की और कहा कि उन्हें उम्मीद है कि अब उनके फॉर्म पर सवाल उठने बंद हो जाएंगे । कोहली ने पाक के खिलाफ फॉर्म में जबरदस्त वापसी करते हुए ही अपना 51वां शतक लगाया है । जिससे भारतीय टीम ने पाक को छह विकेट से हरा दिया । कोहली ने इससे पहले एकदिवसीय अपना आखिरी शतक नवंबर 2023 में लगाया था । पिछले कुछ साल से बड़ी पारी नहीं खेल पाने के कारण विराट की काफी आलोचना हो रही थी । शर्मा ने कहा कि कोहली कभी खराब फार्म में थे ही नहीं । उन्होंने कहा, 'मै हमेशा कहता रहा हू कि वह बड़े मैचों का खिलाड़ी है और उसने आज यह फिर से साबित कर दिया । वह हमेशा मजबूत टीमों के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन करता रहा है । शर्मा ने कहा, 'वह पिछले कई वर्षों से ऐसा कर रहा है । वह ऐसा खिलाड़ी है जिसने देश के लिए सबसे अधिक मैच जीते हैं । कोहली ने अपनी इस पारी के दौरान एकदिवसीय में 14000 रन भी पूरे किए । वह सचिन तेंदुलकर और कुमार संगकारा के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाले दुनिया के तीसरे बल्लेबाज हैं । शर्मा ने इसे बड़ी उपलब्धि करार दिया ।

# 2026 एशियाड में अब 11 ईस्पोर्ट्स खिताबों के लिए मुकाबले होंगे : ओसीए

नई दिल्ली। एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) ने ईस्पोर्ट्स कार्यक्रम का विस्तार कर दिया है। इसमें अब 11 खिताबों के लिए मुकाबले होंगे। इससे भारत की पदक जीतने की उम्मीदें बढ़ी हैं। भारतीय खेल महासंघ के निदेशक और एशियाई खेल महासंघ के उपाध्यक्ष लोकेश सूजी ने कहा, '' ओसीए का 11 खिताबों तक विस्तारित करने का फैसला भारत के लिए लाभदायक रहेगा। इससे पहले ओसीए के कार्यकारी बोर्ड ने चीन के हार्बिन में अपनी बैठक के दौरान स्ट्रीट फाइटर 6, पोकेमॉन यूनाइट, ऑनर ऑफ किंग्स, लीग ऑफ लीजेंड्स – एशियाई खेलों का संस्करण, पबजी – एशियाई खेलों का संस्करण, मोबाइल लीजेंड्स – बैंग बैंग, नाराका- ब्लेडपॉइंट, ग्रैन टूरिज्मो 7, ईफुटबॉल सीरीज और पुयो पुयो चैंपियंस को 2026 एशियाई खेलों में पदक स्पर्धाओं के रूप में शामिल करने की सहमति दी थी। गौरतलब है कि 2022 हांग्झोउ एशियाई खेलों में ईस्पोर्ट्स ने सात खिताबों के साथ आधिकारिक पदक स्पर्धा के रूप में शुरुआत की थी। भारत ने इनमें से केवल चार में भाग लिया था क्योंकि भारत में अन्य स्पर्धाएं प्रतिबंधित थी। भारतीय खेल महासंघ के निदेशक और एशियाई ईस्पोर्ट्स महासंघ के उपाध्यक्ष लोकेश सूजी ने कहा कि ओसीए का ईस्पोर्ट्स कार्यक्रम को 11 खिताबों तक बढ़ाने का फैसला भारत के लिए शानदार कदम है।

# पंजाब किंग्स को जीत दिलाना है लक्ष्य : पोंटिंग



नई दिल्ली । आईपीएल टीम पंजाब किंग्स के नये मुख्य कोच रिकी पोंटिंग ने कहा है कि उनका लक्ष्य इस बार इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 18 वें सत्र मे टीम खिताब जिताना है । इसी कारण उन्होंने मेगा नीलामी में श्रेयस अय्यर, अर्शदीप सिंह और युजवेंद्र चहल जैसे खिलाड़ियों को मोटी कीमत पर खरीबा पोंटिंग ने कहा कि उनका लक्ष्य इस इस बार टीम को खिताबी जीत दिलाना रहेगा । इसी कारण इन खिलाड़ियों को लिया गया है। श्रेयस को पंजाब किंग्स ने 26.75 करोड़ रुपये में जबकि लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल को 18 करोड़ रुपए में खरीदा । वहीं अर्शदीप को आरटीएम कार्ड के जरिये 18 करोड़ रुपये में जोड़ा । पोंटिंग ने कहा कि मैं एक ऐसे कप्तान को भी लाना चाहता था जिसके साथ मैंने पहले काम किया हो और जिसे काफी सफलता मिली हो । इसलिए हमने कोलकाता नाइटराइडर्स के कप्तान रहे श्रेयस को खरीद। मैं चहल को भी लाना चाहता था। इस प्रकार अब हमारे पास काफी कुशल खिलाड़ी हो गये हैं। पंजाब किंग्स की टीम अभी तक कोई आईपीएल खिताब नहीं जीत पायी है। टीम ने साल 2014 में फाइनल में प्रवेश किया था पर वहां हार गयी थी। टीम दो बार प्लेऑफ में पहुंची है। वहीं 2008 में सेमीफाइनल तक वह पहुंची थी। टीम के लिए पिछले कुछ सत्र बेहद खराब रहे हैं । 2015 के बाद से ही टीम एक बार भी प्लेऑफ में नहीं पहुंची है।

# मीराबाई मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल, कहा छोटे-छोटे बदलाव बड़ा अंतर पैदा कर सकते हैं

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मोटापे के खिलाफ लड़ाई में शामिल होते हुए ओलंपिक रजत पदक विजेता भारोत्तोलक मीराबाई चानू ने सोमवार को जोर देते हुए कहा कि जीवनशैली में छोटे-छोटे बदलाव इस 'बड़ी स्वास्थ्य समस्या' से निपटने में महत्वपूर्ण अंतर पैदा कर सकते हैं। इस पहल की शुरुआत सोमवार को हुई जब प्रधानमंत्री मोदी ने मोटापे से निपटने के प्रयासों का नेतृत्व करने के लिए चानू सहित विभिन्न क्षेत्रों से 10 व्यक्तियों को नामित किया।

प्रधानमंत्री ने इससे एक दिन पहले ही लोगों से बढ़ती स्वास्थ्य समस्या से निपटने के लिए सक्रिय कदम उठाने का आग्रह किया था जिसके बाद उन्होंने यह घोषणा की। तीस वर्षीय पूर्व विश्व चैंपियन भारोत्तोलक मीराबाई ने 'एक्स' पर लिखा, ''मोटापे के खिलाफ




लड़ाई में जागरूकता फैलाने के लिए प्रधानमंत्री मोदी जी द्वारा नामित किए जाने पर बहुत खुशी है। यह एक बड़ी स्वास्थ्य समस्या है जिसे सही जीवनशैली का विकल्प चुनकर और सक्रिय, स्वस्थ और फिट रहने का विकल्प चुनकर समाप्त किया जा सकता है।''

उन्होंने कहा, ''हमें भारत के इस दिशा में आगे बढ़ने और हमारी विकास यात्रा का समर्थन करने की जरूरत है। हमारे दैनिक जीवन में छोटे-छोटे बदलाव करने से देश में बड़े बदलाव हो सकते हैं और भारत को फिट बनाने के हमारे सपने को साकार करने की दिशा में आगे बढ़ने में मदद मिल सकती है।''

इस पहल के हिस्से के रूप में चानू ने कई प्रमुख खिलाड़ियों को नामित किया जिनमें मौजूदा विश्व शतरंज चैंपियन डी गुकेश, ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी साइना नेहवाल, निशानेबाजी के दिग्गज गगन नारंग, पूर्व महिला हॉकी कप्तान रानी रामपाल, पुरुष हॉकी खिलाड़ी मनप्रीत सिंह, दिग्गज टेनिस खिलाड़ी लिएंडर पेस, दोहरी ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू, पेरिस खेलों के पदक विजेता निशानेबाज सरबजोत सिंह, टेबल टेनिस स्टार मनिका बत्रा और पैरालंपिक निशानेबाजी चैंपियन अवनी लेखरा शामिल हैं।

# मनु की अगुवाई में आईएसएसएफ विश्व कप निशानेबाजी में उतरेगी भारतीय टीम



नई दिल्ली । दक्षिण अमेरिका में अप्रैल में होने वाले सत्र के पहले आईएसएसएफ अंतरराष्ट्रीय निशानेबाजी विश्व कप में 35 सदस्यीय भारतीय टीम का नेतृत्व स्टार महिला विजेता निशानेबाज मनु भाकर करेंगी। आईएसएसएफ निशानेबाजी विश्वकप सत्र दक्षिण अमेरिका में विश्व कप के साथ शुरू होगा और इसमें दो चरण होंगे । इसका चरण अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में एक से 11 अप्रैल और दूसरा पेरू के लीमा में 13 से 22 अप्रैल के बीच खेला जायेगा। ओलंपिक पदक विजेता मनु विश्व कप में महिलाओं की एयर पिस्टल और 25 मीटर पिस्टल स्पर्धा में भाग लेंगी। उनके साथ ओलंपियन अनीश भानवाला और विजयवीर सिद्धू पुरूषों की 25 मीटर रैपिड फायर पिस्टल में भाग लेंगे । वहीं ऐशा सिंह महिलाओं की 25 मीटर पिस्टल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर पुरूषों की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस, सिफत कौर सामरा और श्रेयांका साडंगी महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशंस में उतरेंगे। अर्जुन बबूता पुरूषों की दस मीटर एयर राइफल, पृथ्वीराज टोंडाइमान ट्रैप, अनंत जीत सिंह नरूका स्कीट और रेइजा ढिल्लों महिला स्कीट भी टीम में शामिल हैं । आईएसएसएफ निशानेबाजी से पहले अभ्यास के लिए भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ ने 14 मार्च से शिविर का भी आयोजन किया है। राइफल संघ ने कहा ,'' हर वर्ग में विश्व कप के तीन चरण होंगे जबकि दो जूनियर विश्व कप भी खेले जायेंगे । विश्व कप का दूसरा चरण सितंबर में दिल्ली में खेला जाएगा । वहीं अगस्त में कजाखस्तान में 16वीं एशियाई चैम्पियनशिप होगी।''

# पांच मई से एक बार फिर टेनिस कोट में खेलते दिखेंगे सिनर

**–दिग्गज खिलाड़ियों ने खेल के लिए निराशानजक बताया**

**लंदन (एजेंसी)।** विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर अब पांच मई से एक बार फिर टेनिस कोर्ट पर खेलते नजर आयेंगे। सिनर सभी ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेल पाएंगे और उन्होंने विश्व में जो नंबर एक रैंकिंग हासिल की थी वह भी पहले की तरह ही रहेगी। सिनर को गत वर्ष मई में प्रतिबंधित एनाबॉलिक स्टेरॉयड के सेवन का दोषी पाया गया था जिसके बाद से ही वह निलंबित चल रहे थे पर हाल ही में उनका उनका विश्व डोपिंग रोधी एजेंसी (वाडा) से समझौत हो गया था। इससे बाद उन्हें केवल तीन माह ही निलंबन में और गुजारने होंगे। इस दौरान उनके जीते खिताब ओर ईनामी राशि भी वापस



नहीं ली जाएगी। वहीं विश्व के कई दिग्गज टेनिस खिलाड़ी इस प्रकार के फैसले से नाराज हैं। इन खिलाड़ियों का का मानना है कि डोपिंग मामले में इस प्रकार का समझौता सही नहीं है। इससे खेलों में डापिंग को बढ़ावा मिलेगा। वहीं जो खिलाड़ी इस प्रकार के कामों में लिप्त नहीं होते उन्हें ये अपने साथ धोखा लगेगा क्योंकि डोपिंग में लिप्त खिलाड़ी भी उन्हीं के बराबर में आ जाएंगे। ऐसे में लोग सभी को समान मानेंगे। इसी को लेकर तीन बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन स्विटजरलैंड के स्टैन वावरिंका ने सोशल मीडिया में लिखा, 'खेल में पारदर्शिता नहीं रहेगी।

वहीं विंबलडन उपविजेता निक किर्गियोस ने कहा, 'टेनिस में अब निष्पक्षता पर सवाल उठे। सिनर की टीम ने केवल तीन महीने का प्रतिबंध लगाने के लिए अपनी तरफ से पूरी शक्ति लगा दी। उन्हें स्टार खिलाड़ी होने का लाभ मिला जो गलत तरीका है। वहीं दानिल मेदवेदेव ने कहा कि अब हर कोई डोपिंग में लिप्त होने के बाद इसी प्रकार से समझौते करेगा। इस फैसले की नोवाक जोकोविच के साथ ही प्रोफेशनल टेनिस प्लेयर्स एसोसिएशन ने भी आलोचना की है।

# एक दशक के बाद वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी ऑस्ट्रेलियाई टीम



सेंट जॉन्स । ऑस्ट्रेलियाई टीक करीब एक दशक के बाद वेस्टइंडीज दौरे पर जा रही है। वेस्ट क्रिकेट बोर्ड ने कहा है कि ऑस्ट्रेलियाई टीम तीन टेस्ट और पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की सीरीज खेलने के लिए इस साल जून और जुलाई में उसके यहां दौरे पर आयेगी। यह साल 2015 के बाद से ही ऑस्ट्रेलिया का वेस्टइंडीज का पहला टेस्ट दौरा होगा। साल 2015-16 में वेस्टइंडीज के ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद दोनों देशों की टीमें पहली बार तीन टेस्ट मैचों की सीरीज खेलती हुई दिखेंगी। सर फ्रैंक वॉरेल ट्रॉफी के लिए खेले जाने वाली इस टेस्ट सीरीज का पहला मैच 25 जून से ब्रिजटाउन, बारबाडोस में खेला जाएगा। वहीं दूसरा टेस्ट तीन जुलाई से सेंट जॉर्ज, ग्रेनाडा में और तीसरा टेस्ट 12 जुलाई से किंग्स्टन, जमैका में खेला जाएगा। इसके बाद पांच टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच की सीरीज खेली जाएगी। इसके पहले दो मैच किंग्स्टन में 20 और 22 जुलाई को खेले जाएंगे । वहीं बचे हुए तीन मैच 25, 26 और 28 जुलाई को सेंट किट्स में खेले जाएंगे।

# मैं अभी अच्छी लय में हूं, जितने अधिक मैच खेलूंगा उतनी अच्छी गेंदबाजी करूंगा : कुलदीप यादव

**दुबई (एजेंसी)।** भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव को लगता है कि चोट से वापसी करने के बाद उन्होंने अपनी लय हासिल कर ली है और उन्हें उम्मीद है कि मौजूदा चैंपियंस ट्रॉफी में वह हर मैच में बेहतर प्रदर्शन करेंगे। कुलदीप ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ डेथ ओवरों में तीन विकेट लिए और वह एक समय हैट्रिक लेने की स्थिति में भी थे। इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने पिछले साल स्पोर्ट्स हर्निया की सर्जरी कराई थी, जिसके कारण वह तीन महीने से अधिक समय तक खेल से दूर रहे थे।

कुलदीप ने कहा, 'चोटों को ठीक होने में छह महीने लगते हैं। मैंने इंग्लैंड के खिलाफ दो मैच खेले। उनमें मेरी लय अच्छी थी। बांग्लादेश के खिलाफ भी मेरी लय अच्छी थी।' कुलदीप चैंपियंस ट्रॉफी में बांग्लादेश के खिलाफ पहले मैच में विकेट हासिल नहीं कर पाए थे। उन्होंने कहा, 'लेकिन स्वाभाविक है कि आप हमेशा विकेट हासिल करने की तलाश में रहते हैं। आज जब मैंने अपना पहला ओवर डाला, तो मुझे लगा कि मैं बेहतर लय में हूं। मैं आरामदायक स्थिति में हूं।'

कुलदीप ने कहा, 'मुझे लगता है कि मैं इससे भी बेहतर गेंदबाजी कर सकता हूं। मैंने चोट से वापसी करने के बाद अभी तक तीन-चार मैच खेले हैं। मैं जितने अधिक मैच खेलूंगा उतनी ही अच्छी गेंदबाजी करूंगा।' कुलदीप ने पाकिस्तान के निचले क्रम के बल्लेबाजों सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिए। अपनी रणनीति के बारे में कुलदीप ने कहा, 'अपने पहले स्पैल में मैंने काफी चाइनामैन की। अपनी गेंदबाजी में विविधता लाने के लिए मैं गुगली भी करता हूं। इसके अलावा मैंने टॉप स्पिन भी की।'

कुलदीप ने डेथ ओवरों में गेंदबाजी करने के बारे में कहा, 'मैं अंतिम 10 ओवरों में गेंदबाजी करने के लिए पहली पसंद का गेंदबाज बनने में सक्षम हूं। यहां तक कि कप्तान का भी मानना है कि अगर आपके पास विविधता है तो स्पिनर पर शॉट मारना मुश्किल होता है। सौभाग्य से यह मेरे लिए अच्छा था। विकेट भी धीमा था।'



## शादी समारोह में मिले राज और उद्धव ठाकरे, मुंबई में हुई राजनीति हलचल तेज

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे की अपने चचेरे भाई और शिवसेना (यूबीटी) प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुंबई में एक विवाह समारोह आमना-सामना हो गया दोनों ने मुलाकात की, जिसके बाद महाराष्ट्र में आगामी नगर निगम चुनावों से पहले दोनों के बीच राजनीतिक मतभेद सुलझने की अटकलें तेज हो गई हैं। राजनीतिक रूप से अलग हो चुके दोनों भाई रविवार शाम अंधेरी इलाके में एक शादी समारोह में एक साथ देखे गए। शादी समारोह में महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे और उनकी पत्नी रश्मि ठाकरे से राजठाकरे ने मुलाकात की। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मनसे और शिवसेना (यूबीटी) के बीच आगामी नगर निगम चुनावों, खासतौर पर आर्थिक रूप से समृद्ध बृहन्मुंबई महानगरपालिका चुनावों को ध्यान में रखते हुए आपसी मतभेद खत्म करने की संभावना बन सकती है। अभी तक नगर निकाय चुनावों की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ है। पिछले दो महीनों में यह तीसरा मौका था जब दोनों भाइयों की सार्वजनिक रूप से मुलाकात हुई, जिससे दोनों दलों के बीच संबंधों में सुधार की अटकलें तेज हो गई हैं। राज ठाकरे ने 2005 में शिवसेना छोड़ दी थी और अपनी अलग पार्टी महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) का गठन किया था। पिछले साल महाराष्ट्र विधानसभा चुनावों में विपक्षी महाविकास अघाड़ी गठबंधन का हिस्सा रही शिवसेना (यूबीटी) ने 20 सीटें जीती थी जबकि मनसे एक भी सीट नहीं जीत सकी थी।

## भागवत की स्वयंसेवकों से अपील, जाति, पंथ, क्षेत्र और भाषा की परवाह किए बिना मित्रता बढ़ाएं

नई दिल्ली। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत ने संगठन के सभी स्वयंसेवकों से जाति, पंथ, क्षेत्र और भाषा की परवाह किए बिना विभिन्न समूहों के बीच मित्रता बढ़ाने की अपील की। इस दौरान, संघ प्रमुख भागवत ने कहा कि स्वयंसेवक समाज के कल्याण के लिए उत्प्रेरक के रूप में काम करते हैं। आरएसएस प्रमुख भागवत ने कहा कि सभी हिंदुओं को आपसी सम्मान और सहयोग के माध्यम से विभिन्न उपयोगों के लिए समान मंदिरों, श्मशानों और पानी को साझा करना चाहिए। भागवत ने जोर दिया कि समग्र रूप से समाज को पर्यावरण की रक्षा के लिए पानी संरक्षण, पौधे लगाने और प्लास्टिक के बर्तनों से बचने की जिम्मेदारी लेनी चाहिए। उन्होंने कहा, हर भारतीय को खाद्य पदार्थ, आवास, यात्रा और यहां तक कि अपनी आत्म-अभिव्यक्ति से मेल खाने वाली भाषाएं अपनानी चाहिए। संघ प्रमुख ने फिर कहा कि नागरिकों को पारंपरिक सामाजिक मानदंडों का पालन करना चाहिए, भले ही कानूनी नजरिए से इसतरह के सभी नियमों को कानून नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने कहा कि हर किसी को अपनी दैनिक गतिविधियों में विदेशी भाषाओं का उपयोग करने के बजाय मातृभाषा में बातचीत करनी चाहिए।

## भारत के खिलाफ पाकिस्तान-बांग्लादेश में पक रही नई खिचड़ी

नई दिल्ली पिछले साल बांग्लादेश छोड़कर भारत में शेख हसीना के शरण लेने के बाद बांग्लादेश में हिन्दुओं के खिलाफ अत्याचार बढ़े, साथ ही मोहम्मद यूनुस की सरकार ने भारत को आंखे दिखाने शुरू कर दी। आलम यह है कि भारत को परेशान करने के लिए अब बांग्लादेश, पाकिस्तान से दोस्ती का हाथ बढ़ाने जा रहा है। उसी मुल्क से जिसने 50 साल पहले बांग्लादेशियों पर बेइंतहा जुल्म किए थे। इस ट्रेड एग्रीमेंट को फरवरी की शुरुआत में अंतिम रूप दिया गया, जब बांग्लादेश ने ट्रेडिंग कॉरपोरेशन ऑफ पाकिस्तान के जरिये 50,000 टन पाकिस्तानी चावल खरीदने पर सहमति व्यक्त की। एक्सप्रेस ट्रिब्यून अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, पहली बार, सरकारी माल ले जाने वाला पाकिस्तान नेशनल शिपिंग कॉरपोरेशन (पीएनएससी) का जहाज बांग्लादेशी बंदरगाह पर पहुंचेगा, जो समुद्री व्यापार संबंधों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर होगा। साल 1971 की लड़ाई के बाद बांग्लादेश, पाकिस्तान से अलग हुआ था। लेकिन, अब भारत के साथ रिश्ते बिगड़ने के बाद बांग्लादेश ने फिर से पाकिस्तान को गले लगा लिया है। मीडिया रिपोर्ट की मानें तो पाकिस्तान और बांग्लादेश ने 1971 के युद्ध और बंटवारे के बाद पहली बार डायरेक्ट ट्रेड फिर से शुरू कर दिया है, तथा सरकार द्वारा अनुमोदित पहला माल पोर्ट कासिम से रवाना हुआ है।

## जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश में हो सकती है बारिश और बर्फबारी

### -मध्यप्रदेश के पचमढ़ी में पारा 6 डिग्री पर पहुंचा, हल्की सर्दी का दौर शुरु

नई दिल्ली। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में कल यानी मंगलवार से दो दिन दिन बारिश और बर्फबारी का जताया है। हिमाचल प्रदेश के 4 जिलों चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी में 26 और 27 फरवरी को बारिश का यलो अलर्ट जारी किया है। पहाड़ों पर बारिश-बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में भी देखने को मिलेगा। इसके चलते पंजाब, राजस्थान, उत्तर प्रदेश के कई इलाकों में 1 मार्च तक बारिश हो सकती है। हालांकि अधिकांश राज्यों में इस हफ्ते अधिकतम और न्यूनतम तापमान में 4 डिग्री तक की बढ़ोतरी हो सकती है। वहीं मध्यप्रदेश के पचमढ़ी में तापमान 6.1 डिग्री पहुंच गया है। प्रदेश में हल्की सर्दी का दौर फिर आ गया है। दिन में ठंडी हवा चल रही है तो रात में ठंड है। रविवार की रात प्रदेश के तीन शहरों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे चल गया। प्रदेश के पूर्वी जबलपुर, सागर, शहडोल-रीवा के साथ भोपाल संभाग में भी पारा लुढ़का गया है। मौसम विभाग के मुताबिक अगले 2 दिन ऐसा ही मौसम रहेगा। इस दौरान दिन-रात के तापमान में 2 से 4 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आएगी यानी 24-25 फरवरी को भी हल्की सर्दी का एहसास होगा। शनिवार-रविवार की रात प्रदेश के 3 शहरों में पारा 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे रहा।

# थरूर को मनाने कांग्रेस ने चला बड़ा दांव-मुख्यमंत्री पद का दिया ऑफर



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर वैसे लंबे समय से अपनी पार्टी से नाराज चल रहे हैं लेकिन बढ़ती नाराजगी अनयिंत्रत हुई तो कांग्रेस नेतृत्व के खिलाफ ही उन्होंने मोर्चा खोल दिया। बीते एक सप्ताह से आ रहे उनके बयान साफ संकेत दे रहे थे कि वे जल्द कांग्रेस छोड़ेंगे और दूसरी पार्टी में शामिल हो जाएंगे। कांग्रेस भी जानती है कि थरुर एक कद्दावर नेता हैं और पार्टी को उनकी जरुरत है। शायद यही वजह है की कांग्रेस ने उन्हे मनाना शुरु कर दिया है और मुख्यमंत्री का ऑफर भी दे दिया है।

चार बार कांग्रेस से सांसद रह चुके शशि थरूर ने हाल ही में केरल कांग्रेस में नेतृत्व के अभाव को लेकर सार्वजनिक रूप से सवाल उठाए थे। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान से मुलाकात कर अपनी भूमिका को लेकर चर्चा की, जिससे यह अटकलें और तेज हो गईं कि वह पार्टी से दूरी बना सकते हैं। हालांकि, केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के सुधाकरण ने इस संभावना से इनकार किया और कहा कि थरूर न तो पार्टी छोड़ेंगे और न ही सीपीएम में शामिल होंगे।थरूर ने यह भी स्पष्ट कर दिया कि अगर कांग्रेस अगले विधानसभा चुनावों में सत्ता में आती है, तो वह मुख्यमंत्री पद की दौड़ में रहेंगे। उनका दावा है कि विभिन्न सर्वेक्षणों में उन्हें केरल में सबसे लोकप्रिय कांग्रेस नेता के रूप में दिखाया गया है। यह बयान कांग्रेस के राज्य नेतृत्व के लिए असहज करने वाला साबित हो रहा है। वहीं, कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य रमेश चेन्निथला ने थरूर को दी गई जिम्मेदारियों का हवाला देते हुए कहा कि पार्टी ने उन्हें हमेशा प्रमुख भूमिकाएं दी हैं। चेन्निथला ने कहा, कांग्रेस को थरूर की जरूरत है, तभी तो उन्हें चार बार सांसद बनाया गया, केंद्रीय मंत्री पद दिया गया और पार्टी की शीर्ष संस्थाओं में शामिल किया गया।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और तिरुवनंतपुरम से सांसद शशि थरूर की पार्टी नेतृत्व से बढ़ती नाराजगी अब खुलकर सामने आ रही है। हाल ही में उन्होंने कांग्रेस में खुद को दरकिनार किए जाने की शिकायत की और यहां तक कह दिया कि अगर पार्टी को उनकी जरूरत नहीं है, तो उनके पास विकल्प मौजूद हैं। थरूर के इस बयान से राजनीतिक गलियारों में हलचल तेज हो गई है और उनके भविष्य को लेकर अटकलों का दौर शुरू हो गया है।थरूर के हालिया बयानों ले लगता है कि कांग्रेस से उनका मोहभंग बढ़ रहा है। उनकी राष्ट्रीय स्तर पर भूमिका की मांग और मुख्यमंत्री बनने की इच्छा से पार्टी के अंदर खलबली मची हुई है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के मुरलीधरन ने कहा कि थरूर को राष्ट्रीय राजनीति में युवा वोटरों को आकर्षित करने की जिम्मेदारी दी जानी चाहिए, जबकि केरल में पार्टी के स्थानीय नेता संगठन को मजबूत करने का काम करेंगे। हालांकि, थरूर के विकल्प वाले बयान के बाद यह सवाल उठने लगे हैं कि क्या वह किसी नई राजनीतिक राह की ओर बढ़ रहे हैं या फिर कांग्रेस नेतृत्व से अपनी भूमिका को और महत्वपूर्ण बनाने के लिए दबाव बना रहे हैं। आने वाले दिनों में यह देखना दिलचस्प होगा कि कांग्रेस आलाकमान इस मामले को कैसे संभालता है और थरूर अपने अगले कदम के तौर पर क्या फैसला लेते हैं।

### थरूर को लेकर कांग्रेस में नाराजगी

थरूर के बयानों पर प्रतिक्रिया देते हुए के सुधाकरण ने उन्हें आगाह किया कि पार्टी लाइन से बाहर जाकर मीडिया में अपनी बात रखना सही तरीका नहीं है। सुधाकरण ने कहा, थरूर के पास अपनी गलतियों को सुधारने का समय है। मीडिया के माध्यम से पार्टी के खिलाफ बयान देना दुर्भाग्यपूर्ण था। किसी को भी अपनी सीमाएं पार नहीं करनी चाहिए।

## बिहार में अगला विधानसभा चुनाव मोदी-नीतीश के चेहरे पर ही लड़ा जाएगा



पटना। बिहार में बीजेपी अकेले दम पर चुनाव लड़ती है। पार्टी आम तौर पर किसी एक चेहरे पर नहीं बल्कि कई चेहरों को प्रोजेक्ट कर चुनाव में उतरती है। केंद्र की राजनीति में नरेंद्र मोदी या इसके पहले अटल बिहारी वाजपेयी के चेहरे के साथ तो लड़ती है। 2025 के बिहार विधानसभा का चुनाव एक बार फिर मोदी-नीतीश के चेहरे पर लड़ा जाएगा और इसके संकेत पीएम नरेंद्र मोदी के सोमवार को एक कार्यक्रम से दिए। नीतीश कुमार प्रगति यात्रा के दौरान नई योजनाओं के तोहफे से यह लगता रहा है कि बिहार से एनडीए का चेहरा नीतीश कुमार हैं, लेकिन बिहार विधान सभा चुनाव के दौरान प्रदेश बीजेपी, नीतीश कुमार के पीछे नहीं दौड़ती बल्कि समाज के कई चेहरों को जिम्मेदारियों देकर एक सामाजिक चेहरा भले वह कई जाति विशेष का हो। आगामी विधान सभा चुनाव 2025 के सापेक्ष भी देखें तो भूमिहार समाज उप मुख्यमंत्री विजय सिन्हा, कुशवाहा से सम्राट चौधरी, वैश्य चेहरे के रूप में बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ संजय जयसवाल को आगे कर एक जातीय समूह का चरित्र विकसित किया है। यादव के रूप में केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय, ब्राह्मण के रूप में स्वास्थ्य मंत्री मंगल पाण्डेय के रूप में सामने लाए हैं।

## कांग्रेस ने भूपेश बघेल को बनाया पंजाब का प्रभारी, पद संभालने से पहले लॉबिंग शुरु

चंडीगढ़ (एजेंसी)। कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश प्रभारी भूपेश बघेल 28 फरवरी को चंडीगढ़ आ रहे हैं। वह 1 मार्च को कांग्रेस नेताओं के साथ बैठक करेंगे। नए प्रभारी के आने से पहले गुरदासपुर सांसद और पूर्व उप मुख्यमंत्री सुखजिंदर सिंह रंधावा ने मांग की है कि पार्टी में अनुशासन तोड़ने वालों के खिलाफ समय रहते कार्रवाई की जानी चाहिए, क्योंकि कुछ नेता खुद को पार्टी से ऊपर समझते हैं। रंधावा प्रदेश प्रधान अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग के समर्थन में आ गए हैं। उनका कहना है कि राजा को पार्टी हाईकमान ने प्रदेश प्रधान बनाया है। सभी कांग्रेसियों को उनका सम्मान करना चाहिए। हालांकि उन्होंने अपने बयान में किसी नेता का नाम नहीं लिया। जिनके खिलाफ वह कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। बता दें कि कपूरथला के विधायक राणा गुरजीत सिंह ने पिछले दिनों कहा था कि वह व्यक्तिगत रूप से राणा वड़िंग को पसंद नहीं करते हैं, लेकिन पार्टी ने उन्हें प्रधान बना दिया है। इसलिए वह पार्टी के फैसल को मानते हैं। अहम बात यह हैं कि पार्टी के नए प्रभारी और छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम भूपेश बघेल के पंजाब में चार्ज लेने से पहले ही कांग्रेस में खींचतान शुरू हो गई है। एक तरफ प्रदेश प्रभारी बनने को लेकर लॉबिंग चल रही है तो दूसरी तरफ अनुशासन तोड़ने वालों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की मांग उठ रही है। रंधावा मानते हैं कि वर्तमान में 8 से 9 नेता प्रधानी के लिए दावेदार हैं। बता दें कि भूपेश बघेल 28 फरवरी को चंडीगढ़ आ रहे हैं। वह 1 मार्च को पार्टी के नेताओं के साथ बैठक करेंगे। प्रभारी बनने के बाद यह उनका पहला दौरा होगा। कांग्रेस में अनुशासनहीनता कोई नया मुद्दा नहीं है। 2021 में नवजोत सिंह सिद्धू ने तत्कालीन सीएम कैप्टन अमरिंदर सिंह के खिलाफ मोर्चा खोला था। यह लड़ाई इतनी प्रबल हुई की कैप्टन को सीएम की कुर्सी छोड़नी पड़ी थी। उसके बाद सिद्धू ने तत्कालीन सीएम चरणजीत सिंह चन्नी के खिलाफ मोर्चा खोला। सिद्धू और चन्नी की लड़ाई के कारण कांग्रेस को 2022 में सत्ता गंवनी पड़ी। इसके बाद सिद्धू की जगह पार्टी ने राजा वड़िंग को प्रदेश प्रधान की जिम्मेदारी सौंपी थी। तत्कालीन प्रदेश प्रभारी हरीश चौधरी ने सिद्धू को कारण बताओ नोटिस जारी किया लेकिन बाद में उसे ठंडे बस्ते में डाल दिया गया था। ऐसे में अब सबकी नजरें बघेल पर टिकी हुई हैं।

## कांग्रेस में जल्द होगी संगठनात्मक सर्जरी, प्रियंका गांधी को मिलेगी जिम्मदारी !



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस कई राज्यों में चुनाव हार चुकी है। दिल्ली विधानसभा चुनाव में कांग्रेस का रिजल्ट जीरो रहा है। ऐसे में पार्टी के लिए लगातार हार चिंता का कारण बन रही है। यही वजह है कि कांग्रेस चुनाव प्रबंधन तंत्र मजबूत करने के लिए विचार विमर्श कर रही है। इसकी कमान प्रियंका गांधी को सौंपी जा सकती है।

कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) में भी व्यापक बदलाव किए जाने की संभावना है। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने 'निष्क्रिय' सदस्यों को हटाने का फैसला कर लिया है। इनमें एके एंटनी, अंबिका सोनी, मुकुल वासनिक और आनंद शर्मा शामिल हैं। दरअसल, पार्टी नेतृत्व को 36 सदस्यीय सीडब्ल्यूसी में कुछ नवनियुक्त पदाधिकारियों को शामिल करना है और इस वजह से कार्यसमिति में कुछ नई जगह बनानी होंगी। जयराम रमेश, गौरव गोगोई, रणदीप सुरजेवाला और चरणजीत सिंह चन्नी की भी जगह खाली हो रही है। गौरव गोगोई को असम में कांग्रेस का चेहरा बनाए जाने की संभावना है, जहां अगले साल की शुरुआत में चुनाव है। सुरजेवाला हरियाणा और चन्नी पंजाब में कांग्रेस इकाइयों का नेतृत्व करने की इच्छा रखते हैं। पिछले हफ्ते चन्नी का नाम एआईसीसी महासचिव के रूप में प्रस्तावित हुआ था, लेकिन उन्होंने यह कहते हुए हाथ जोड़ लिए कि उनकी ज्यादा दिलचस्पी तो पंजाब की राजनीति में है।

कांग्रेस सूत्रों के अनुसार पार्टी नेतृत्व रजनी पाटिल (हिमाचल प्रदेश और चंडीगढ़ की प्रभारी महासचिव), बीके हरिप्रसाद (हरियाणा), हरीश चौधरी (मध्य प्रदेश), गिरीश चोडनकर (तमिलनाडु और पुडुचेरी), अजय कुमार लल्लू (ओडिशा), के। राजू (झारखंड), मीनाक्षी नटराजन (तेलंगाना), सप्तगिरी शंकर उल्का (मणिपुर, त्रिपुरा, सिक्किम और नगालैंड) और कृष्णा अल्लावरु (बिहार) को सीडब्ल्यूसी में शामिल करना चाहता है और इसलिए भी कुछ मौजूदा सदस्यों को हटाना जरूरी हो जाता है। दरअसल, कांग्रेस पार्टी के संविधान के अनुसार एआईसीसी महासचिवों को सीडब्ल्यूसी का सदस्य होना अनिवार्य है। इसी कारण इन पदाधिकारियों को पूर्णकालिक एआईसीसी महासचिव के बजाय 'प्रभारी' (इन-चार्ज) के रूप में नामित किया गया है। सीडब्ल्यूसी में शामिल होने के बाद वे पार्टी महासचिव के रूप में कार्य कर सकेंगे।

## राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सुनवाई 6 मार्च तक स्थगित

सुलतानपुर (एजेंसी)। लोकसभा में विपक्ष के नेता और रायबरेली से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के एक मामले में सुलतानपुर की विशेष एमपी-एमएलए अदालत ने सोमवार को मामले की सुनवाई वादी के वकील द्वारा हाजिरी माफी की अर्जी दिये जाने के कारण आगामी छह मार्च तक के लिए स्थगित कर दी। राहुल गांधी के वकील काशी प्रसाद शुक्ला ने बताया कि 11 फरवरी को सुनवाई की पिछली तारीख में शिकायतकर्ता से जिरह की गई थी। जिरह पूरी होने के बाद 24 फरवरी की तारीख तय की गई थी लेकिन चूंकि शिकायतकर्ता के वकील संतोष कुमार पांडे हाजिरी माफी मांगते हुए आज अदालत में पेश नहीं हुए इसलिए न्यायालय ने अगली सुनवाई की तारीख छह मार्च तय की है। यह मामला साल 2018 के कर्नाटक विधानसभा चुनावों के दौरान गृह मंत्री अमित शाह के बारे में गांधी द्वारा की गई कथित आपत्तिजनक टिप्पणी से जुड़ा है। इस मामले में स्थानीय भाजपा नेता मिश्रा ने परिवाद दायर किया था। कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के हनुमानगंज के रहने वाले मिश्रा ने 2018 में दर्ज कराये गये मामले में आरोप लगाया था कि गांधी ने वर्ष 2018 में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह के खिलाफ अभद्र टिप्पणी की थी जिससे उन्हें ठेस पहुंची है। पिछले पांच वर्षों में इस मामले में कई बार कार्यवाही हुई, लेकिन गांधी अदालत में पेश होने में विफल रहे। दिसंबर 2023 में वारंट के बाद गांधी अदालत में पेश हुए। फरवरी 2024 में कांग्रेस नेता ने समन का पालन किया और विशेष मजिस्ट्रेट ने उन्हें 25-25 हजार रुपये के मुचलकों पर जमानत दे दी। इसके बाद अदालत ने उन्हें अपना बयान दर्ज कराने का निर्देश दिया, जो कई बार स्थगन के बाद आखिरकार 26 जुलाई 2024 को पूरा हुआ। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने अदालत में खुद को निर्दोष बताते हुए दावा किया था कि यह मामला उनके खिलाफ राजनीतिक साजिश का हिस्सा है।


## आईफा 2025 : बॉलीवुड का सबसे बड़ा जश्न, जयपुर में




मुंबई(एजेंसी)। भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े जश्न का समय आ गया है। इंटरनेशनल इंडियन फिल्म एकेडमी (आईफा) वीकेंड और अवॉर्ड्स अपने 25वें संस्करण के साथ इतिहास रचने जा रहा है। इस बार आईफा का यह भव्य उत्सव 8 और 9 मार्च, 2025 को राजस्थान की रंगीन और सांस्कृतिक राजधानी जयपुर में होने जा रहा है। जयपुर की शाही विरासत और ऐतिहासिक भव्यता के बीच, आईफा के सिल्वर जुबली एडिशन का यह आयोजन अब तक का सबसे भव्य समारोह बनने जा रहा है। यह सिर्फ एक अवॉर्ड नाइट नहीं, बल्कि सिनेमा की कला, इनोवेशन और कहानी कहने की ताकत को सलाम करने वाला एक ऐतिहासिक पल होगा। इस खास मौके पर भारतीय सिनेमा की वैश्विक पहचान का जश्न मनाया जाएगा, जहाँ दर्शकों और इंडस्ट्री के दिग्गजों का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। सितारों से सजी एक यादगार शाम आपका इंतजार कर रही है! आईफा 25 का हिस्सा बनें, गुलाबी नगर जयपुर में इतिहास रचने के लिए तैयार हो जाइए! 8 मार्च- जब डिजिटल दुनिया होगी सितारों से रोशन भारतीय सिनेमा का सबसे बड़ा जश्न; आईफा का सिनेमाई रंग अब डिजिटल और ओटीटी एंटरटेनमेंट तक पहुँचेगा; सोभा रियल्टी आईफा डिजिटल अवॉर्ड्स, को-प्रेजेंटेड बाय नेक्सा, डिजिटल क्रिएटिविटी और नवाचार का भव्य उत्सव लेकर आ रहा है । इस खास मौके को विजय वर्मा, अभिषेक बनर्जी और अपारशक्ति खुराना करेंगे होस्ट, जहाँ ओटीटी के शानदार टैलेंट को मिलेगा सम्मान। आईफा डिजिटल अवॉर्ड्स में नोरा फतेही अपनी स्टनिंग परफॉर्मेंस से मंच पर लगाएँगी आग संगीत की जादूगरनी श्रेया घोषाल अपनी सुरीली आवाज से इस शाम को बनाएँगी और भी यादगार संगीतकार जोड़ी सचिन-जिगर पहली बार आईफा स्टेज पर अपनी एनर्जेटिक परफॉर्मेंस से मचाएँगे धमाल मीका सिंह की हाई-वोल्टेज परफॉर्मेंस से झूमेंगे सभी, तैयार हो जाइए जबरदस्त एंटरटेनमेंट के लिए। 9 मार्च- सिनेमा की सुनहरी शाम आईफा ग्रैंड फिनाले का धमाकेदार आगाज; इस यादगार आयोजन को करण जौहर और कार्तिक आर्यन करेंगे होस्ट नेक्सा प्रेजेंट्स आईफा अवॉर्ड्स, को-प्रेजेंटेड बाय सोभा रियल्टी, भारतीय सिनेमा की उत्कृष्टता का सम्मान करेगा।

## दिल्ली में सीएम दफ्तर से हटाई गई डॉ आंबेडकर और भगत सिंह की तस्वीर

### -पूर्व सीएम केजरीवाल और नेता विपक्ष आतिशी ने जताया विरोध



नई दिल्ली (एजेंसी)। आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि विधानसभा में सीएम रेखा गुप्ता के दफ्तर से संविधान निर्माता भीमराव आंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीर हटा दी गई है। पूर्व सीएम आतिशी ने कहा कि ये बीजेपी की दलित विरोधी राजनीति को दर्शाती है। नेता प्रतिपक्ष आतिशी ने कहा कि दिल्ली सरकार में अरविंद केजरीवाल के बतौर सीएम रहते हुए उनके कार्यकाल में हर सरकारी दफ्तर में डॉ आंबेडकर और शहीद भगत सिंह की तस्वीर लगी थी, लेकिन आज जब हम दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता से मिलने विधानसभा स्थित उनके कार्यालय में पहुंचे तो देखा कि दोनों ही तस्वीकर सीएम कार्यालय से हटा दी गई हैं, आप ने इसका विधानसभा में पुरजोर विरोध किया।

आप ने दावा किया कि सीएम कार्यालय में अब पीएम नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और महात्मा गांधी की तस्वीर लगी है। दिल्ली के पूर्व सीएम और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी फोटो हटाने को लेकर आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की नई बीजेपी सरकार ने बाबा साहेब की तस्वीर हटाकर पीएम मोदी की फोटो लगा दी है ये सही नहीं है।

उन्होंने कहा कि इससे बाबा साहेब आंबेडकर के करोड़ो अनुयायियों को ठेस पहुंची है। उन्होंने कहा कि मेरी बीजेपी से प्रार्थना है। आप पीएम की फोटो लगा लीजिए लेकिन बाबा साहिब की फोटो तो मत हटाइए। उनकी फोटो लगी रहने दीजिए।

तस्वीरों को लेकर दिल्ली विधानसभा में जमकर हंगामा हुआ। आतिशी ने नए स्पीकर विजेंद्र गुप्ता को बधाई देने के साथ कहा कि तस्वीरों को हटाना अपमानजनक है। इसको लेकर आप विधायक भी हंगामा करते दिखे। इसपर स्पीकर ने कहा कि शिष्टाचार संबोधन था। राजनीतिक मंच नहीं बनाना चाहिए था। मैं कड़े शब्दों में आतिशी के व्यवहार की निंदा करता हूं।

# उप्र चुनाव में क्या मुस्लिम समुदाय की हितैशी बनेगी राहुल गांधी की पार्टी



नई दिल्ली (एजेंसी)। कांग्रेस विधानसभा चुनाव की तैयारी में अभी से जुट गई है। प्रदेश कार्यकारिणी से लेकर जिला-शहर व ब्लाक स्तर तक नई कमेटियों का गठन होना है। कांग्रेस ने रणनीति के तहत बसपा पर भी हमला तेज किया है। दिल्ली चुनाव में सपा ने आप (आम आदमी पार्टी) का सहयोग कर जिस तरह कांग्रेस पर दबाव बनाने का प्रयास किया, उसके पलटवार में कांग्रेस मुस्लिम समुदाय की हितैशी बनकर साइकिल की हवा निकालने की कोशिश करेगी।

राहुल गांधी ने रायबरेली में बसपा सुप्रीमो मायावती के दलित समाज के लिए गए कार्यों की प्रशंसा करते हुए लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन का हिस्सा न बनने को लेकर आलोचना भी की। इससे साफ है कि कांग्रेस अपने पुराने वोटबैंक को लुभाने की जुगत में तो है पर मायावती पर सीधा हमला बोलकर खास वर्ग को नाराज भी नहीं करना चाहती। राहुल ने संगठन को हर स्तर पर सक्रिय किए जाने का संदेश भी दिया। कांग्रेस अगले विधानसभा चुनाव में छोटे दलों को साथ मिलाकर अपनी राह तय करने का प्रयास करेगी।

पार्टी सूत्रों के अनुसार इस बार प्रदेश कार्यकारिणी में 200 से अधिक पदाधिकारी होंगे। इनमें लगभग 20 उपाध्यक्ष, 40 महासचिव व 140 से अधिक सचिव होंगे। पार्टी महासचिव व सचिव को जिलों के बजाए विधानसभा वार जिम्मेदारी देने की तैयारी है। जिससे वह बूथ स्तर तक अपनी गतिविधियों को बढ़ा सके। प्रदेश, जिला व शहर कमेटियों के पुनर्गठन के लिए नामों की सूची तैयार कर ली गई है। प्रदेश अध्यक्ष अजय राय महाशिवरात्रि के बाद सूची लेकर दिल्ली जाएंगे, जहां प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय से विमर्श के बाद सूची केंद्रीय नेतृत्व को सौंपी जाएगी। होली तक नई कार्यकारिणी घोषित हो सकती है। पिछली प्रदेश कार्यकारिणी का गठन नवंबर 2023 में हुआ था, जिसमें 16 उपाध्यक्ष, 38 महासचिव व 76 सचिव शामिल थे।

कुशीनगर के हाटा स्थित मदनी मस्जिद में बुलडोजर चलाए जाने के बाद जिस तरह कांग्रेस अल्पसंख्यक वर्ग के समर्थन में खुलकर खड़ी हुई और सहयोगी दल सपा के नगर पंचायत अध्यक्ष की भूमिका पर सवाल खड़े किए, उससे साफ है कि पार्टी आगे इस रणनीति को और धार देगी। दोनों दलों के बीच आगे खींचतान और बढ़ेगी। कांग्रेस की दूसरी नजर वंचित समाज पर है। इस एजेंडे को पूरा करने के लिए पार्टी नई प्रदेश कार्यकारिणी दलित-मुस्लिम के साथ पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाने की तैयारी में है। सभी वर्गों को हिस्सेदारी देने के लिए कार्यकारिणी का स्वरूप भी बड़ा होगा।

नवबिहार मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ. रामाज्ञा तिवारी द्वारा विश्वेश्वरा पब्लिकेशनंस एलएलपी की ओर से शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पंप, रातू, रांची (झारखंड)- 835222 से मुद्रित एवं उद्योग भवन मार्ग, 19 A कोकर औद्योगिक क्षेत्र रांची- 834001 (झारखंड) से प्रकाशित। **संपादक- डॉ. रामाज्ञा तिवारी, प्रबंध संपादक- पंकज कु. सिंह***, **प्रधान संपादक- देवेंद्र सिंह** (*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार), **प्रबंधक- नरेंद्र कुमार सिंह.** 9334331934, 9386895799, 9507466535, **RNI Regn.: JHAHIN/2011/40902**